e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 83
बुधवार
26.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिन लोगो को हम अपना कहकर बुलाते है, वह भी अपनी औकात दिखाकर जाते है!

**रोजा का समय**
इफ्तार (26.03.25) : शाम 6.03 बजे
सेहरी (27.03.25) : सुबह 4.24 बजे





कैबिनेट का फैसला : आधार से बैंक खाता लिंक नहीं होने पर भी मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि

# हेमंत सरकार के फैसले से महिलाओं में खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मंईयां सम्मान योजना का लाभ अब उन महिलाओं को भी मिलेगा जिनका अकाउंट आधार नंबर से लिंक्ड नहीं है. हेमंत सरकार ने वैसी सभी महिलाओं को मार्च 2025 तक सम्मान राशि देने का फैसला किया है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार 25 मार्च को हुई कैबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद ने दिसंबर 2024 तक आधार लिंक बैंक खाता की अवधि बढ़ाते हुए इसे मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी है. सरकार के इस फैसले से महिलाओं में खुशी लहर है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में किए गए इस आंशिक संशोधन की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान की गई. कैबिनेट ने झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विशेष छूट विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति प्रदान की है. एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कैबिनेट ने झारखंड सचिवालय सेवा अंतर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की कोटि से प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति से संबंधित झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली 2010 के अंतर्गत सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रावधान को एक वारीय सुविधा के रूप में शिथिल करने की स्वीकृति प्रदान की है.



## कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

### तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार बर्खास्त

मनरेगा योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में निलंबित लातेहार के मनिका के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार की सेवा बर्खास्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई. प्रधान महालेखाकार कार्यालय में राज्य कर्मियों से संबंधित कार्यों के लिए जारी डिजिटलीकरण के लिए मंत्रिपरिषद ने 50 लाख 3 हजार सात सौ का वित्तीय सहायता की स्वीकृति प्रदान की है. मंत्री परिषद ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत कार्य संविदा में संबंधित भुगतान के एक प्रस्ताव में निर्माण कार्य श्रेणी में दिनांक 18.7.2022 से प्रभावी जीएसटी दर 12त्न के स्थान पर 18त्न की वृद्धि के अंतर राशि की स्वीकृति प्रदान की है.



### इंटरमीडिएट व स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3451 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई

इंटरमीडिएट व स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3451 पदों की स्वीकृति प्रदान की गईमंत्री परिषद ने झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा पारित आदेश के अनुसार 6 कर्मियों की सेवा नियमितिकरण करने की स्वीकृति प्रदान की है. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक विप्राण्या की घटनाओं का स्वीकृति के साथ-साथ झारखंड इकोनामिक सर्वे 2024-25 को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने के संबंध में घटनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई.वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्राक्कलन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.

कैबिनेट ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने की कोशिश की गई है. इसके लिए राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 20825 पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 29175 पद सवीकृत किए गए हैं. कुल 50000 स्वीकृत पदों में से इंटरमीडिएट स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 2399 पद एवं स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद यानी कुल 3451 पद की स्वीकृति प्रदान की गई.

# सदन में फिर उठा निजी स्कूलों की मनमानी का मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा में आज भी निजी स्कूलों की मनमानी का मामला जोर शोर से उठा. बीजेपी विधायक प्रदीप प्रसाद के अल्प सूचित प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मनमानी को रोकने के लिए जिला स्तर की समिति अगर अनुशंसा करेगी तो कानून बनाने की दिशा में पहल की जाएगी. भाजपा विधायक प्रदीप यादव का सवाल था कि झारखंड में जैक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के तहत पढ़ाई होती है लेकिन सभी निजी स्कूल अपने-अपने तरीके से एडमिशन फीस और ट्यूशन फीस वसूलते हैं, लिहाजा सरकार को कानून बनाकर फीस की राशि में एकरुपता लानी चाहिए. इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि न्यायाधिकरण तो बना है लेकिन उसकी नियमित बैठक नहीं होती है. उन्होंने कहा कि उपायुक्त की अध्यक्षता में नियमित बैठक होनी चाहिए. बैठक की सूचना जनप्रतिनिधियों को कुछ समय पहले दी जाना चाहिए. वहीं भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हर साल री-एडमिशन के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है. जवाब में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि निजी स्कूल फीस तय करने को लेकर स्वतंत्र हैं. इस पर नियंत्रण के लिए स्कूल स्तर पर शुल्क समिति और उससे ऊपर जिला स्तरीय समिति है. गड़बड़ी पाये जाने पर निजी स्कूलों पर पेनल्टी 50 से शुरू होकर ढाई लाख तक लगाई जा सकती है. राज्य सरकार के गजट की कॉपी को सभी जिलों में भिजवाया जाए. साथ ही उपायुक्त के स्तर पर नियमित बैठक हो, इसकी व्यवस्था की जाएगी. मंत्री ने कहा कि स्कूलों की मनमानी के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर हुई थी, जो बाद में खारिज हो गयी.

**शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि निजी स्कूल फीस तय करने को लेकर स्वतंत्र हैं. इस पर नियंत्रण के लिए स्कूल स्तर पर शुल्क समिति और उससे ऊपर जिला स्तरीय समिति है. गड़बड़ी पाये जाने पर निजी स्कूलों पर पेनल्टी 50 से शुरू होकर ढाई लाख तक लगाई जा सकती है. राज्य सरकार के गजट की कॉपी को सभी जिलों में भिजवाया जाए.**

## क्विक न्यूज

### नक्सली मुठभेड़ में जवानों को मिली सफलता, उप मुख्यमंत्री साव ने सुरक्षाबलों के साहस और वीरता को किया नमन

**रायपुर :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर निवास में आज मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि बीजापुर दंतेवाड़ा नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया है। इस सफलता के लिए जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि सुरक्षाबलों के साहस और पराक्रम को नमन करता हूं। देश और प्रदेश में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रही है।

### जम्मू-कश्मीर को संशोधन विधेयक के जरिए मिला केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विरोध के बावजूद मंगलवार को एक संशोधन विधेयक के जरिये राज्य को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दे दिया गया। सदन में विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह एक वास्तविकता है कि जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश है। विरोध करने के बाद विधेयक को एनसी, कांग्रेस और उनके सहयोगियों के समर्थन से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एनसी के नेतृत्व वाली सरकार के पहले विधेयक पर कश्मीर आधारित विपक्ष ने विरोध जताया है।

### सिंगरौली बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में लगी भीषण आग, क्लीनर की जिंदा जलने से मौत

**सिंगरौली :** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला मुख्यालय स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई। इस हादसे में एक बस में सो रहे क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों बसें जलकर खाक हो गईं। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है।ट्रैफिक थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे सिंगरौली अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर खड़ी विजय ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी-33, ई-0813 में अचानक आग लग गई।

### प्रिया जायसवाल बनी बिहार टॉपर, जारी हुआ बिहार बोर्ड की कक्षा 12वीं का रिजल्ट

**पटना :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। इस साल कुल 86.50त्न छात्रों ने परीक्षा पास की है। इस साल कॉमर्स विषयों के छात्रों का पास प्रतिशत सबसे ज्यादा 94.77त्न दर्ज हुआ है।बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि 86.50 फीसदी छात्रों ने 12वीं की परीक्षा पास की। घोषित किए गए नतीजों के मुताबिक, बिहार में प्रिया जायसवाल (पश्चिम चंपारण) ने 484 नंबर्स के साथ साइंस में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, आकाश कुमार (अरवल) ने 480 नंबर के साथ दूसरा स्थान और पटना के रवि कुमार 478 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### मोदी सरकार की नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया: अमित शाह

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों जेके पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट के अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है।अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया,कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया गया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा ने एक राष्ट्, एक चुनाव पर जेपीसी का कार्यकाल मानसून सत्र, 2025 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। भाजपा सांसद पीपी चौधरी द्वारा प्रस्ताव पेश किया गया। इधर तमिलनाडु और अन्य राज्यों के लिए मनरेगा बकाया को लेकर विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में जमकर हंगामा किया। हंगामे की वजह से लोकसभा दोपहर तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसद ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी के तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा बकाया के भुगतान से संबंधित जवाब से असंतुष्ट थे। डीएमके सांसद सदन के वेल में आ गए, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस के कुछ सांसद भी आ गए। स्पीकर ओम बिरला ने उनसे अपनी सीटों पर वापस जाने का आग्रह किया, लेकिन जब वे नहीं माने, तो सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार हिमालयी क्षेत्रों में हिमस्खलन के खतरों से अवगत है। यह मानव जीवन और संपत्ति के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकते हैं। जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन एक आवर्ती प्राकृतिक घटना या आपदा है। सरकार खतरनाक क्षेत्रों में हिमस्खलन की बेहतर पूर्व चेतावनी और पूर्वानुमान के लिए प्रभावी रूप से प्रौद्योगिकियों का उपयोग करती है।

# अगले 5 दिनों में बढ़ेगी भीषण गर्मी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह से देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जाएगी. विशेष रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 4-5 दिनों के दौरान तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है. वहीं मध्य भारत और महाराष्ट्र के इलाकों में ये बढ़ोतरी 2-4 डिग्री तक रह सकती है.गुजरात में इस महीने की शुरुआत में हीटवेव (लू) का सामना करने के बाद एक बार फिर गर्म और उमस भरे मौसम की वापसी हो रही है. इस हफ्ते के शुरुआती दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा रहने की उम्मीद है. महाराष्ट्र के कोंकण और विदर्भ क्षेत्र में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा.

अब तक पश्चिमी गुजरात, कोंकण, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र और ओडिशा से सटे छत्तीसगढ़ में लू की स्थिति दर्ज की गई है. मार्च में अब तक सामान्य से ज्यादा बारिश केवल केरल, तमिलनाडु, झारखंड और उत्तराखंड में हुई है. दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में अब तक सामान्य से 40त्न ज्यादा बारिश दर्ज की गई है जबकि अन्य क्षेत्रों में ये औसत से कम रही है.

आईएमडी का कहना है कि देश के अन्य हिस्सों में गर्मी का असर बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में लू की स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है. ऐसे में मौसम विभाग की सलाह है कि लोग धूप में निकलते समय सावधानी बरतें और खुद को ज्यादा से ज्यादा हाइड्रेटेड रखें.

# रिश्वत लेते रमना का बीपीओ अरेस्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कारवाई करते हुए घुस लेते हुए रमना प्रखंड के बीपीओ प्रभु कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार बीपीओ से एसीबी के अधिकारियों ने पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रमना निवासी शिवशंकर राम के माँ के नाम पर मनरेगा के अंतर्गत डोभा निर्माण कार्य किया जा रहा था।डोभा के निर्माण कार्य के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र पर बीपीओ प्रभु कुमार को हस्ताक्षर करना था।आरोप है कि बीपीओ प्रभु कुमार द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 12 हजार रुपये की मांग किया जा रहा था।पूरे मामले में शिवशंकर राम की तरफ से पलामू प्रमंडलीय एसीबी से शिकायत किया गया था।

शिकायत के सत्यापन के बाद मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप लगा कर 12 हजार रिश्वत लेने के आरोप में बीपीओ प्रभु कुमार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभु कुमार गढ़वा के गढिया गाव के निवासी है। प्रभु कुमार रमना प्रखंड में बीपीओ के पद पर तैनात थे।

# लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है।इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है।

# हेरिटेज स्थल पर मिले पुर्तगाली काल के तोप के गोले

एजेंसी

**गोवा :** गोवा में एक हेरिटेज स्थल पर पुर्तगाली काल के तोप के गोले मिले हैं, जिसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने वहां चल रहे काम को अस्थायी रूप से रोक दिया है।अधिकारियों के अनुसार, यह काम पुराने गोवा में एक चर्च के पास चल रहा था, जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रसाद (तीर्थ कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन) योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देना था। इस योजना के तहत पर्यटक सुविधा केंद्र, पार्किंग स्थल और अन्य सुविधाओं का निर्माण करना था। एएसआई के सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. किशोर रघुवंश ने सोमवार को इस संबंध में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि निकासी कार्य के दौरान ये तोप के गोले मिले। इस घटना के बाद, एएसआई ने पर्यटन विभाग को फोटोग्राफी, रेखाचित्र और रिपोर्ट के माध्यम से उचित दस्तावेजीकरण करने के लिए काम रोकने का निर्देश दिया। रघुवंश ने कहा,यह प्रक्रिया चल रही है और इसमें कुछ समय लगने की उम्मीद है।



## बभंडी मंदिर को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने के लिये सांसद ने सदन में आवाज उठाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** लोकसभा के पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड के ग्राम बभंडी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर को प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में किकसित करने एवं राधा कृष्ण महोत्सव कराने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। विदित है कि इस ऐतिहासिक मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुयी थी। पलामू के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 रघुवंश नारायण सिंह जी एवं स्थानीय जिला प्रशासन के प्रयासों से इस मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं एवं इस क्षेत्र की स्थानीय जनता के द्वारा बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग लगातार की जा रही है। इससे इस मंदिर को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है और इसे बंशीधर नगर मंदिर से जोड़कर एक व्यापक राधा कृष्ण धार्मिक पर्यटन सर्किट का हिस्सा बनाएं जाने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिससे आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से मॉग करता हूँ कि केन्द्र सरकार की सांस्कृतिक एवं धरोहर संबंधी योजनाओं के तहत राधा कृष्ण महोत्सव को वित्तीय सहायता एवं आधिकारिक मान्यता प्रदान करने की कृपा की जाय। ताकि इस मंदिर को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

## मेदिनीनगर रामनवमी पूजा समिति ने आरसीयू के कुलाधिपति को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** मेदिनीनगर रामनवमी पूजा समिति ने रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी को सम्मानित किया. बिश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में मेदिनीनगर रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को तलवार व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया.इसके अलावे युगल किशोर चंद्रवंशी ने डॉ ईश्वर सागर को रामनवमी के दिन मेदिनीनगर आने का निमंत्रण भी दिया.जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया.डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी के नेतृत्व में मेदिनीनगर शहर में सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन होता है.मौके पर विजय चंद्रवंशी सहित रामनवमी पूजा समिति के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे.

## रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में मंगलवार को आगामी रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. जिसकी अध्यक्षता बीडीओ, बिनय कुमार तथा संचालन थाना प्रभारी बिमल कुमार ने किया. बीडीओ, सीओ जितेंद्र कुमार व थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के सदस्यों से रामनवमी के उपलक्ष्य पर जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी लिया. साथ ही पूजा संचालकों को निर्धारित रास्ते से समय सीमा के अंदर जुलूस निकालने पर चर्चा किया. वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में उपस्थित रहकर शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया. थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष निगरानी रखने के साथ अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. मौके पर एसआई मनोज राणा मुंशी रविकांत राय जिप सदस्य ददन पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, समाजसेवी संदीप पासवान, गौतम राज, अरुण मिश्रा, सुनील सिंह, विजय मेहता विजय प्रसाद यादव, बिंदेश्वरी पाठक, कपिलदेव राम, जयप्रकाश सिंह शौर्य प्रताप सिंह राजू सिंह विश्वनाथ राम सागर सिंह खाणु सिंह अंशु मिश्रा निसार अहमद मो. कयामुद्दीन सहित निर्वाचितजनप्रतिनिधि एवं दोनों समुदाय के काफी संख्या में लोग मौजूद थें।

## रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** मंगलवार को सतबरवा पुलिस द्वारा थाना परिसर में इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो की अगुआई में शांति समिति की बैठक आयोजित कर आगामी रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ त्यौहारों को सौहार्द, प्रेम और भाईचारा के साथ संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई।रामनवमी में विभिन्न अखाड़ों से उनकी गतिविधियों की जानकारी सतबरवा पुलिस द्वारा ली गई।बैठक का संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने की। बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने भाग लिया। इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने बताया कि अफवाहों पर धान ना देते हुए किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना पुलिस को दें। शांति और भाईचारा के साथ त्यौहारों को संपन्न करना हमसब की जिम्मेदारी है। हुड़दंग और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में एसआई सुबोध कुमार, एसआई बसंत महतो, एएसआई बसंत दुबे, एएसआई अमित उपाध्याय, एएसआई जोगेश चंद्र बोईपाई सहित पुलिस बल के अधिकारियों के साथ साथ अवधेश सिंह चेरो, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रमोद यादव, अजय उरांव, मुखिया गिरवर राम, रवि प्रसाद, आशीष सिन्हा, जुबेर खान, सोबराती अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## विकास मद की राशि का हेराफेरी, प्रधान ने कार्रवाई के डर से रंग रोगन का काम किया अधूरा

**मामला प्रकाश में आने पर प्रधान के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई, ठंडे बस्ते में पड़ी जांच रिपोर्ट**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत के राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमहवां में विकास मद की राशि का प्रधानाध्यापक द्वारा फर्जी बिल लगाकर विद्यालय अनुदान राशि का निकासी कर लिया गया था। जब मामला प्रकाश में आया तो प्रधानाध्यापक ने आनन-फानन में रंग रोगन का काम विद्यालय का अगले हिस्से में किया और वहीं पिछले हिस्से को पुनः वैसे ही छोड़ दिया जबकि विद्यालय का रंग रोगन का काम पूरे विद्यालय में करना था लेकिन मामला प्रकाश में आने पर प्रधानाध्यापक द्वारा कार्रवाई से बचने के लिए आधा अधूरा काम कर दिया गया। जिससे साफ पता चलता हैं कि विकास मद की राशि में प्रधानाध्यापक द्वारा हेराफेरी की गई थीं। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विकास मद की राशि का मामला प्रकाश में आने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जांच का निर्देश दिया था। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा विद्यालय में जाकर जांच की गई लेकिन उनके द्वारा जांच किए हुए तीन दिन गुजर चुके लेकिन प्रधानाध्यापक पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया और कार्रवाई की जगह मामले को प्रखण्ड अधिकारियों द्वारा ठंडे वस्ते में रखने का काम किया जा रहा हैं।

## रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सतबरवा पुलिस द्वारा थाना परिसर में इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो की अगुआई में शांति समिति की बैठक आयोजित कर आगामी रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ त्यौहारों को सौहार्द, प्रेम और भाईचारा के साथ संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। रामनवमी में विभिन्न अखाड़ों से उनकी गतिविधियों की जानकारी सतबरवा पुलिस द्वारा ली गई।बैठक का संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने की।बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने भाग लिया।इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने बताया कि अफवाहों पर धान ना देते हुए किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना पुलिस को दें।शांति और भाईचारा के साथ त्यौहारों को संपन्न करना हमसब की जिम्मेदारी है।हुड़दंग और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।बैठक में एसआई सुबोध कुमार, एसआई बसंत महतो, एएसआई बसंत दुबे, एएसआई अमित उपाध्याय, एएसआई जोगेश चंद्र बोईपाई सहित पुलिस बल के अधिकारियों के साथ साथ अवधेश सिंह चेरो, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रमोद यादव, अजय उरांव, मुखिया गिरवर राम, रवि प्रसाद, आशीष सिन्हा, जुबेर खान, सोबराती अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भंडरा थाना परिसर में सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि 31 को ईद है, इसमें ईदगाह और मस्जिद में नमाज पढ़ी जाएगी। सरहुल में 31 को उपवास,1 को झखरा में पुजा किया जाएगा। झखरा के बाद गांव के पाहन घर घर जाकर फूलखोसी करते है और 3 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सभी गांव से 24 खोड़हा शोभा यात्रा के रुप में गाजा बाजा के साथ भंडरा आते है और यहां मिलन होने के बाद सभी शाम में अपने अपने घर लौटेंगे। रामनवमी 6 अप्रैल को है इस दिन भंडरा में भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में 32 अखाड़ा के अखाड़ेधारी झंडा लेकर नाचते गाते हुए आते है। भंडरा मेला परिसर में झंडा मिलन होता है साथ ही रामनवमी मेला लगता है। रामनवमी और सरहुल जुलूस के दौरान बैरिकेडिंग, आवागमन का रुट डाइवर्ट, अतिरिक्त पुलिस बल, चिकित्सा व्यवस्था,महिला पुलिस बल सहित अन्य सुविधा का मांग की गई। प्रशासन की बताया गया कि जुलूस पूर्व में तय मार्ग से निकलेगा, वाहन और साउंड से संबंधित व्यक्ति का पूरा विवरण थाना में उपलब्ध कराये। सभी चौक चौराहों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी, जुलूस तय समय पर निकले जिससे समस्त आयोजन समय पर पूर्ण हो। सोशल मिडिया में भ्रामक प्रचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। 4 और 6 अप्रैल को रुट डाइवर्ट करने की बात कही। मौके पर इंस्पेक्टर सुधीर प्रसाद, प्रमुख बरिया देवी बीडीओ प्रतिमा कुमारी सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, मुखिया सुमित उरांव, परमेश्वर महली, कइली उरांव, सुमन्ति तिग्गा, ईश्वरी मोहन शर्मा, किस्सा साहू, आफताब आलम, परवेज अंसारी, शशिकांत उरांव, बालकृष्णा सिंह, हुमन साहू, बबलू उरांव, मोहन उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## नकली शराब फैक्ट्री से 40 लाख की स्प्रिट व शराब बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नकली व अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद अधीक्षक एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने बड़ी करवाई करते हुए नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव के दो घरों में छापमारी कर 550 गैलन स्प्रिट व लगभग डेढ सौ पेटी नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तार भी किया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। बरामद स्प्रिट व नकली अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग एक करोड़ बताया जा रहा है। कई घंटो तक चली छापमारी उत्पाद अधीक्षक श्री संजीव कुमार देव ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार के रात्रि मे महुअरी गांव के धीरज सिंह के घर में छापमारी करके उक्त बरामदगी की गई। इस मामले मे धीरज सिंह व एक अन्य व्यक्ति की गिरफ्तार किया गया है।लगातार कई घंटो तक चली छापमारी और काफी मशक्क़त के बाद स्प्रिट व नकली अंग्रेजी शराब बरामद किये गए हैं। उत्पाद अधीक्षक श्री संजीव कुमार देव ने बताया कि बिहार के कुछ शराब माफिया धीरज सिंह के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर अवैध धंधा करते थे। स्प्रिट से नकली अंग्रेजी शराब बनाकर बिहार भेजा जाता था। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा गिरोह का काम है और बहुत जल्द ही इस धंधे से जुड़े अन्य लोग भी कानून के जद मे होंगें। अवैध नकली शराब धंधे से जुड़े माफियाओं के लिए छतरपुर व नौड़ीहा बाजार का इलाका रहा रहा मुफीद। बिहार सटा हुआ होने के कारण इन प्रखंड क्षेत्रों से आवागमन आसान होता है। और पत्थर और छरी के व्यवसाय के जरिये व परिवहन के बहाने भी बिहार मे बड़े पैमाने पर नकली अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बहुत आसानी से पहुंचाया जाता है। इस मौक़े पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार व नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

## पेंशनर समाज के प्रखंड कार्यकारिणी समिति इकाई का हुआ पुनर्गठन, सुरेश पाठक बने अध्यक्ष



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के पास स्थित पेंशनर भवन में पेंशनर समाज के सदस्यों ने जिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक कर सर्वसम्मति से सतबरवा प्रखंड कार्यकारिणी समिति इकाई का पुनर्गठन किया। बैठक की अध्यक्षता हाजी उलफत हुसैन ने की।बैठक में सुरेश कुमार पाठक को अध्यक्ष, उलफत हुसैन को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार पाठक को सचिव एवं दीनानाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। वहीं रामलखन सिंह, राजकुमार साहू तथा आशिक अंसारी को चुना गया जिसपर जिला कार्यकारिणी के सचिव कुलदीप सिंह चेरो एवं उपाध्यक्ष जंगाली महतो ने अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में चयनित सदस्यों के अलावे राधा मांझी, राम स्वरूप पाठक, शिव कुमार मांझी, दामोदर मिश्रा, उदय सिंह, मो आशिक अंसारी, मो नशीमुल्लाह, त्रिवेणी साहु, सरयू यादव सहित समाज कई सदस्य मौजूद रहे।

## धान अधिप्राप्ति केन्द्र अध्यक्षों की हुई बैठक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहकारिता कार्यालय के मीटिंग हॉल में पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी के अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति केंद्र के अध्यक्षों की बैठक हुई ।बैठक में मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति कार्य में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य समस्या यह है कि धान का उठाव नहीं होना, किसान का भुगतान लंबित है, चूहा के द्वारा धान एवं बोरा की बर्बादी, तापमान बढ़ने के कारण धान सुख गया ,कुछ किसान का भुगतान भी हुआ है जिसमें बोनस की राशि नहीं मिला यह भी किसान की समस्या है ,कही कही केंद्र पर चोर के द्वारा धान चुराने की भी आशंका जताई जा रही है जिसके चलते रात्रि में रात्रि प्रहरी रखना पड़ रहा है ये अनावश्यक खर्चा पैक्स पर बोझ बढ़ रहा है ।दो साल पहले जो धान खरीद हुई है उसका पैक्स को कमीशन भी बकाया है ।उक्त समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त महोदय पलामू को आवेदन और जिला सहकारिता पदाधिकारी पलामू ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी पलामू, एवं उप विकास आयुक्त पलामू को प्रतिलिप दिया गया। मौके पर माया देवी, शंकर मेहता, अरविंद कुमार सिंह, मनोरंजन दुबे, गूंजा कुमारी, मुना कुमार सिंह, अजय प्रसाद, भोला प्रसाद गुप्ता, शैलेंद्र प्रसाद, संतोष पाण्डेय, बच्चन सिंह, शिव प्रसाद साव, अभिमन्यु सिंह, शशिकांत दुबे, रंजन दुबे, जगनारायण दुबे, राहुल गुप्ता, अशोक राम, बीरेंद्र सिंह, निरंजन प्रसाद, मनोज पांडेय। एवं अन्य सभी।

## भाकपा का तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम दुसरे दिन भी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाकपा मालेअनुमंडल कमिटी के नेतृत्व में कचहरी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम दुसरे दिन भी जारी रहा। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू विश्वकर्मा ने किया। धरना को सम्बोधित करते हुये किसान महासभा के जिलाध्यक्ष लालमुनी गुप्ता ने कहा कि भाकपा माले पार्टी अपने स्थापना काल से ही भूमिहीन, गरीब, किसान, मजदूर मेहनतकशो को न्याय, इन्साफ हक-अधिकार की बात करते आ रही है। इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का काम कर रहे केतार, खरौंधी, भवनाथपुर पार्टी के एरिया सचिव कामरेड दिलीप गुप्ता को सोची समझी साजिश के तहत फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल में डालकर लड़ाई को कमजोर करने की साजिश किया गया है। गरीबो के दुश्मन, दलाल, बिचौलिया, पुलिस प्रशासन, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के उतरी हिस्से को गढ़ मानने वाले राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगा और मजबूती के साथ गरीबो की लड़ाई आगे बढ़ेगा। जिला कमेटी के कामरेड कामेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत, ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसकी जांच की मांग करते हैं। मौके पर, रामचन्द्र उरांव, बाबूलाल सिंह, महेंद्र सिंह, विशुनदेव राम, नन्दू चन्द्रवशी, गनेश बैठा, गिरथारी सिंह, सुनिता देवी, सविता देवी, बसंती देवी, ललिता देवी, अनारवा देवी फूलकुमारी देवी, मीरा देवी, उपेन्द्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामनवमी व ईद को लेकर बिश्रामपुर थाना में हुयी शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर थाना परिसर में मंगलवार को रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता सीओ राकेश तिवारी ने किया. संचालन समाजसेवी शमशेर आलम ने किया.बैठक में दोनों पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया.इसके अलावा रामनवमी के जुलुश को तय मार्ग व निर्धारित समय पर निकालने पर भी सहमति बनी. सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि किसी भी पर्व को मिलजुलकर मनाने से उसका महत्व और भी बढ़ जाता है. वैसे भी बिश्रामपुर समावेशी समाज के लिये जाना जाता है. यहां सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर रहते हैं.थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने लोगों को सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे में पूरी जानकारी दी.कहा कि सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुये समय से जुलूस निकालें.जुलूस के दौरान उन्माद न फैलायें.कोई भी भड़काऊ नारा नहीं लगायें.उन्होंने कहा कि पुलिस सामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी. आम लोग भी किसी भी अफवाह से बचें. कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें.पर्व के दौरान पुलिस गस्त भी बढ़ाई जायेगी. बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, समाजसेवी राजन पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष देव नारायण सिंह, उप प्रमुख सतेंद्र नाथ सिंह, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, गोपाल सोनी, मो.सफी असलम, सलीमुदीन अंसारी, राज कुमार मेहता, निरंजन सिंह खरवार, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल, मोज़ सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, मुकेश चौधरी, कृष्णा केशरी, छोटू कुमार सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### कैबिनेट ने सहायक आचार्य के 3451 पद पर नियुक्ति की कर दी घोषणा

**रांची।** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ ने 132/2016रजनीश पाण्डे बनाम भारत सरकार एवं अन्य में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के आलोक में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने हेतु झारखंड सरकार के फैसले का स्वागत करती है। झारखंड में पहली बार झारखंड की अबुआ सरकार ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विशेष शिक्षक नियुक्ति नियमावली बनाकर इंटरमीडिएट स्तरीय विशेष शिक्षक प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य के 2399 पद एवं स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद कुल 3451पद पर नियुक्ति की घोषणा कैबिनेट कर दी। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को लेकर संस्था द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

### रामनवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी

**रांची :** चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है। रामनवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी। पांच अप्रैल को 12.50 बजे रात में नवमी तिथि प्रवेश करेगी और छह अप्रैल को 11.15 बजे रात में समाप्त होगी। पंडित मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि रामनवमी के दिन पुष्य नक्षत्र सुबह 9.42 बजे प्रवेश करेगा, वहीं दोपहर 2.16 बजे तक कर्क लग्न रहेगा। इसी लग्न में भगवान राम की पूजा शुभफलदायक है। पुष्य नक्षत्र, लक्ष्मी नारायण और सुकर्मा योग में रामनवमी मनाई जाएगी। इस शुभ संयोग में आने वाला विशेष त्यौहार बहुत ही शुभ माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान श्रीराम जी का जन्म हुआ था इसलिए उस दिन श्रीरामनवमी का त्योहार मनाते हैं।

# मंईयां सम्मान से संभव होगा मंईयां स्वावलम्बन : डीसी

**जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने 25.03.2025 को ऑनलाइन बैठक करते हुए योजना अंतर्गत वर्ष में प्रत्येक लाभुकों को मिलनेवाली 30 हजार सम्मान राशि के सदुपयोग से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को मिलनेवाली सम्मान राशि से महिलाओं के स्वावलंबन के लिए रांची जिला में कार्य किये जायेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आनेवाले समय में सार्थक प्रयास किये जायेंगे। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने 25.03.2025 को ऑनलाइन बैठक करते हुए योजना अंतर्गत वर्ष में प्रत्येक लाभुकों को मिलनेवाली 30 हजार सम्मान राशि के सदुपयोग से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों के लिए मुर्गी पालन, अण्डा एवं डेयरी उत्पादन कैसे लाभकारी हो सकते हैं इसके लिए कार्ययोजना बनायें।



### पोल्ट्री फार्मिंग से पोषण, स्वावलंबन एवं समृद्धि

उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत जो राशि लाभुक मंईयां के खाते में जा रही है उसका सदुपयोग करके महिलाएं सरकार द्वारा प्रदत्त की जा रही राशि को कई गुना कर सकती हैं। इस कार्य में जिला प्रशासन द्वारा किस प्रकार से सहयोग दिया जा सकता है इसकी विवेचना की जाए।उपायुक्त ने कहा कि इस दिशा में पोल्ट्री फार्मिंग से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। पोल्ट्री फार्मिंग से महिला स्वावलंबन की दिशा में बहुआयामी लाभ प्रत्येक परिवार को प्राप्त होंगे। इससे किशोरियों के पोषण, महिलाओं के स्वावलंबन एवं अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।डीपीएम जेएसएलपीएस को उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों के साथ रविवार को बैठक करने के भी निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि रविवार को अपराह्न 1ः00 बजे से बैठक कर सखी मंडल समूह, सीएलएफ, ग्राम संगठन बैठक कर इस दिशा में आगे बढ़ने हेतु ठोस कार्यप्रणाली तैयार करें।

### योजना का प्रभावशाली क्रियान्यवन संपूर्ण जिला प्रशासन का दायित्व

बैठक में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का धरातल पर प्रभावशाली क्रियान्यवन सम्पूर्ण जिला प्रशासन का दायित्व है। लाभुकों के बीच योजना को लेकर सकारात्मक फीडबैक जाये इसे जिला प्रशासन की टीम को सुनिश्चित करना है। जिन लाभुकों के खाते में सम्मान राशि नहीं आयी है उन्हें बतायें कि सत्यापन के बाद सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा।

### लाभुकों के सत्यापन पर फोकस का निर्देश

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा योजना अंतर्गत लाभुकों के सत्यापन पर फोकस करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाडी सेविका अपने-अपने क्षेत्र में लाभुकों के सत्यापन का कार्य करें और प्रखण्ड-अंचल कार्यालय से सत्यापन कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए रिकार्ड संधारित किया जाये। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ-सीओ और शहरी क्षेत्र में जोनल मैनेजर यह सुनिश्चित करेंगे कि सत्यापन के दौरान सेविकाओं को किसी तरह की परेशानी न, उन्हें डराने धमकाने जैसी घटनाएं न हो, आंगनबाड़ी सेविका को किसी तरह की सहायता की आवश्यकता हो तो फौरन उपलब्ध करायें।

### ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सत्यापन फॉर्म का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सत्यापन प्रपत्र का वितरण सुचारु रुप से हो इसके लिए बैठक में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बीडीओ-सीओ एवं नगर निगम के सहायक प्रशासक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ऑनलाइन बैठक में जिला के वरीय पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सभी बीडीओ-सीओ, डीपीएम, बीपीएम जेएसएलपीस, सीडीपीओ, सीएससी मैनेजर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी जुडे थे।

### युवती की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** खरसीदग ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूंगरी चपाटोली में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा एक अज्ञात लड़की को हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया था। जिस संबंध में नामकुम (खरसीदाग ओपी ) थाना कांड संख्या-406/24,-23.10 .2024, धारा-103(1)/238/3(5)/70(1) क्ब्ह.स् के अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में अज्ञात शव का पहचान करते हुए दो अप्राथमिकी अभियुक्त अमरदीप गोप ऊछोटू गोप और सोनू नायक ऊमेंडी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया तथा गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त प्रवीण प्रमाणिक पिता सुभाष चंद्र प्रमाणिक ग्राम सोसोडीह थाना तमाड़ जिला राँची को आज दिनांक 25.03.2025 को खूंटी से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## तेज रफ्तार कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र में रायसा मोड़ के पास एक कार ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा-रांची रोड स्थित रायसा मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने वहां खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचवाया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सुबह 5 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। इसमें कार की स्टेयरिंग में फंसने की वजह से ड्राइवर की मौत हुई है जबकि उसके बगल में बैठा युवक गंभीर रूप से घायल है। अन्य को हल्की चोट आई है।


## बैंक ऑफ इंडिया ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ किया साधारण बीमा उत्पादों के लिए साझेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ इंडिया और भारत की अग्रणी बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 24 मार्च 2025 को मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय में एक रणनीतिक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों को स्वास्थ्य, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना, गृह और वाणिज्यिक बीमा जैसी विभिन्न साधारण बीमा योजनाओं की सुविधा मिलेगी, जो कि हृद्धष्टरु द्वारा प्रदान की जाएंगी।इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक ने कहा, ÷यह गठजोड़ एक ही छत के नीचे व्यापक बीमा समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, गिरिजा सुब्रमणियन ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, यह साझेदारी बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों के लिए बीमा की पहुंच बढ़ाएगी और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली सेवा और सुरक्षा प्रदान करेगी। बैंक ऑफ इंडिया के देशभर में 5,200 से अधिक शाखाएं हैं, जबकि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को जनरल इंश्योरेंस सेक्टर में 100 से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त है। इस साझेदारी के माध्यम से, भारत के बैंकएश्योरेंस इकोसिस्टम में एक सशक्त गठजोड़ स्थापित किया गया है।



## झारखंड के मौसम का बढ़ने लगा तापमान, पड़ेगी गर्मी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के अधिकांश जिलों में पिछले दिनों बारिश से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली। लेकिन गर्मी एक बार से राज्य के लोगों को रुलाने को तैयार है। आनेवाले दिनों में झारखंड में मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। इससे तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अगले चार-पांच दिनों में राज्य के विभिन जिलों में तापमान में चार से पांच डिग्री की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि मौसम में अभी फिलहाल कोई सिस्टम बनता है नहीं दिख रहा है। इसलिये आनेवाले दिनो में प्रचंड गर्मी पड़ सकती है। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर माउस साफ रहा। सुबह में हल्की ठंड रही, लेकिन दोपहर में लोगों को गर्मी का अनुभव हुआ।

## शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री से किया मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ झारखंड के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार रामदास सोरेन से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा । प्रशिक्षित विषय शिक्षक संघ के अध्यक्ष पोवेल कुमार की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने सुप्रीम कोर्ट के आलोक में दिए गए निर्णय को लागू करने के लिए माननीय शिक्षा मंत्री को आवेदन पत्र दिया सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण हेतु अभिलंब विशेष शिक्षकों की नियुक्ति करने हेतु राज्य सरकार को आदेश की है साथ में यह भी आदेश दी है जो भी रिसोर्स शिक्षक झारखंड शिक्षा परियोजना या आउटसोर्स के माध्यम से पहले से कार्यरत हैं उन्हें रेगुलर करते हुए सृजित पदों पर अभिलंब नियुक्ति निकालने नियमावली एवं पद का नाम पदों की संख्या सुनिश्चित कर सर्वोच्च न्यायालय को सूचनार्थ करें प्रतिनिधि मंडल में विश्वनाथ कुमार, विनय कुमार ,विक्रम कुमार, संतोष कुमार, विवेकानंद कुमार, नरेंद्र कुमार, शशि कुमार, निवेदिता कुमारी ,सीता मुंडा, चंचल कुमारी, प्रियंका कुमारी, ललिता कुमारी ,बुद्धदेव कुमार, विनोद कुमार , कपिल कुमार, बंसीधर कुमार , राजकुमार ,इमाम हुसैन, मुकेश रविदास, अरुण कुमार, प्रशांत चौबे, संतोष कुमार, रंजीत ठाकुर, रीना कुमारी, सुनीता मुंडा , रजनी तिर्की, नरेंद्र कुमार, सुमन तिर्की उपस्थित थे।



## एसएसबी के महानिदेशक ने डीजीपी से किया शिष्टाचार मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में अमित मोहन प्रसाद, भा0पु0 से0, महानिदेशक, एस0एस0बी0 ने अनुराग गुप्ता, भा0पु0 से0, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनो पदाधिकारियो ने झारखण्ड में नक्सल विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु नक्सल विरोधी रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की, साथ ही हाल के दिनों में नक्सल विरोधी अभियानों में प्राप्त सफलताओं की समीक्षा करते हुए भविष्य में इन अभियानों को और तेज करने के उपायों पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने एक दूसरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त डॉ0 संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अनि0), अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभि0), प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (वि0शा0), इन्द्रजीत माहथा, पुलिस उप महानिरीक्षक झारखण्ड जगुआर, मानवेन्द्र सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक (एस0एस0बी0) सहित झारखण्ड पुलिस एव एस0एस0बी0 के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नशे को करे ना और जिंदगी को करें हां नुक्कड़ नाटक का हुआ सफल मंचन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के छात्रों द्वारा किया गया नुक्कड़ नाटक नशे को कर ना और जिंदगी को करें हां का सफल मंचन ऑक्सीजन पार्क रांची में हुआ, जिसमें नाटक के द्वारा यह दिखाया और बतलाया गया की कैसे नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके सेवन करने से क्या-क्या नुकसान हो सकता है, साथ ही साथ यह भी दिखलाया गया की जो नशे का सेवन करते हैं सिर्फ उनकी जिंदगी बर्बाद नहीं होती बल्कि उनके पूरे परिवार की जिंदगी बर्बाद हो जाती है। नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया सोनिया मिश्रा, प्रीति सोरेन, अथर्व सिन्हा, दीपक, बादल, सुंदरम और गुरु प्रसाद ने। स्टूडियो के संस्थापक आकाश दीप ने बताया कि एक मुहिम के तौर पर उनकी टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग सामाजिक मुद्दे पर आगे भी लोगों को जागरूक करते रहेंगे।



# मणिपुर और परिसीमन पर जनता को दिगभ्रमित ना करें झामुमो : प्रतुल शाह देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिसीमन और मणिपुर के मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित ना करे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसने राष्ट्र और सनातन के हित में सदैव कार्य किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा खीज और हताशा के कारण संघ के बयानों को गलत तरीके से पेश कर रही है। प्रतुल ने कहा जिस झामुमो के कार्यकाल में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बदनामी हुई हो वह एक राष्ट्रवादी संगठन पर टिप्पणी करें, यह शोभनीय नहीं है। प्रतुल ने कहा कि संघ ने कभी परिसीमन का विरोध नहीं किया है। संघ का स्पष्ट मानना है कि परिसीमन को इस तरीके से लागू करना चाहिए कि वह देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें।संघ ने स्पष्ट किया है कि परिसीमन के कारण क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक पहचान को नजरअंदाज नहीं किया जाए।



प्रतुल ने कहा कि कई मौकों पर गृह मंत्री अमित शाह की इन बातों को दोहरा चुके हैं कि परिसीमन से ना तो किसी राज्य के साथ अन्याय होगा और ना ही आनुपातिक आरक्षण किसी प्रकार से कम होगा। प्रतुल ने कहा ना तो परिसीमन की प्रक्रिया तय हुई है और ना उसका ड्राफ्ट सामने आया है। उसके बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा दिया गया बयान समझ से परे है।

प्रतुल ने कहा कि मणिपुर पर भी संघ के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गलत तरीके से पेश किया। संघ का मानना है कि पिछले 20 महीना से मणिपुर एक कठिन दौर से गुजर रहा है। लेकिन हाल में केंद्र के द्वारा दिए गए प्रशासनिक एवं राजनीतिक फैसलों से आशा की उम्मीद जगी है। भाजपा की तरह संघ का भी मानना है कि मणिपुर में चल रहे विवाद का समाधान सभी समुदायों में विश्वास पैदा करके होगा।

प्रतुल ने कहा कि अब मणिपुर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। सरकार चरणबद्ध तरीके से लंबे समय से बंद सड़क मार्गो को भी खोल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता को दिगभ्रमित करने के लिए ऐसे बयानों का सहारा ले रही है।

## विधायक जयराम महतो ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण का उठाया मुद्दा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) विधायक जयराम महतो ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाया। निजी कंपनियों में दो लाख गैर झारखंडी हैं जबकि 53 हजार ही झारखंड के कार्यरत हैं। जयराम ने पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी क्या निजी कंपनी के दायरे में आती है। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने भी पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी को निजी कंपनी मानते हैं या नहीं। ऐसी क्या पॉलिसी बनाएंगे कि झारखंड के नौजवानों को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण मिल सके।

**रातों-रात कानून लागू नहीं हो सकताः सुदिव्य**

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि कानून रातों रात लागू नहीं हो सकता। हाई कोर्ट के आदेश से पहले कंपनियां आरक्षण का पालन कर रही थीं। आउटसोर्सिंग निजी कंपनी ही है।वहीं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी निजी कंपनी ही मानी जाती है। पदाधिकारी अगर गलत रिपोर्ट दिए हों तो कार्रवाई की जाएगी। यादव ने कहा कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 का गठन करते हुए चार जनवरी, 2022 को झारखंड गजट में प्रकाशित किया गया है। अधिनियम के कंडिका-4 (1) के अनुसार अधिनियम के प्रारंभ के बाद प्रत्येक नियोक्ता 40 हजार से अनाधिक या सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित अधिसीमा तक सकल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों, जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हों एवं उसके बाद उत्पन्न कुल रिक्ति का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित करेगा। नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 का अनुपालन किया जा रहा है। विभाग की ओर से अधिनियम/नियमावली के कार्यान्वयन के लिए एक पोर्टल भी स्थापित है। जिस पर 28 फरवरी 2025 तक 7,470 प्रतिष्ठान निबंधित है। वर्तमान में झारखंड हाई कोर्ट में दायर वाद संख्या डब्लूपीसी 5688/2024 11 दिसम्बर 2024 को पारित आदेश के आलोक में इसके अनुपालन पर अंतरिम रोक लगाई गई है। इस वाद की अगली सुनवाई की तिथि 26 मार्च है। झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार का नियोजन अधिनियम, 2021 का गठन के बाद झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली, 12 सितम्बर, 2022 के प्रभाव से राज्य में प्रभावी है।



## विधायक प्रदीप यादव ने कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति और एजेंसी चयन का मामला उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को जैप-आईटी के जरिए राज्य भर में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति और एजेंसी के चयन को लेकर सवाल उठा। अल्पसूचित प्रश्न के जरिए कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने यह मुद्दा उठाया। प्रदीप यादव ने कहा कि जैप-आईटी में एजेंसी के माध्यम से राज्य भर में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति होती है। इसके लिए बाहरी एजेंसी से काम होता है। ऑपरेटरों को मिलने वाले रकम में भी कटौती होती है। प्रदीप यादव ने कहा कि एजेंसी का चयन निविदा के आधार पर होता है लेकिन निविदा में ऐसी शर्तें जोड़ दी जाती हैं जिससे राज्य की कंपनियां भाग ही नहीं ले पाती हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या एजेंसी जो ऑपरेटरों की सैलरी से पैसों का हिस्सा ले रही है इसकी जानकारी सरकार को है और शिकायत पर कितनी कंपनियों पर कारवाई हुई है। साथ ही प्रदीप यादव ने कहा कि 2021 से एक ही एजेंसी का चयन होना संदेह उत्पन्न करता है। विधायक प्रदीप यादव के सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री रामदास सोरेन ने सदन को बताया कि निविदा के आधार पर मैन मैन पावर सप्लाई का काम एजेंसी करती है।



## नन्ही रोजेदार आरफा नौशीन ने रमजानुल मुबारक का 24वां रोजा की मुक़म्मल



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान उल मुबारक क़ा पाक महीना चल रहा है. रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय में काफी उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा है,वही नन्हे नन्हे बच्चे भी इस रमजान में किसी से पीछे नहीं दिख रहे हैं,रमजान महीने के 24 वें रोजा दिन मंगलवार को कांके के इमरान अंसारी क़ा 9 साल की बेटी आरफा नौशीन दिन भर भूखे प्यासे रहकर 24 वाँ रोजा मुकम्मल किया।और शाम 6 बजकर 5 मिनट पर जब मस्जिद से मुवजीन ने अज़ान पढ़ी तो आजान की आवाज सुन कर हसीं खुशी अपने घरवालों के साथ मिल जुलकर एक दस्तरख्वान में ईफ्तार किया। और अल्लाह का शुक्र अदा किया,नन्हें रोजेदार आरफा नौशीन ने अपने अब्बू अम्मी और घर वालों के साथ अपने आका व मालिक से देश की खुशहाली व अमन चैन के साथ साथ पूरे दुनियां में एकता भाईचारगी की दुआ मांगी।नन्ही रोजेदार के रोजा रखने पर घर वालों ने नन्ही रोजेदार के बेहतर मुस्लकबिल की दुआएं किया। नन्ही रोजेदार आरफा नौशीन जी पी पी एस स्कुल में 5वीं कलाश क़ा छात्रा है जो पढ़ने लिखने में काफी तेज है वह अपने परीक्षा में 87.6 अंक लाकर कलाश टॉपर रही,उन्होंने बताया कि रोजा रख कर बहुत भूख प्यास लग रहा था लेकिन अल्लाह के डर से मैने कुछ नही खाया पीया न गन्दी बात किया,वहीं उन्होंने बताया कि मैं मस्जिद में जाकर नमाज अदा करता हूं।और दिन भी रोजा रखूंगा।रविवार का स्कुल छुट्टी था,दिनभर अल्लाह की इबादत में नन्ही रोजदार आरफा नोशीन मशगूल रही।

## दो अप्रैल को खेल मैदान बरतुआ गणेशपुर में मनाया जाएगा सरहुल मिलन महोत्सव



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को जयडीह पंचायत खेल मैदान बरतुआ गणेशपुर में बैठक कर सर्वसम्मति से लिया गया कि दो अप्रैल को सरहुल मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा, जिसमें जयडीहा के सभी वार्ड से लेकर ओरमांझी प्रखंड सहित पुरे रांची जिला को आमंत्रित किया जायेगा और सबसे भव्य लाल पैर साड़ी सरहुल झांकी प्रस्तुति पर आयोजन समिति पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा और सभी झांकी मण्डलीयों को सात्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा और रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें महोत्सव को सफल आयोजन के लिए पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, पंचायत समिति प्रवेश भोगता,वार्ड प्रतिनिधि परमेश्वर गंझु, मोहित करमाली, ग्राम प्रधान शंकर करमाली,अजय करमाली, प्रकाश बेदिया,भुनेश्वर करमाली, नीतीश मुंडा,किशोर बेदिया, बाल किशोर बेदिया,तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पिपरवार इनमोसा कार्यालय मे किया गया सेवानिवृत वरीय ओवरमैन का स्वागत




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित इनमोसा के कार्यालय मे पिपरवार परियोजना से सेवानिवृत हुए वरीय ओवरमैन हाजी मोहम्मद नाजीर का स्वागत किया गया।इस दौरान इनमोसा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।ज्ञात हो कि वह वरीय ओवरमैन हाजी मोहम्मद नाजीर पिपरवार परियोजना से वर्ष 2010 मे सेवानिवृत हुए थे।उनके पुत्र अब्दुल कुदूस कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव है।वह अपने पुत्र अब्दुल कुदूस के बचरा स्थित वनबीआर कॉलोनी पहुंचे थे।इसी दौरान बचरा पहुंचने पर इनमोसा द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए वरीय ओवरमैन हाजी मोहम्मद नाजीर के द्वारा किये गये कार्यो पर विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही उनके सुखमय एंव उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर इनमोस के क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम, क्षेत्रिय सचिव अनिल कुवंर, क्षेत्रीय पदाधिकारी दीपक उरांव,शाखा सचिव रूपलाल महतो,शाखा अध्यक्ष सुरेश कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

# बेड़ो में शांति समिति की बैठक

## सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना परिसर में मंगलवार को ईद, सरहुल और रामनवमी के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अशोक कुमार, अंचलाधिकारी (सीओ) प्रताप मिंज और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल उराँव ने की।

बैठक के दौरान डीएसपी अशोक कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व शांति भंग करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि सभी समुदायों को प्रेम और सद्भाव के साथ अपने-अपने त्योहार मनाने चाहिए। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी गलत सूचना को फैलाने से पहले उसकी पुष्टि करने की सलाह दी। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि यदि कोई शांति भंग करने की कोशिश करता है या किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

बैठक में प्रमुख विनीता कच्छप, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, वानी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, करमा उराँव, जुगेश उराँव, राकेश भगत, सेलवेस्टर मिंज, सबदुल मलिक, मुखिया सुशांति भगत, शरीफ बड़ाईक, महेबुल ओहदार, नवदीप महतो, बबलू खान, सोयब अंसारी, मोहम्मद समसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पदक जीत कर लौटने पर सुकृति का मुरी स्टेशन में जोरदार स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** 20 से 23 मार्च तक आयोजित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में संपन्न खेलो इंडिया पैरा गेम्स में कांस्य पदक जीत कर सिल्ली लौटने पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की सुकृति का आज मुरी स्टेशन पर सभी तीरंदाजों , एकेडमी के पदाधिकारियो, सिल्ली के समाज सेवी ,के साथ सिल्ली वासियों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया साथ ही सभी को मिठाई खिलाकर आशिर्वाद लिया। स्वागत से भावुक हो कर सुकीर्ति ने कहा यह मेडल मेरे कोच प्रकाश राम की स्वर्गीय माता जी को समर्पित है जिस दिन खेलने निकलना था उससे एक दिन पहले उनकी माता जी का देहांत हो गया जिस कारण मेरे कोच मेरे साथ नहीं जा पाए ,लेकिन उनका मार्गदर्शन मेरे साथ था जिसके कारण मैं इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर पाई। मेरे स्वागत में पहुंचे सभी अभिभावक ,सीनियर भैया और दीदी का मैं आभारी रहूंगी आगे और मेहनत कर के देश और राज्य का नाम रोशन करने का प्रयास करूंगी । स्वागत में पहुंचे एकेडमी के संयुक्त सचिव बृजेश प्रसाद, प्रमुख सिल्ली जितेंद्र बड़ाइक ,पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, कुमार नीलेश मेडिकल के अमित कुमार,सिल्ली योगा टीम के साथ बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी के सहायक कोच रोहित कुमार, और सभी तीरंदाज सशस्त्र सीमा बल के सभी प्रशिक्षु एवं खेल प्रेमियों ने स्वागत और बधाई दी।

# रामनवमी पूजा सह वीर बजरंग मेला बारीडीह के सफल आयोजन हेतु कमिटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रामनवमी पूजा सह वीर बजरंग मेला समिति बारीडीह के सफल आयोजन हेतु पूर्व मुखिया मानकी राजेंद्र साही की अध्यक्षता मे एक अहम बैठक की गयी। संचालन बलदेव प्रसाद के द्वारा की गई।सभी ग्रामीणों ने के विचार से यह निर्णय आया कि इस बार की रामनवमी पूजा ऐतिहासिक होगी इसकी तैयारी शुरु कर दी गयी है।सभी ग्रामीणों के द्वारा अध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही,सचिव विजय महतो और कोषाध्यक्ष भूषण कुमार महतो को चुना गया। इस बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान मानकी जय नारायण सिंह जी,ग्राम पुजारी बाबूराम पाहन जी,विशेश्वर महतो,रमाकांत महतो बालेश्वर महतो,चामु महतो शिवचरण नायक,राजेंद्र साहू,सोहराई महतो, युगलकिशोर पाहन,चंदरू नायक ,विजय महतो,सुरेश महतो,बाबूराम महतो,सुजीत नायक,झाबूलाल महतो,रामकिशुन करमाली ,राजेश करमाली आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# कलाइडोस्कोप 2025: सरला बिरला पब्लिक स्कूल में रचनात्मकता का उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक कला प्रदर्शनी ' कलाइडोस्कोप 2025' में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आर्ट विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता विभिन्न रूपों में देखने को मिली। प्रदर्शनी में गोंड, सोहराय, मधुबनी और मंडला पेंटिंग्स के साथ-साथ ग्लास पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स और डिजिटल क्रिएशंस की अनूठी प्रस्तुति की गई। इसके अलावा, विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए कई रचनात्मक प्रोजेक्ट्स भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें डायनासोर बास्केट, फ्लोरल पेन स्टैंड्स, डकलिंग्स, स्नोमैन, वॉल हैंगिंग्स, टेराकोटा स्कल्पचर्स और क्ले मॉडल्स शामिल थे। इन कलाकृतियों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और उनकी मेहनत को उजागर किया, जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के परिश्रम और रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा अद्भुत प्रतिभा का धनी है और सही मार्गदर्शन से वे अपनी कला को और निखार सकते हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का हुआ समापन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का मंगलवार को समापन किया गया।जानकारी के अनुसार विद्यालय में शिविर का आयोजन 20 मार्च से लेकर 25 मार्च तक कराया गया। इसके साथ ही प्रतिदिन लगभग 100 बच्चों का उपस्थिति रहा।कैंप के दौरान अलग-अलग तरह की गतिविधियां कराई गई जिसमें मंत्रोच्चारण, हवन, गीत,संगीत,जुंबा,योगा, शंखवादन, खेलकूद आदि गतिविधियां कराई गई।वहीं मुख्य अतिथि के रूप मे परिणीता पांडेय ने बच्चों को चित्रकारिता एवम् उसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही डीएवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के 78वें जन्म दिवस समारोह के मौके पर डीएवी स्कूल में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कुल की प्राचार्या डॉ.रेशु चौधरी एंव अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कुल की प्राचार्या डॉ. रेशु चौधरी ने बताया कि डॉ. पूनम सूरी न केवल एक सक्रिय सामाजिक व्यक्ति हैं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी हैं। वे नागरिकों और देश को हमेशा अतुलनीय योगदान से विकसित और समृद्ध बनाने में मदद कर रहे हैं।वहीं बच्चों को समय की महत्ता बताते कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे अनमोल समय होता है।यह समय हमारे भविष्य की नींव रखता है।सदैव उच्च लक्ष्य बनाएं और उसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी,सत्य निष्ठा और मेहनत के साथ भरसक प्रयत्न करें।इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

## कल्याणपुर में रामनवमी पूजा एवं जुलूस को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर पुल पार स्थित मंडप के प्रांगण में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्याणपुर में रामनवमी पूजा एंव जुलुश धूमधाम के साथ निकाले का निर्णय लिया गया।बैठक मे आगामी 06 अप्रैल 2025 को कल्याणपुर में धूमधाम और शांतिपूर्ण माहौल मे रामनवमी पूजा का जुलूस निकालने पर सहमति बनी। जुलूस को लेकर रूट चार्ट पर भी विचार विमर्श किया गया।सर्वसम्मति से पूर्व की भांति पुल पार कल्याणपुर मंडप में विधिवत पूजा पाठ कर मंडप से जुलूस और झांकी निकालने एंव जुलूस व झांकी पूरा गांव का भ्रमण कराने के बाद कल्याणपुर बाजारटांड़ में मेला लगाया जाएगा।जहां ग्रामीणों द्वारा लाठी खेल प्रदर्शन किया जाएगा।बैठक में सर्वसम्मति से पूजा को सफल बनाने एवं कमेटी गठन करने को लेकर 28 मार्च की सुबह पुनः बैठक आयोजित की गई है जिसमें सभी ग्रामीणों से उपस्थित होने की अपील की गई है।बैठक मे मुख्य रूप से जगदीश विश्वकर्मा,धनेश्वर गंझू,सचिन पासवान, आदित्य पासवान,रघुनाथ पासवान,जागेश्वर पासवान, अरविंद पासवान,पिंटू साव, फालेंद्र पासवान,संजय पासवान,शिवशंकर पासवान, राजन चौधरी,वरुण सोनी,महेश विश्वकर्मा, अनुज कुमार,अशोक पांसी,भोला पासवान,राजू उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरहुल के मौके पर 4 अप्रैल को राय पंचायत में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राय पंचायत में सरहुल मेला के सफल आयोजन को ले ग्रामीणों की बैठकसम्पन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता विजय पाहन एवं संचालन गणेश कुमार महतो ने किया।इस संबंध में आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो ने बताया कि प्रकृति पर्व सरहुल मनाए जाने को लेकर आगामी 4 अप्रैल दोपहर 2 बजे राय बाजार स्थित अम्बेडकर फुटबाल मैदान में सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में झारखंड के सुपरस्टार नागपुरी सिंगर चिंता देवी,अनिल मुंडा, पंकज महली और पूनम खलखो आदि सांस्कृतिक कलाकारों के द्वारा नृत्य संगीत की प्रस्तुति देंगे। नागपुरी नृत्य मे पिंटू रानी नृत्य ग्रुप,राजेश वर्षा नृत्य ग्रुप,मुस्कान,कोमल और विक्की म्यूजिकल ग्रुप रांची की टीम मौजूद रहेगी।इस दौरान मंच संचालन प्रभात साहू एवं प्रेम सिंह ऑर्गेनाइजर की भूमिका में उपस्थित रहेंगे। 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे राय बाजार स्थित अम्बेडकर फुटबाल मैदान से गाजे-बाजे के साथ भव्य सरहुल की शोभायात्रा निकाली जाएगी।इसे लेकर आयोजन समिति कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारियों में जुटी है।इस कार्यक्रम के सफल संचालन मे विजय पहान,दुर्गा प्रसाद महतो,रूपेश कुमार महतो, गणेश कुमार महतो,हरिष कुमार,मंगरू मुंडा, राजेश कुमार महतो,दीपक कुमार महतो,भरत राम,रामअवतार राम,मनोज महतो,राजू गुप्ता, भुवनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो,नरेश महतो, संतोष प्रजापति,हबू महतो, श्रवण कुमार,राम कुमार भुइयां,संदीप कुमार,बबलू कुमार,चंदन कुमार,कृष कुमार,संजय,प्रकाश,सोनू, बॉबी सोनी,रवि गुप्ता,विजय लोहार और लोकन समेत अन्य लोगों को प्रभार सोपा गया है।

## नटराज पाइप्स ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली के साथ सहयोग किया

**रांची :** प्रभु पॉली पाइप्स लिमिटेड के पीई और यूपीवीसी पाइपिंग समाधानों में अग्रणी नाम नटराज पाइप्स ने 22 मार्च, 2025 को क्रिकेट के दिग्गज श्री सौरव गांगुली के साथ सहयोग करके एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कोलकाता के ताज बंगाल में एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'विश्व जल दिवस' पर की गई इस महत्वपूर्ण घोषणा ने नवाचार, स्थिरता और राष्ट्र निर्माण के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अपनी अत्याधुनिक तकनीक और कड़े गुणवत्ता मानकों के लिए प्रसिद्ध नटराज पाइप्स देश के पाइपिंग बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उच्च तकनीक, गैर-विषाक्त, सीसा रहित पाइपिंग सिस्टम का लाभ उठाकर, ब्रांड टिकाऊ, सुरक्षित और विश्वसनीय जल, सीवरेज और गैस परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है जो देश के विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे के परिदृश्य का समर्थन करते हैं।

# ठाकुर गांव थाना परिसर में ईद सरहुल और रामनवमी के अवसर में शांति समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव :** ठाकुरगांव थाना परिसर में ईद सरहुल और रामनवमी के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार दोपहर तीन बजे शान्ति समिति की बैठक थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व त्यौहार मनाने का निर्देश दिया । साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी धर्म के असामाजिक तत्व को बक्सा नहीं जाएगा, और कहा कि पर्व त्यौहार में बदमाशी और उपद्रव करने वाले किसी भी धर्म के असामाजिक तत्व को बक्सा नहीं जायेगा.बदमाशी करने वाले असमाजिक तत्वों का इलाज करने के लिए ठाकुर गांव पुलिस हर चौक चौराहा में मौजूद रहेंगे। बुढ़मू अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने कहा कि प्रखंड में एक आदर्श और भाईचारगी प्रखंड बने, प्रशासन का ये लक्ष्य है. बैठक में जो सुझाव मिले है उसमें वर्क किया जायेगा. जुलुश के रूट को लेकर भी वेरिफिकेशन किया जायेगा.

विकास पदाधिकारी धीरज कुमार ने कहा कि बदमाशी करने वाले असमाजिक तत्वों का इलाज करेंगे, साथ ही ठाकुर गांव पुलिस की जुलूस में पैनी नजर रहेगा। मांडर इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी ने कहा कि गड़बड़ी करने वाले सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं. सोशल मीडिया पर जानबूझ कर या अनजाने में आपत्तिजनक चीजों को फॉरवर्ड न करें, पूर्व जिला परिषद पार्वती देवी ने कहा कि जुलुश में लोग शराब पी के आते हैं और अश्लील गाना बजाते हैं जिससे दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचता जो कि नहीं नहीं करना चाहिए, और जुलुश में डीजे का प्रतिबंध है तो ज्यादा से ज्यादा कोशिश करना चाहिए कि ढोल और नगाड़ा बजाएं ताकि पुराना सभ्यता बनी रहे, ठाकुर गांव एसआई दिलीप कुमार ने कहा कि जुलुश चाहे ईद का हो सरहुल का हो या फिर रामनवमी का हो किसी भी धर्म के विरोध कोई ऐसा गाना नहीं बजाएं जिससे दूसरे धर्म को बुरा लगे, आप सभी आपस में शान्ति व्यवस्था बनाए रखें ताकि थाना क्षेत्र में त्यौहार मनाने में किसी को कोई परेशानी न हो। विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने कहा कि सभी शान्ति पूर्वक अपने अपने क्षेत्र में त्यौहार मिल जुल कर बनाएं, विनित कुमार ने कहा कि कहा कि देर रात तक डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाना है और किसी भी धर्म को ठेस पहुंचे ऐसा गाना बजना सख्त मना है, अगर किसी प्रकार का धर्म को लेकर विवादित गाना बजाया तो उसके खिलाफ प्राथमिकता दर्ज किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई किया, बैठक में एएसआई सुरेश कुमार दास, जिला परिषद मनोज बाजपेई,रत्नेश्वर गिरि, नरेश यादव,शिव शंकर उरांव, रंथू उरांव, पत्रकार चंद्रकांत गिरि, कालीचरण साहू,संजय साहू समेत थाना क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## डिमना घाटी रोड पर रीसर्फेसिंग कार्य 26 से, पटमदा-डिमना रोड को किया गया डायवर्ट

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डिमना घाटी रोड पर रीसर्फेसिंग कार्य के कारण डिमना से पटमदा जाने वाले रास्ते को डायवर्ट किया गया। पटमदा से आने वाले वाहनों के लिए पटमदा मोड़ से काली मंदिर की ओर तथा पटमदा जाने वाले वाहनों के लिए डिमना चौक से काली मंदिर की ओर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। यह डायवर्जन 26 से 28 मार्च, 2025 (3 दिनों के लिए) सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगा। डिमना चौक से नए एमजीएम तक यातायात अपरिवर्तित रहेगा। मरम्मत का यह काम टाटा स्टील यूआइएसएल करा रहा है। उक्त जानकारी टाटा स्टील यूआईएसएल के कॉरपोरेट विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति से दिया है।

## दो बाईक में हुई जोरदार भिड़ंत, एक गंभीर

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप टाटा-चाईबासा मुख्य मार्ग पर दो बाइक सवार की आमने-सामने से जोरदार से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्ती की दोनों बाइकों के आगे हिस्से के चिथडे उड़ गए. एक बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है वहीं दूसरे बाइक सवार को कोई चोट नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार घायल की पहचान गुम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बड़ा काकड़ा निवासी भगत हाइबुरु (25) वर्षीय के रूप में हुई है. वही इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक को टक्कर मारने वाले बाइक सवार को चालक को पकड़ लिया और दूसरे बाइक चालक घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया. जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया. बता दें कि घटना मंगलवार की सुबह करीब 10ः00 बजे के आसपास की है। फिलहाल सरायकेला पुलिस जांच में जुट गई है।

## स्वर्णरेखा नदी में दोनों छोर से घिरे हाथी ने युवक पर किया हमला, मौत

**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के माछभांडार निवासी हाड़ीराम मुर्मू (44) की मौत जंगली हाथी के हमले में मंगलवार को हो गई। घटना सुबह आठ बजे की है। गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के माछभांडार और चाकुलिया थाना क्षेत्र के भुरुच गांव के बीच स्वर्णरेखा नदी मौजूद है। सूत्रों के मुताबिक दोनों गांव के ग्रामीण हाथी एक छोर से दूसरे छोर की ओर भगा रहे थे। जंगली हाथी दोनों ओर से घिरने से काफी गुस्से में था। इस दौरान नदी किनारे टहल रहे हाड़ीराम मुर्मू पर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोट पहुंची। बेहोशी की हालत में ग्रामीण उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला ले गए। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के कर्मी भीम सोरेन ने बताया कि विभागीय नियम के अनुसार पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। घटना के बाद हाथी चाकुलिया वन क्षेत्र की ओर भाग गया है। घटना की सूचना पर झामुमो नेता जगदीश भकत अनुमंडल अस्पताल पहुंचे और परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## विधायक मगंल कालिंदी ने शून्यकाल में उठाया केसीसी ऋण का मुद्दा

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के किसानों को केसीसी ऋण के लिए स्टेट बैंक की पटमदा शाखा द्वारा 7- 8 महीने से दौड़ाने की खबर विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रकाशित हुई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में मामले को उठाया। विधायक ने सदन में कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड कृषि प्रधान है और यहां के किसान धान के बाद सबसे अधिक सब्जियों की खेती करते हैं लेकिन यहां के बैंकों द्वारा केसीसी ऋण के लिए किसानों को 7-8 महीना से अधिक समय से दौड़ाया जा रहा है, बेवजह परेशान किया जा रहा है। खासकर स्टेट बैंक व ग्रामीण बैंक से किसान काफी परेशान हैं।

## मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा का राजस्थान दिवस व गणगौर पूजन की तैयारी पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा की एक बैठक जगदीश मुनका के सीतारामडेरा स्थित निवास पर आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान दिवस (30 मार्च) और सामूहिक गणगौर पूजन (31 मार्च) की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राजस्थान दिवस के अवसर पर नर सेवा - नारायण सेवा के तहत आश्रम में भोजन सेवा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। वहीं, 31 मार्च सोमवार को शाखा द्वारा पहली बार आयोजित होने जा रहे सामूहिक गणगौर पूजन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि माताओं और बहनों के लिए पूजन की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में प्रतुख रूप से शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया, सचिव मालीराम अग्रवाल, रामोतार बेगराजका, राम सरोज, विश्वनाथ अग्रवाल, मनोज खेमका, शीतल अग्रवाल, कैलाश छावछरिया, शंकरलाल अग्रवाल, रतन अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि शामिल थे।

## किशोरियों के नेतृत्व विकास शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) द्वारा समेकित जन विकास केंद्र, सुंदरनगर में पांच दिवसीय नेतृत्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पोटका प्रखंड की 30 किशोरियों ने हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से किया गया। परियोजना समन्वयक चांदमनी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य को विस्तार से समझाया कि किशोरियां अपने नेतृत्व कौशल को विकसित कर समुदाय, पंचायत और प्रखंड स्तर पर अपनी समस्याओं के लिए आवाज उठाएं और उनका समाधान करें। नाटक और खेलों के माध्यम से किशोरियों ने नेतृत्व के गुणों को पहचाना और उन्हें बेहतर करने का अभ्यास किया। युवा की सदस्य अंजना देवगम ने किशोरियों को निर्णय लेने, सहमति बनाने और पसंद को समझने के बारे में विस्तार से बताया। रिसोर्स पर्सन के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता ने किशोरियों को डिजिटल फ्रॉड और हिंसा से संबंधित जानकारी दी।

## पीजीटी व प्रयोगशाला सहायकों को 9 महीने से वेतन नहीं, शिक्षा मंत्री व निदेशक को ज्ञापन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से नवनियुक्त पीजीटी एवं प्रयोगशाला सहायकों के नौ महीने से लंबित वेतन का गंभीर मुद्दा रखा। जिसपर विभाग द्वारा अप्रैल माह तक शत-प्रतिशत बकाया वेतन भुगतान कर देने का आश्वासन दिया गया है। इसके अतिरिक्त नव नियुक्तों के सेवा पुस्तिका संधारण, एलपीसी के आधार पर वेतन भुगतान, स्थानांतरण एवं वरीय वेतनमान से संबंधित समस्याओं से भी अवगत कराया गया। सभी मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा करते हुए निदेशक ने यथोचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक

# साकची में नो पार्किंग क्षेत्र में ऑटो खड़ी करने पर होगी कारवाई

**● आईएसबीटी के लिए अस्थाई शेड निर्माण, शौचालय आदि को लेकर दिया गया निर्देश**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई । वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में नेशनल हाईवे के किनारे सड़क किनारे अवैध रूप से पार्किंग करना, गलत साइड में ड्राइविंग व ओवरस्पीड प्रमुख कारण पाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा किए गए एक सर्वे में 9 स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां सड़क दुर्घटनायें लगातार हो रही हैं। उन्होने हाईवे पर अवैध पार्किंग के विरूद्ध ठोस कार्रवाई को लेकर हार्ड बैरिकेडिंग किए जाने, हाईवे में मिलने वाली कनेक्टिंग रोड के पास ब्लिंकर्स लगाने व ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए चिन्हित स्थलों पर बैरियर लगाने के सुझाव दिए। उपायुक्त ने एनएचएआई के पदाधिकारी को उक्त सुझावों पर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जेमको, दोमुहानी, एमजीएम एवं पीडब्लू चौक बहरागोड़ा में अक्सर हो रही सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम को लेकर विशेष पहल करने का निर्देश एन.एच.ए.आई, जेएनएसी के पदाधिकारी व टाटा स्टील के प्रतिनिधि को दिया गया। जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा के दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने साक्ची गोलचक्कर में ऑटो चालकों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि ऑटो चालक निर्धारित पार्किंग स्थल में ही ऑटो लगायें और सवारी बैठायें । अंडर एज व बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ऑटो चालकों की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया । यातायात नियमों की अवहेलना पर जुर्माना वसूलने का निर्देश दिया गया । बैठक में मानगो बस स्टैंड में वर्षो से खड़े जर्जर बसों को हटाये जाने तथा अंतर्राज्यीय बसों के लिए आईएसबीटी को अस्थाई तौर पर विकसित करते हुए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विमर्श किया गया। फरवरी माह में 33 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 25 लोगों की मृत्यु व 20 लोग गम्भीर रुप से घायल हुए।

**572 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, 14.5 लाख रू. से ज्यादा जुर्माना वसूला गया :** फरवरी माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 572 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया । वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत यातायात नियमों के उल्लंघन के अन्य मामलों में 14 लाख 50 हजार रू. जुर्माना वसूला गया । 1928 नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गए जिनमें 1637 पुरूष एवं 291 महिलाएं हैं । बैठक में डीटीओ धनंजय, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण दीपक सहाय, डीएसपी भोला प्रसाद, डीएसपी ट्रैफिक, एमवीआई श्री सूरज हेंब्रम, यंग इंडियस के प्रतिनिधि, टाटा स्टील व जुस्को के प्रतिनिधि तथा बस एसोसिएशन एवं ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## टिनप्लेट यूनियन महिला इंटर महाविद्यालय में आयोजित हुआ कवयित्री सम्मलेन

**- कवयित्रीयों की प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँजता रहा पूरा हॉल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** टिनप्लेट यूनियन महिला इंटर महाविद्यालय की ओर से कवयित्री सम्मलेन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना थाद्य कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल कामिनी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के डिप्टी प्रसिडेंट परबिंदर सिंह सोहल ने स्वागत भाषण देते हुए कवयित्रीयों सभी का परिचय करवाया। यूनियन के महासचिव मनोज सिंह ने अपनी बातों को रखते हुए कहा की कविताओं से हम सबको कुछ सिखने की जरूरत हैं। इस कवयित्री सम्मलेन का संचालन अंतराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा ने बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत कवयित्री वीणा भारती पांडेय ने सरस्वती वंदना से किया। मौके पर कवयित्रीयों ने नारी शक्ति पर एक से एक बढ़कर अपनी प्रस्तुति दी, जिससे पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँजता रहा। कॉलेज प्रबंधन की ओर से अंतराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा, माधवी उपाध्याय, बिना भारती पांडेय, पूनम शर्मा स्नेहदिल स्वागत किया। अतिथियों में मुख्य रूप से यूनियन के डिप्टी प्रसिडेंट परबिंदर सिंह सोहल, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सीनियर वाईस प्रेजिडेंट साई बाबू राजू, जगजीत सिंह, सामाजिक संस्था समाज के संस्थापक अध्यक्ष अनंत सिंह आदि उपस्थित थे। जबकि कालेज की शिक्षिकाओं में ममता सवाई, सीमा कुमारी, झूमा घोषाल, आभा सिंह, सरिता कुमारी, नीलम दुबे, नेहा कुमारी, मीरा श्रीवास्तव, रीचा शर्मा, बरनाली गुहा, पूजा कुमारी, लीलावती, सिमरन आदि शामिल रही।

## आरवीएस अकादमी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी यूके में बेस्ट स्कूल ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

**- मान्यता हमें अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए और अधिक करती है प्रेरित : बिंदा सिंह**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आर वी एस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है क्योंकि स्कूल को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके में प्रतिष्ठित बेस्ट स्कूल ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आर वी एस अकादमी के चेयरमैन बिन्दा सिंह और प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके में आयोजित वर्ल्ड लीडर समिट के दौरान एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार स्कूल की उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कड़े निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद, आर वी एस अकादमी ने दुनिया के कुछ बेहतरीन संस्थानों में से विजेता के रूप में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर 20 देशों के 30 विश्व लीडर्स को सम्मानित किया गया। बिन्दा सिंह जी ने अपनी कृतज्ञता और गर्व व्यक्त करते हुए कहा, इंग्लैंड जाकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना आरवीएस अकादमी के लिए बहुत बड़ा सम्मान है। यह हमारे स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और समग्र विकास के प्रति अटूट समर्पण का प्रतिबिंब है। यह मान्यता हमें अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए और अधिक प्रेरित करती है। उन्होंने इस महान उपलब्धि के लिए स्कूल के प्रत्येक हितधारक को बधाई दी।

## कोइलाबेड़ा में वायआई जमशेदपुर ने 20वें तालाब का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जल संरक्षण और ग्रामीण स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, वायआई जमशेदपुर के क्लाइमेट चेंज वर्टिकल ने अपना 20वां तालाब उद्घाटित किया। यह पहल वायआई की पर्यावरणीय जिम्मेदारी और ग्रामीण समुदायों में जल सुरक्षा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कोइलाबेड़ा में निर्मित इस तालाब को आरुष मेटल कास्टिंग लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया है। 2.6 लाख लीटर जल संग्रहण क्षमता वाले इस तालाब से ग्रामीणों को स्नान, कृषि, पशुपालन और दैनिक आवश्यकताओं के लिए जल उपलब्ध होगा। यह इस वर्ष निर्मित छठा तालाब है, जो जल संकट के समाधान और सतत जल प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व अनुज अग्रवाल (वायआई नेशनल क्लाइमेट चेंज चेयर) और अरूष सभरवाल ने किया। इस अवसर पर पुलकित झुनझुनवाला (पूर्व चेयर, वायआई जमशेदपुर), अनिश मुरारका और शालू खेतान (को-चेयर्स, क्लाइमेट चेंज वर्टिकल) भी उपस्थित रहे।

## अमलगम स्टील एंड पॉवर व अमलगम स्टील के मेन गेट समीप खुदाई होने से आवाजाही बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** कांड्रा स्थित अमलगम स्टील एंड पॉवर लिमिटेड और अमलगम स्टील प्राइवेट लिमिटेड के प्रवेश मार्ग को रैयत मनसा राम महतो ने रोकते हुए सड़क की खुदाई शुरू कर दिए जाने से कंपनी में आने-जाने वाहनों का प्रवेश और निकास बंद हो गया है। इस संबंध में रैयत मनसा राम महतो ने बताया कि खाता संख्या तीन, प्लॉट संख्या 996 और 998 उनकी रैयती जमीन है। उक्त जमीन को उन्होंने दो साल के लिए कंपनी को सशर्त लीज पर दिया था। लीज की अवधि समाप्त होने पर जब उक्त जमीन पर कब्जा करने जाता हूं तो कंपनी के अधिकारियों एवं सुरक्षा अधिकारी द्वारा झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जाती है। इसको लेकर कई बार संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ पत्राचार भी किया गया, किन्तु उसपर कोई निष्कर्ष अबतक नहीं निकल पाया। तत्पश्चात, बीते 21 मार्च को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को इस बावत सूचित कर अपने पुश्तैनी रैयती जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। कंपनी का मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना मिलते ही कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर बीच का रास्ता निकालने का अनुरोध किया, किन्तु मनसाराम महतो अपनी मांग पर अड़े रहे और निर्माण कार्य जारी रहा। इस बावत कंपनी के अधिकारी तेजपाल सिंह को कॉल कर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## वाईआई ईस्टर्न रीजन काउंसिल मीटिंग 2025 का सफल समापन, जमशेदपुर चौप्टर को 8 पुरस्कार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** यंग इंडियंस (वाईआई) जमशेदपुर द्वारा आयोजित वाईआई ईस्टर्न रीजन काउंसिल मीटिंग (ईआरसीएम) 2025 का शानदार समापन हो गया। दो दिवसीय यह आयोजन ऊर्जा और जोश से भरपूर रहा, जिसमें पूर्वी भारत के 9 चौप्टर और 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वाईआई जमशेदपुर को 6 क्षेत्रीय और 2 चेप्टर पुरस्कार मिले, जो उनकी उत्कृष्ट पहलों और सामाजिक योगदान को दर्शाते हैं। मीटिंग के दौरान नेतृत्व, नवाचार और सहयोग पर विचार-विमर्श हुआ। रोमांचक गतिविधियों में टाटा मोटर्स का औद्योगिक दौरा, जमशेदपुर ट्रेजर हंट और एक्सएलआरआई के प्रोफेसर सुनील कुमार षाड़गी द्वारा प्रेरणादायक सत्र शामिल था। सांस्कृतिक संध्या में बंदिश बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी, जिससे माहौल संगीतमय हो गया। वाईआई के नेशनल लीडर्स, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कृष्ण और क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रीतम बंसल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

## सारना समिति कुटाम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम व छऊ का आयोजन

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम सारना समिति द्वारा सामूहिक आदिवासी सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एएसआईएमजेडब्लूए के प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अरूण माझी, मुखिया प्रतिनिधि दयाल सिंह मुण्डा, ग्राम प्रधान सम्बद सिंह मुण्डा, बीरबल गोप, गणपति गोप, अश्विनी गोप आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जमशेदपुर के अजय कालिंदी एवं दल द्वारा डांस कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। डांस कार्यक्रम में लोग जमकर थिरके। दिन भर कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन कराया। वहीं बंगाल के पुरूलिया बराह बाजार के हर गौरी जंगल महल छऊ नृत्य पार्टी एवं बाघमुंडी गोविंदपुर नवयुवक छऊ पार्टी के द्वारा गणेश बंदना, महिषासुर बध, सखी छऊ सहित रामायण महाभारत पर आधारित मानभूम शैली का छऊ का छटा बिखेरी। मौके पर नंदलाल सिंह मुण्डा, संतोष प्रामाणिक, सीताराम सिंह मुण्डा,नव किशोर सिंह मुण्डा,सम सिंह मुण्डा,अजय सिंह मुण्डा आदि सैकड़ो आयोजन कर्ता उपस्थित थे।

## राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र सरायकेला में सृजित पदों पर पदस्थापन हो : दशरथ गागराई



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने राज्य सरकार से राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र सरायकेला में सृजित पदों पर नियमित पदस्थापन का मांग की है। विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को सदन में शून्य काल के दौरान मामला उठाते हुए कहा कि सरायकेला खरसावां की धरती छऊ नृत्य के लिए विश्व विख्यात है। छऊ नृत्य कला को सरकार के स्तर से संरक्षण देने के उद्देश्य से सन 1961 में सरायकेला में राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र की स्थापना की गई थी। जिसमें निदेशक समेत कुल 5 पद सृजित है। अभी हाल के दिनों में सभी पद रिक्त हो गए हैं। विधायक ने सरकार से छऊ कल नृत्य कला को संरक्षण देते हुए राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र सरायकेला में सभी सृजित पदों पर नियमित पदस्थापन की मांग की है।

# झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में भूमिज भाषा को शामिल करने की मांग

**- पोटका विधायक के नेतृत्व में भूमिज समाज का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिला**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीइटी) में भूमिज भाषा को शामिल करने की मांग को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में भूमिज समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शिक्षा मंत्री श्री सोरेन से कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य की 15 भाषाओं को शामिल किया गया है, लेकिन भूमिज भाषा को इसमें स्थान नहीं दिया गया, जबकि यह झारखंड की एक प्रमुख जनजातीय भाषा है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि पूर्व में झारखंड सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती नियमावली-2012 और 2016 की शिक्षक पात्रता परीक्षा में भूमिज भाषा को मान्यता दी गई थी। हालांकि, वर्ष 2023 में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ( जेएसएससी ) की परीक्षाओं से भूमिज भाषा को हटा दिया गया, जिससे भूमिज समाज के हजारों युवा प्रभावित हुए हैं। अब शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 में भी इस भाषा को शामिल नहीं किया गया, जिससे समुदाय में असंतोष बढ़ रहा है। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड में भूमिज जनजाति की आबादी राज्य में लाखों के तादाद में है। भूमिज भाषा मातृभाषा के रूप में पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, धनबाद और बोकारो जिलों में बोली जाती है। उन्होंने मांग की कि शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 में भूमिज भाषा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि इस भाषा के जानकार युवा भी शिक्षक बनने के अवसर से वंचित न हों। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार उचित निर्णय लेगी और भूमिज भाषा को शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। विधायक संजीव सरदार ने उम्मीद जताई कि सरकार इस पर शीघ्र सकारात्मक फैसला लेगी। विधायक संजीव सरदार के साथ प्रतिनिधि मंडल में संजय सरदार, परमेश्वर सरदार, बिहारी लाल सरदार, श्रीकांत भूमिज, विश्वजीत सरदार आदि शामिल थे.

## झारखंड राज्य आजीविका मिशन की महिलाओं को मिले उचित मानदेय : संजीव सरदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य आजीविका मिशन (जेएसएलपीएस) के तहत कार्यरत महिलाओं एवं संकुल स्तर पर काम करने वाली महिला कैडरों को उनका उचित अधिकार मिलना चाहिए। पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा के शून्यकाल में सरकार से मांग की है कि इन महिलाओं के मानदेय में वृद्धि की जाए और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जेएसएलपीएस में कार्यरत महिलाएँ आजीविका संवर्धन और महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बहुत कम मानदेय मिलता है। साथ ही, वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन महिलाओं के मानदेय को बढ़ाया जाए और उन्हें पेंशन, बीमा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

# विचार प्रवाह

## संपादकीय

# न्यायपालिका की साख दांव पर

देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने तीन न्यायाधीशों की जांच समिति गठित की है, तो दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आवास पर 15 करोड़ रुपए मिलने के आरोपों को नकार दिया है, बल्कि सख्ती से खारिज भी किया है। यह कोई सामान्य आरोप नहीं है। जस्टिस आम आदमी भी नहीं हैं। उनके जरिए देश की न्यायपालिका की साख दांव पर है। आम नागरिक का न्यायपालिका में विश्वास संदेहास्पद हो गया है। न्याय ही सवालिया हो गया है। सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात वकील हैरान हैं, लेकिन साफ कह रहे हैं कि जस्टिस वर्मा की छवि अच्छी और पारदर्शी है। यदि नकदी बरामद किया गया है, तो वह न्यायाधीश के मूल आवास से नहीं किया गया है। ऐसे सरकारी आवास में कई कमरे होते हैं। उनमें से 'आउटहाउस' वाले कमरे में, जो जेनरेटर के पास है, 14 मार्च की रात्रि आग लगी थी। जज का परिवार उस समय दिल्ली से बाहर था। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की सूचना के बाद जस्टिस वर्मा और परिजन अगले ही दिन लौट आए। दरअसल यह खबर और घटनाक्रम तब से राजनीतिक गलियारों, अदालतों और मीडिया में सुर्खियां बना है, जब एक प्रख्यात अंग्रेजी अखबार ने खबर छाप दी कि न्यायाधीश के आवास से 15 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। तभी देश में सनसनी फैल गई। यह एक सेवारत न्यायाधीश पर बेहद गंभीर और भ्रष्टाचार का आरोप है। कुछ सवाल मौजू हैं। आखिर नकदी नोट किसने देखे और बरामद किए? यदि नोट मिले हैं, तो 'रिकवरी मेमो' कहां है? नकदी कहां जमा है और दिल्ली पुलिस सार्वजनिक तौर पर खामोश क्यों रही? आखिर इतना धन कहां से आया और 15 करोड़ रुपए की गिनती किसने की? क्या यह 'काली कमाई' का मामला है? ऐसा नहीं है कि अदालतें भ्रष्टाचार से अछूती रही हैं। बीते 5 साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। उनके निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। अब तीन न्यायाधीशों की जांच में आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाती है। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करता है। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजते हैं। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है। ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। सच यह भी है कि निष्कर्ष सामने न आए और प्रधान न्यायाधीश और आरोपित जस्टिस सेवामुक्त ही हो जाएं, तो नकद राशि का क्या होगा।

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आवास पर 15 करोड़ रुपए मिलने के आरोपों को नकार दिया है, बल्कि सख्ती से खारिज भी किया है। यह कोई सामान्य आरोप नहीं है। जस्टिस आम आदमी भी नहीं हैं। उनके जरिए देश की न्यायपालिका की साख दांव पर है। आम नागरिक का न्यायपालिका में विश्वास संदेहास्पद हो गया है। न्याय ही सवालिया हो गया है। सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात वकील हैरान हैं, लेकिन साफ कह रहे हैं कि जस्टिस वर्मा की छवि अच्छी और पारदर्शी है। यदि नकदी बरामद किया गया है, तो वह न्यायाधीश के मूल आवास से नहीं किया गया है। ऐसे सरकारी आवास में कई कमरे होते हैं। उनमें से 'आउटहाउस' वाले कमरे में, जो जेनरेटर के पास है, 14 मार्च की रात्रि आग लगी थी। जज का परिवार उस समय दिल्ली से बाहर था। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की सूचना के बाद जस्टिस वर्मा और परिजन अगले ही दिन लौट आए। दरअसल यह खबर और घटनाक्रम तब से राजनीतिक गलियारों, अदालतों और मीडिया में सुर्खियां बना है, जब एक प्रख्यात अंग्रेजी अखबार ने खबर छाप दी कि न्यायाधीश के आवास से 15 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। तभी देश में सनसनी फैल गई। यह एक सेवारत न्यायाधीश पर बेहद गंभीर और भ्रष्टाचार का आरोप है।

### सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है

# कर्नाटक में कांग्रेस का फैसला संविधान के खिलाफ

प्रभुनाथ शुक्ल

मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है। यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ठेकेदारी में मुस्लिम आरक्षण का बिल आखिरकार शुक्रवार को शोर शराबे और हंगामे के बाद में राज्य विधानसभा में पारित कर दिया। मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है। यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। जबकि सरकार की असली मंशा मुस्लिम वोटरों पर है। फिलहाल भजपा बिल के खिलाफ अदालत का रुख करेगी या आंदोलन के जरिए हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करेगी यह वक्त बताएगा। सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। फिलहाल आम गरीब मुस्लमानों को इस कानून से कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। क्योंकि किसी भी सरकारी टेंडर लेने के लिए अच्छी ख़ासी पूँजी होनी चाहिए। सरकार इस तरह का कानून लाकर एक तीर से कई निशाना साधना चाहती है। कांग्रेस को लेकर वह मुसलमानों में एक सहानुभूति पैदा करना चाहती है। दूसरी तरफ सरकार के बेहद करीबी संबंध रखने वाले दौलतमंद मुस्लिमों को बेहतर मौका देना चाहती है। मुस्लिम मतों को हमेशा अपने पाले में रखने के लिए यह तुष्टिकरण की सबसे उम्दा नीति है। जबकि यह संविधान विरोधी है। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए अदालत में जाने का फैसला किया है। भजपा का आरोप है कि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का विकल्प नहीं है। धार्मिक आधार पर आरक्षण दिए जाने का खुद बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर ने विरोध किया था। आगरा में बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद उन्होंने खुद कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद हमें अब आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया है और दावा किया है कि



यह संविधान के खिलाफ है, क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तेजस्वी सूर्या ने इसे असंवैधानिक और वोट-बैंक की रणनीति बताते हुए इसे दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के खिलाफ बताया है। जबकि राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने साफ किया है कि यह आरक्षण केवल मुस्लिमों के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों के लिए है, हालांकि विवाद मुख्य रूप से मुस्लिम कोटा पर केंद्रित है। क्योंकि हमारे संविधान में धार्मिक आधार पर आरक्षण का कोई प्राविधान नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसे राज्य के सभी अल्पसंख्यक समुदाय ईसाई, जैन, सिख के लिए बेहतर बताया है, लेकिन मूल विवाद धार्मिक आधार को लेकर है। क्योंकि सरकार सभी अल्पसंख्यकों की बात भले करती हो, लेकिन उसकी सोच में सिर्फ मुस्लिम हैं। क्योंकि राज्य में तक़रीबन 13 फीसदी मुस्लिमों की आबादी है। सामाजिक संगठनों ने इस आरक्षण पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। जबकि राज्य के मुसलमानों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ 1970 के दशक से मिल रहा है। कर्नाटक की राजनीति में अब यह बड़ा मुद्दा बन गया है, जिसमें सामाजिक न्याय, संवैधानिकता, और वोट-बैंक की लड़ाई आमाने -सामने हो गईं है। कांग्रेस के लिए अहम सवाल यह है कि राहुल गाँधी देश भर में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने संविधान बचाओ का नारा दिया था। फिर कर्नाटक में उन्हें संविधान की लुटिया डूबती क्यों नहीं दिखती। वहां भी तो कांग्रेस सरकार है। फिर मुसलमानों के वोट के लिए दोहरे चरित्र की राजनीति कहाँ तक जायज है। हिन्दुओं की उपेक्षा और मुसलमनों को सिर आँखों पर बिठाने की राजनीति कांग्रेस को ले डूबी। वैसे राहुल गाँधी और कांग्रेस से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। क्योंकि साल 2012 में उन्होंने खुद मुस्लिम आरक्षण की वकालत किया था। देश में मुसलमानों को खुश करने के लिए कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रहीं है उससे फिरहाल उम्मीद भी नहीं दिखती कि वह दिल्ली की राजनीति में वापसी करेगी। तुष्टिकरण की राजनीति ने कांग्रेस को कहीं का नहीं छोड़ा। महागठबंधन बनाने के बाद भी कांग्रेस को कुछ हासिल नहीं हुआ। यह दीगर बात है कि लोकसभा में उसकी सीटें अधिक आयीं, लेकिन यह गठबंधन की वजह से हुआ। कर्नाटक में संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर मुस्लिम ठीकेदारों को सरकारी कामकाज में चार फीसदी आरक्षण का बिल पास हो गया, लेकिन राहुल गाँधी एक शब्द नहीं बोला। इस तरह की राजनीति कांग्रेस के पतन का एक और इतिहास लिखेगी। अगर धर्म के आधार पर धार्मिक अल्पसंख्यकों को सरकारी कामकाज में आरक्षण दिया जा रहा है तो हिन्दुओं को क्यों नहीं। कल दूसरे समुदाय के लोग भी इस तरह के आरक्षण की मांग करेंगे। बेगम एजाज रसूल ने संविधान सभा में धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण पर तीखा विरोध किया था। वह अकेली महिला थीं जिन्होंने इसका खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा था इस तरह के आरक्षण से मुसलमान, बहुसंख्यक समाज का विश्वास खो देगा। इसलिए ऐसे आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। यह आत्मघाती होगा और बहुसंख्यकों से अलग कर देगा।लेकिन आज हिंदू समाज के कथित हिमायती मुस्लिम आरक्षण की माला जप रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बीते साल मार्च में शिक्षा और रोजगार में मुसलमानों के लिए चार फीसदी आरक्षण की वकालत किया था। साल 2014 में महाराष्ट्र की तत्कालीन कॉंग्रेस सरकार ने शिक्षा और नौकरी में पांच फीसदी आरक्षण का अध्यादेश पारित किया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने अपने एक बयान में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। इससे कांग्रेस की सोच साफ हो जाती है। कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार तो मुसलमानों पर मेहरबन है। राज्य के बजट में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए एक हजार करोड़ का विशेष प्राविधान किया है।

## दृष्टि कोण

# खुदकुशी को न्योता देते मानसिक विकार

'मन के जीते जीत है, मन के हारे हार', यह उक्ति न जाने कितने लोगों के जीवन में प्रेरणा की स्रोत रही होगी। न जाने कितने लोगों ने इन शब्दों को आत्मसात कर जीवन की कठिनाइयों का न केवल सामना किया है, अपितु उन पर विजय पताका लहराई होगी। आज के संदर्भ में न तो कोई शब्द न ही कोई उक्ति, न कोई मुहावरा अथवा लोकोक्ति प्रचलित है, या इनका उपयोग केवल परीक्षा पास करवाने के लिए पाठ्यक्रम का हिस्सा मान लिया गया है। जहां तक अध्ययन एवं अध्यापन का सवाल है, ये सदैव ही व्यावहारिक होने चाहिए। शिक्षा व्यक्ति के चरित्र व व्यक्तित्व में झलकनी चाहिए, तभी शिक्षा का मूल उद्देश्य सार्थक होता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आए दिन प्रदेश में खुदकुशी एवं आत्महत्या के समाचार विभिन्न माध्यमों से देखने या सुनने को मिलते हैं। खुदकुशी व आत्महत्या जैसे शब्दों के सुनने मात्र से डर की भावना सभी मनुष्यों में दस्तक देती है, फिर भी न जाने क्यों और कैसे जान बूझकर मौत के आगोश में चले जाते हैं, यह हम सभी के समक्ष चिंता का विषय है। मृत्यु अटल है, जिसका जन्म हुआ, उसकी मृत्यु निश्चित है, यह परम सत्य है। लेकिन जानबूझ कर मौत को गले लगाना उचित है, यह एक यक्ष प्रश्न है। प्रदेश में प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों में खुदकुशी का भयानक सच देखने को मिलता है। आए दिन समाचार पत्रों में खुदकुशी की खबरें छपी नजर आती हैं। परीक्षा परिणाम में असफलता से खुदकुशी, पारिवारिक झगड़ों के कारण खुदकुशी, प्रेम प्रसंग विफलता से खुदकुशी, सामाजिक दबाव से खुदकुशी व उच्च अधिकारी के दबाव के कारण खुदकुशी सहित न जाने खुदकुशी के कितने प्रकार हैं। अगर इन प्रकारों को गिनते जाएं तो न जाने फेहरिस्त कितनी लंबी होगी। खुदकुशी शब्द वैसे सुनने में तो उतना भयावह नहीं क्योंकि जहां खुशी का जिक्र आए वहां कैसा डर, परन्तु वास्तविकता तथा इसके परिणाम विशेषतः पारिवारिक दृष्टिकोण से भयावह एवं पीड़ादायक होते हैं। एक ऐसी पीड़ा जिसका वर्णन अल्फाज में करना मुमकिन नहीं होता। खुदकुशी की यह पीड़ा व इसकी तस्वीर तब गंभीर होती है, जब समाज के प्रबुद्ध एवं हजारों के प्रेरणास्रोत व्यक्ति इस रास्ते को अपनाते हैं। कौन भूल पाया होगा स्वर्गीय श्री अश्वनी कुमार को जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर व नागालैंड राज्य के राज्यपाल रहे। इसके अलावा भी वह अपने जीवन में न जाने कितने बड़े-बड़े पदों पर आसीन रहे हैं। ऐसे पद जिनको पाने के लिए व्यक्ति अपना सर्वस्व तक न्योछावर करने को तत्पर रहते हैं। ऐसी शख्सियत की खुदकुशी की खबर ने तो न जाने कितने लोगों को सोचने पर विवश किया होगा, कि मानसिक विकार के आगे पदवी एवं भोग-विलासिता का कोई महत्व नहीं। वहीं प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे स्वर्गीय श्री रामस्वरूप शर्मा सहित प्रदेश के न जाने कितने प्रभुत्वशाली व्यक्तित्व मानसिक विकारों के चलते खुदकुशी जैसी कायराना हरकत को अंजाम दे गए। आए दिन नशे की लत में संलिप्त युवा भी खुदकुशी रूपी काल का ग्रास बनते जा रहे हैं। जब हम ऐसी घटनाओं पर मंथन करते हैं तो इनके पीछे मानसिक विकार स्पष्ट रूप से सामने आता है। देश-विदेश के अनेक शोध अध्ययन भी खुदकुशी के कारणों में मनोवैज्ञानिक विकारों को मुख्य कारण मानते हैं। वर्तमान में जहां एक ओर मानव जीवन विलासितापूर्ण है, वहीं मनुष्य कई प्रकार के मानसिक विकारों का शिकार है अथवा ग्रसित है। मानसिक विकार विभिन्न प्रकार के होते हैं। यद्यपि ये विकार व्यक्ति की आयु, लिंग एवं जीवन शैली के अनुसार पृथक-पृथक हो सकते हैं। चिंता विकार मुख्य सामान्य मानसिक विकार है तथा इसे मानसिक विकारों की जननी कहना भी उपयुक्त होगा। किसी ने क्या खूब कहा है कि 'चिंता, चिता का कारण है।' चिंता किसे नहीं होती, शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होता होगा जिसको चिंता न होती हो, लेकिन चिंता को अपने ऊपर हावी होने देना मानसिक विकार को उत्पन्न करता है। फलतः खुदकुशी का कारण बनती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज विश्व की लगभग 35 करोड़ जनसंख्या चिंता विकार की शिकार है। वहीं अवसाद जिसे डिप्रेशन कहते हैं, भी मानसिक विकार व रोग है जिसमें व्यक्ति को उदासी, निराशा व जीवन के प्रति रुचि की कमी महसूस होती है। अतः व्यक्ति का अपने प्रति यह उदासीन रवैया कभी-कभार खुदकुशी का कारण बनता है। द्विध्रुवी विकार भी एक मानसिक विकार है जिसमें व्यक्ति को अवसाद और उत्तेजना के बीच में बदलाव का अनुभव होता है। वहीं स्किजोफ्रेनिया मानसिक विकार में व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में गड़बड़ी का अनुभव होता है तथा उसी उधेड़बुन में व्यक्ति डूबा रहता है।

## कुछ अलग

# साहब का नाच...

एसडीएम साहब खूब नाचे। समारोह सरकारी, मंच सरकारी और सामने गायक भी सरकारी था, इसलिए नाचना उनके अधिकार क्षेत्र में था। अधिकारी पर अधिकार और अधिकार पर अधिकारी के नियंत्रण का अक्सर उसके नाच से पता चलता है। वैसे आजकल अधिकारियों या प्रशासनिक अधिकारियों को खुद को वश में रखना कहां संभव है। वे जहां-तहां नाच सकते हैं, बशर्ते उन्हें बताया जाए कि कब नाचना, कहां नाचना और कितना नाचना है। अधिकारियों को यह श्रेय तो दिया जा सकता है कि कई बार ये नाच-नाच में कहीं से कहीं पहुंच गए। ये परवाह नहीं करते कि उनके नाचने की वजह क्या या अदा क्या थी। वैसे यह व्यक्ति जब तक एसडीएम नहीं बना था, नाच के सख्त खिलाफ था। सोचता था पद पर पहुंचते ही सारे फिजूल के नाच बंद कर देगा, लेकिन अब उसे खुद को साबित करने के लिए नाचना पड़ता है। होली समारोह के मुख्यातिथि मंत्री थे, इसलिए नाचा ताकि वह अपनी अंगुलियों का एहसास करते। वह अब विधायकों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री तक की अंगुलियों को ही सुशासन मानता है। नेताओं की अंगुली उसके दायित्व को कहीं भी नचा सकती है। इसलिए वह देखते ही देखते कुशल नर्तक बन चुका है। वहां यूं तो हर अधिकारी नाच रहा है या नाच सकता है, यह दिखा रहा है, लेकिन उसने हुनर को अपनी तकदीर बना लिया। उसे कई बार शक हुआ कि वह नाचता नहीं, लेकिन जब उसके आगे नाचती हुई जनता भरोसा दिलाती है, तो यकीन हो जाता है कि दरअसल नाच-नाच में ही देश आगे सरक रहा है। कोई मस्जिद के आगे नाचे तो कोई हिंदू निकल आता है, नेता के आगे अधिकारी नाचे तो अव्वल निकल आता है। नाचने में हर जगह प्रतिस्पर्धा है, क्योंकि जहां नाचते वहीं मंच पैदा हो जाता है। विपक्ष ने सरकार को पूरी तरह घेर रखा था। आरोप था कि सत्ता पक्ष का आंगन पूरी तरह टेढ़ा है, इसलिए उनकी तरह इस सरकार में नाच मुकम्मल नहीं है। विपक्ष को आंगन की चिंता थी कि कहीं यह और टेढ़ा हो गया, तो सत्ता में लौट कर वे इन्हीं अधिकारियों को पहले की तरह नचाएंगे कैसे। वर्तमान मुख्यमंत्री ने विपक्षी आरोपों को खारिज करके अपने आंगन में सभी अधिकारियों को नचाया, लेकिन मन में विचार किया कि क्यों न इनके नाच में कुछ नया जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री को चलाने वाले वरिष्ठ अधिकारी को पास बुलाकर कहा कि नाच में कुछ नया जोड़ो। अधिकारी ने अपने घुंघरू बजाते हुए कहा, 'हुजूर! यूं तो खजाना पूरी तरह खाली है, लेकिन कुछ चांदी के सिक्के बचे हैं। इनसे काम लायक घुंघरू बना कर अधिकारियों को पहना देते हैं।' सरकार ने मोहर लगे घुंघरू अधिकारियों को पहना दिए। अब बिना नाचे भी घुंघरू बजने लगे। जनता मंत्रमुग्ध हो गई। लोग अपने काम के लिए प्रशासन के पास जाते, लेकिन बजते घुंघरू सुनकर ही प्रसन्नता के भाव लिए लौट जाते। उन्हें खुशी है कि लोकतंत्र अब घुंघरू की तरह बजने लगा है। मुख्यमंत्री अब खुशी के लिए किसी भी अधिकारी को जनता के बीच नचा देते और जनता भी इस नाच को परंपराओं से जोडक़र अभिनंदन करती रहती। एक दिन जनता ने सुना कोई रात को भी घुंघरू बजा रहा है। उसे लगा अब तो सरकार रात को भी काम कर रही है, लेकिन घुंघरू सतर्क कर रहा था। लोग नींद में घरों से बाहर आए तो पता चला कि कोई किसान अपने बैलों को जोतने के लिए बचता-बचाता जा रहा था कि उनके गले से बंधे घुंघरू बज गए। सरकार को यह मंजूर नहीं था कि जनता बैलों और अधिकारियों के घुंघरुओं को एक ही अर्थ से सुनने लगे, अतः किसान के बैलों से घुंघरू हटाने का ऐलान हो गया।

## देश दुनीया से

# गंभीर पहल से ही सुलझेगा मणिपुर संकट

ये सभी कदम एक साथ और जल्दी-जल्दी उठाए गए। लेकिन काफी वक्त से यह लंबित था। स्वयं भाजपा और राज्य में भाजपा सरकार उम्मीद के विपरीत आस लगाए हुए थी कि 3 मई, 2023 को राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से सरकार ने जो कमज़ोर कदम उठाए हैं, उनसे मामले सुलझ जाएंगे। बीच-बीच में कुछ समय के लिए शांति काल के अलावा लंबे समय तक टकराव अनवरत जारी रहा। इसके चलते मैतेई और कुकी जातियों के बीच संबंध बहुत तनावपूर्ण हो गए। समस्या कई अन्य कारणों से भी बढ़ गई, जिसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीर प्रभाव पड़े। दो कारण भाजपा को ठोस कदम उठाने से रोक रहे थे : एक तो यह कि हम एक लोकतंत्र हैं, दूसरा यह कि राज्य में भी सत्ता उसी दल के पास थी, जिसकी केंद्र में सरकार है। ऐसे राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पार्टी के लिए शर्मिंदगी की वजह बनता क्योंकि इसका मतलब होगा कि खुद अपनी ही पार्टी की सरकार के कामकाज पर सवाल उठना। इसके अलावा, पार्टी को ऐसा उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया जो सभी को स्वीकार्य हो। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी ने अब कड़ुवा घूंट पीना तय कर लिया है। देर आयद... दुरुस्त आयद! भविष्य की ओर देखते हुए, बहुत काम किए जाने की जरूरत है। सबसे पहले, समस्या की उत्पत्ति को देखें ताकि इससे निपटने में मदद मिल सके। म्यांमार में सैन्य शासन यानी जुंटा का अपने देश के संपूर्ण भूभाग पर, खासकर मणिपुर सीमा से लगते इलाके पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं है। इन क्षेत्रों में कई समूह अपनी सरकार से युद्धरत हैं और यहां तक कि कुछ इलाका उनके अधीन भी है। इसके अलावा, हिंसा के कारण, गोल्डन ट्राइंगल नाम से कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय ड्रग व्यापार रूट पर, मुख्य रूप से मोरेह शहर और मणिपुर के क्षेत्र से होकर गुजरने वाला, असर हो रहा था क्योंकि म्यांमार में अफीम की खेती के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में कमी आई थी या विस्तार नहीं हो पाया था। कई कुकी और संबंधित जनजातियां अपने स्थानीय रिश्तेदारों की मदद से मणिपुर में, मुख्य रूप से कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर क्षेत्र में आन बसे और उन्होंने मणिपुर में भी अफीम उगाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोग भी इस मुनाफेदार खेती में उनके साथ लग गए। जब यह बात राज्य सरकार के संज्ञान में आई, तो अवैध अप्रवासियों की पहचान करने के लिए कार्रवाई की गई। स्थानीय लोग,जिसकी पीठ पर बहुत अमीर एवं ताकतवर अंतर्राष्ट्रीय ड्रग माफिया का हाथ था,इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। वे सरकार को पीछे हटने को मजबूर करना चाहते थे। उनके सौभाग्य से -और राज्य के दुर्भाग्य से- मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने वाली याचिका पर, मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा आए आदेश की गलत व्याख्या ने परेशानी पैदा करने का एक कारण प्रदान किया। 27 मार्च, 2023 को जारी इस आदेश में कहा गया था :'राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं के मामले पर शीघ्रता से विचार किया जाना चाहिए...'। इसमें केवल याचिका पर विचार करने के लिए आदेश था, न कि मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए। लेकिन कुकियों ने जानबूझकर इसे



गलत ढंग से प्रस्तुत किया, यह कहते हुए कि मैतेइयों को एसटी का दर्जा दे दिया गया है। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय ने इस पैराग्राफ को हटा दिया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। दोनों पक्षों ने रैलियां निकालनी शुरू कर दीं, कुछ हिंसा भी भड़की और दोनों समुदायों द्वारा नाकेबंदी और जवाबी नाकेबंदी होने लगी। मैतेई बहुल घाटी में और कुकी एवं अन्य संबंधित जनजाति बहुल पहाड़ी इलाके में। स्थिति बदतर होती चली गई। हालात इतने खराब हो गए कि घाटी के लोग चुड़ाचांदपुर नहीं जा सकते थे और इसके विपरीत चूड़ाचांदपुर वाले घाटी में नहीं आ सकते। कुकियों ने एक अलग प्रशासन की मांग की। वे नहीं चाहते थे कि मैतेई लोगों को एसटी का दर्जा मिले क्योंकि उन्हें लगा कि इससे न केवल उनकी नौकरी का कोटा प्रभावित होगा बल्कि मैतेई लोग वैध तरीके से पहाड़ियों में जमीन भी खरीद सकेंगे। इसलिए, दोनों समुदायों के बीच एक तरह से पूर्ण पैमाने पर जातीय संघर्ष छिड़ गया, जिसमें हिंसा के कारण जान-माल का नुकसान हुआ और दोनों पक्षों के लोगों को विस्थापित होना पड़ा। आरोप है कि ड्रग माफिया ने अपनी मोटी जेबों के दम पर इस स्थिति को और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाई है। जल्द ही, सरकार और उसकी मशीनरी तक भी हिंसा का असर हो गया। दुर्भाग्यवश, दोनों समुदायों के बीच इस तरह का दोफाड़ कुछ हद तक पुलिस सहित सरकारी अमले में भी फैल गया। इसने स्थिति को और खराब कर दिया। अपराधी और निष्क्रिय पड़े विद्रोही समूह भी इस लड़ाई में कूद पड़े और इसका नतीजा यह हुआ कि सरकारी मशीनरी पूरी तरह चरमरा गई। पुलिस स्टेशनों और शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया और 5,000 से अधिक हथियार लूट लिए गए। यह भी आरोप है कि पुलिस ने डरकर या मिलीभगत के कारण कई हथियार सौंपे। अवांछनीय तत्वों और हिंसक समूहों के हाथों में इतनी बड़ी संख्या में हथियार राज्य के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इनमें से बमुश्किल एक-चौथाई हथियार ही बरामद हो पाए हैं। हालात और बदतर बने जब कुकी समूह हिंसा फैलाने के लिए ड्रोन तक का इस्तेमाल करने लगे। जाहिर है, उन्हें बहुत मदद हासिल है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के इस क्षेत्र में अपने निहित स्वार्थ हैं और उन्होंने दूसरों की लड़ाई में अपने लिए मौका पाया है। म्यांमार की स्थिति भी एक बड़ा कारक है। सरकार ने प्रतिक्रिया में और अधिक सैन्य बल भेजे हैं, लेकिन स्थिति पूरी तरह से उसके नियंत्रण में नहीं है। इसलिए, अब राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद संबंधित अधिकारियों के लिए काम करना आसान हो जाएगा। उनकी प्राथमिकता हिंसा को रोकना और लुटे हथियारों को वापस लेना होना चाहिए। एक साथ बहुत सारे काम करने की जरूरत है। मुख्य कार्यों में मामलों की जांच करना, राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, समुदायों के बीच सद्भाव और शांति बहाली, विस्थापितों का पुनर्वास, अवैध अप्रवासियों से निबटना, निष्पक्ष पुलिस और नौकरशाही बनाना, अवैध प्रवास और ड्रग्स और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए म्यांमार के साथ लगती सीमा सील करना, दूसरे देशों के मंसूबों को विफल करना और राजनीतिक प्रक्रिया बहाल करना शामिल है।

## आप का नजरीया

# शर्तिया इलाज

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शर्तिया इलाज की तारीख तय कर दी है और इस तरह अगला पूरा साल हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित रहेगा। यह परीक्षा कठिन नहीं है, लेकिन इसे अमलीजामा पहनाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री तमाम मेडिकल कालेजों को विश्व स्तरीय खाके में मजबूत करने का वादा करते हैं और इन्हें एम्स के मानकों में ढालने की वचनबद्धता से मशहूर करना चाहते है। मरीज तो आज भी तेरे दर पे आते हैं, मुश्किल यह कि मर्ज यहां मर्ज बनकर रह जाती। मुश्किल यह जानना नहीं कि कितने मरीज हर दिन हिमाचल से निकल कर बाहरी राज्यों में अपनी सेहत का हवाला देते हैं। यहां चिकित्सा की पूरी पद्धति आगे से आगे धकेल रही है। डिस्पेंसरी से अपना सफर शुरू करके मरीज मेडिकल कालेजों की असमर्थता में कहीं बाहर निकल जाता है। किसी भी अस्पताल के लिए बड़ी मशीनें खरीदी जा सकती हैं, लेकिन मशीन उपचार नहीं करती। उपचार तो नियमित रूप से चिकित्सा सेवाओं की प्रतिष्ठा में निहित है। हुआ यह कि जिस शहर में मेडिकल कालेज बन गए, वहां चिकित्सा की परिक्रमा में निजी अस्पताल बढ़ गए। ये निजी चिकित्सा संस्थान सहारा हैं या सरकारी चिकित्सा संस्थानों को बेसहारा कर रहे हैं। चिकित्सा अब सेवा नहीं एक व्यापक धंधा है, जहां हर मरीज पर शिकारी निगाह है। पूरी चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। हमारे पास सुविधाएं आज भी कम नहीं और न ही दक्ष एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, लेकिन छोटे से छोटे इलाज में भी कसरतें मेडिकल कालेज को करनी पड़ रही हैं। सारे के सारे मेडिकल कालेज एक ही दिशा में भाग रहे हैं। जहां मेडिकल कालेज हैं, वही क्षेत्रीय व जोनल अस्पताल भी खड़े हैं। चिकित्सा विभाग के ढांचे, संस्थानों के वर्गीकरण और भौगोलिक आवश्यकताओं के सांचे को अलग-अलग पैमानों से तरजीह देते हुए इनकी प्रासंगिकता बढ़ानी होगी। इन तमाम मेडिकल कालेजों की स्थापना ने पहले से कार्यरत कई चिकित्सा संस्थानों को बुरी तरह घायल करके एक तरह से अप्रासंगिक बना दिया है। जहां कैडर बड़ा, लेकिन उसका दायरा छोटा हो गया। आधे से ज्यादा चिकित्सा विभाग मेडिकल कालेजों में तशरीफ रखने लगा है, नतीजतन जिला स्तरीय सेवाएं भी बिगड़ गईं। उदाहरण के लिए टांडा मेडिकल कालेज की कीमत धर्मशाला के जोनल अस्पताल को आज भी चुकानी पड़ती है। यहां पंद्रह साल पहले के स्वीकृत पद आज भी अगर मेडिकल कालेज की भेंट हो रहे हैं, तो यह तस्वीर व्यवस्थागत है। अगर टीएमसी की अनावश्यक ओपीडी विभक्त होकर इसके आसपास के सिविल व जोनल अस्पताल में बंट जाए, तो उन्नत उपचार के मायने बदल जाएंगे। आश्चर्य यह कि इमरजेंसी के मायने क्षेत्रीय एवं जोनल अस्पतालों से बिगड़ कर मेडिकल कालेजों का भी नमक हराम कर रहे हैं। सरकार चिकित्सा संस्थानों से यह हिसाब तो ले कि हर दिन हिमाचल से बाहर कितने केस रैफर होते हैं, तो मालूम हो जाएगा कि हमारे बीच संवेदना कितनी बची है। अगर चिकित्सा सेवाओं को बेहतर व सक्षम बनाना है, तो रोग निष्पादन की औसत में सुधार का दैनिक ऑडिट होना चाहिए। हिमाचल में मेडिकल जरूरतें निरंतर बदल रही हैं और इसी वजह से निजी अस्पतालों का नेटवर्क सशक्त हो रहा है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/ सचिवों के साथ बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय, सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, चतरा एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि श्री ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनके स्तर पर चुनाव प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने से संबंधित 28 हितधारकों को चिन्हित किया गया है। उन्हें और अधिक सक्षम बनाना चाहते हैं, साथ ही संवैधानिक दायरे में कार्य करते हुए सभी हितधारकों के सुझावों एवं शिकायतों का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की जा रही है।भारत निर्वाचन आयोग के संवैधानिक अनुच्छेद, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा निर्वाचक निबंधन नियम 1960 एवं 1961 तथा सभी प्रकार की पुस्तिकाएं एवं मैनुअल भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट पर जाकर इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, त्रुटि दूर करना, नाम स्थानांतरित करना आदि एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर की जा रही है। इसके अंतर्गत 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को माह की तिथि मानकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने एवं शुद्धिकरण का कार्य जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की देखरेख में किया जा रहा है। आयोग के कथन निदेश की प्रति बैठक में सभी राजनीतिक आश्रमों को उपलब्ध कराया गया है। दार्शनिकों को अधिक मात्रा में आवेदन पत्र जारी नहीं करना चाहिए। अटेव कलाकारों की सूची की गहन समीक्षा में बीएलए की पेशकश करने के लिए सभी प्रासंगिक प्राप्त राजनीतिक संस्थानों को शामिल किया गया।सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की सिफारिश या शिकायत जिला परिवहन कार्यालय में प्रवेश शुल्क या टोल फ्री नं0 1950 डायल कर दर्ज करा सकते हैं। कॉल रिसीव कर इलेक्ट्रॉनिक्स संबंधित। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित राजनीतिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** महुआडांड़ थाना परिसर में मंगलवार को रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ विपिन कुमार दुबे और एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया ने की। बैठक में जुलूस रूट चार्ट, अखाड़े के लाइसेंस और वालंटियरों की सूची थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया। स्थानीय लोगों ने गंदे नालों की समस्या उठाई, जिस पर प्रशासन ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।एसडीपीओ ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी की बात कही, जबकि एसडीओ ने नशे से दूर रहकर सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे।

# अवैध बालू सरकारी कार्य में उपयोग विभाग मौन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दुवारी पंचायत के पुरबिया में पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। जिस कार्य को जय मां अंबे इंफ्रा प्राज़लिज़्के द्वारा किया जा रहा है। जहां पर अवैध बालू का भंडारण कर संवेदक द्वारा बिंदास हो कार्य कर रहा है।और सरकार को राजस्व का लाखों रुपए का चुना लगा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि ग्रामीणों को अबुआ आवास, प्रधान मंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। और सरकारी कामों में अवैध बालू का भंडारण कर पुल का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच कर ऐसे संवेदक पर करवाई करने की मांग कर रहे हैं।

# सिंगल विंडो सेंटर में सुरक्षा किट व दवा का बिटीएम ने किया वितरण



**गिद्धौर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सिंगल विंडो सेंटर में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में फसल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्र प्रत्यक्षण के तहत दवा सुरक्षा किट का वितरण किया गया। सुरक्षा किट का वितरण बिटीएम प्रभात कुमार के द्वारा किया गया।इस मौके पर कृषक मित्र प्रसादी पासवान सत्येंद्र कुमार दांगी रमेश कुमार महतो कामेश्वर पासवान अवध कुमार दांगी नीरज कुमार नीरज कुमार अमित कुमार चमेली देवी उर्मिला देवी किसान उपस्थित थे।

# उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप एवं अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग चतरा कन्यादान योजना से संबंधित, शिक्षा विभाग से संबंधित, भूमि विवाद, समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# एचडीएफसी बैंक द्वारा समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी पंचायत भवन में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक एवं सपोर्ट संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुखिया राधिका देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में उपस्थित परियोजना प्रबंधक कौशिक कुमार ने परियोजना के संबंध मे बताया कि खेती-बाड़ी एवं पशुपालन, परियोजना के तहत खेती-बाड़ी के नए तकनीकी से क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। परियोजना क्षेत्र के महिला किसान दीदीयों को समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करवाया जाएगा ताकि खेती-बाड़ी करने में सहजता हो सके। इसी कड़ी में परियोजना द्वारा गांवों में कृषक पाठशाला विकसित किया जाएगा, जिससे किसान विभिन्न प्रकार के जानकारी खेती संबंधित, साग-सब्जी, औषधीय पौधे, क्राप्टिंग, मलचिंग, नर्सरी तैयार करने, जैविक खाद तैयार करने के पद्धति का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षित होंगे। साथ ही परियोजना अंतर्गत आजिविका संवर्धन, उद्यमी किसान बनाने के अलावे जलवायु परिवर्तन के लिए पौधारोपण का कार्य भी किया जाएगा, समय-समय पर संस्था के एक्सपर्ट, कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर क्षेत्र के खेती-बाड़ी के अलावे परियोजना द्वारा संचालित हर एक गतिविधि का बिजिट किया जाएगा एंव किसानों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। पशुपालन हेतु परियोजना द्वारा बकरी-मुर्गी असहाय गरीब महिला किसान को वितरण कर मॉडल बकरी-मुर्गी शेड संस्था के तकनीकी सहयोग से एंव एक्सपर्ट द्वारा लाभुक किसानों का बनाया जाएगा, बकरी-मुर्गी के देखकर रखरखाव, उद्यमिता को बढाने, एंव बीमारी रोकथाम हेतु परियोजना से प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र के महिला किसान इस परियोजना के मदद से काफी लाभांवित होंगे। मौके पर वार्ड सदस्य चम्पा देवी, उमा देवी के अलावे सपोर्ट संस्था के अक्षयानंद पाठक, प्रवेश ठाकुर, मधु देवी, इंदु

# जलमीनार खराब होने से बच्चों को हो रही परेशानी



**छिपादोहार, बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंड़ पंचायत के ग्राम गाड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय मतनाग में पिछले कई महीनों से जलमीनार खराब पड़ा हुआ है, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण राजेन्द्र यादव ने बताया कि विद्यालय का जलमीनार खराब होने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति और प्रधानाध्यापक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बच्चों की सेहत और शिक्षा प्रभावित हो सकती है।ग्रामीणों ने संबंधित विभागों और प्रशासन से जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और वे बिना किसी असुविधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

# श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर समिति गठन, तैयारियों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर लातेहार के डुरुआ देवी मंडप प्रांगण में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोषी यादव ने की। बैठक के दौरान श्री रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया~ अध्यक्ष - सिकेन्द्र यादव सचिव - अवधबिहारी यादव उपाध्यक्ष - केदार यादव कोषाध्यक्ष - विकास यादव इसके अलावा, पूजा का लाइसेंस मनोज यादव के नाम से लिया गया है।इस महोत्सव के लिए सलाहकार मंडल में राजेश्वर यादव, नागेश्वर यादव और प्रदीप यादव, जबकि मुख्य सलाहकार के रूप में उमेश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुल रेलिंग मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता, जिम्मेदार कौन ठेकेदार या अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के राजडंडा में पुल मरम्मत कार्य में कथित अनियमितताओं की रिपोर्टें सामने आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री, जैसे घटिया छड़, सीमेंट और बालू का उपयोग किया जा रहा है, और सामग्री मिश्रण में सही अनुपात का पालन नहीं हो रहा है। इसके अलावा, निर्माण स्थल पर विभागीय जूनियर इंजीनियर की अनुपस्थिति और सूचना बोर्ड की कमी भी चिंताजनक है। मजदूरों को भी सरकारी दर के अनुसार मजदूरी नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे स्थानीय समुदाय में असंतोष बढ़ रहा है।इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, संबंधित विभागों को त्वरित और निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। यदि अनियमितताएं पाई



जाती हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निर्माण कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने की आवश्यकता है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों को इस मामले में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे और सार्वजनिक धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। कनीय अभियंता का पक्ष. इस सम्बन्ध में कनीय अभियंता विजय बखला से दूरभाष से संपर्क किये जाने पर उनके द्वारा कॉल नहीं उठाया गया, जिससे मामले की रिपोर्ट नहीं मिल सका।

# घर के पास खड़ा हुआ ट्रक चोरी




**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ ब्लॉक कॉलोनी निवासी भुनेश्वर लोहरा पिता स्व.अकल लोहरा के घर के पास खड़ा ट्रक सोमवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया ।ट्रक मालिक भुवनेश्वर लोहरा ने बताया उसका ट्रक 2b57डी5553 सोमवार को उसका ड्राइवर गाड़ी घर के पास खड़ा कर घर चला गया था। सुबह मगध कोलियरी जाने के लिए आया तो देखा कि उसका ट्रक गायब है। पीड़ित ट्रक मालिक ने मामले की सूचना बालूमाथ थाना को दे दी है जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं शहर के बीचो-बीच से इस तरह से ट्रक का गायब हो जाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# श्रीरामनवमी पूजा समिति बाइपास चौक की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्रीरामनवमी पूजा समिति, बाइपास चौक की एक बैठक कन्हाई प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में श्रीरामनवमी पूजा समिति के संरक्षक त्रिभुवन पांडेय मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होने रामनवमी के महत्व से लोगों को अवगत कराया। कहा कि रामनवमी सिर्फ भगवान राम के जन्म उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के चरित्र को अपने अंदर समाहित करने का पर्व है। उन्होने युवाओं से नशापान से दूर रहने एवं अपनी उर्जा सनातन धर्म की रक्षा करने में लगाया। उन्होने कहा कि आज कई प्रकार की ताकतें हिंदु और सनातन को बांटने का काम कर रही है, हमें इनसे सावधान रहना होगा. बैठक में गत वर्ष की पूजा कमिटि का अनुमोदन किया गया। सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, सचिव दीपक विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, विमलेश शर्मा, पंकज कुमार, मनोज दास व विजय प्रसाद, सह सचिव राहुल कुमार, सोनू गुप्ता, अरविंद कुमार, आकश शर्मा, सागर कुमार, राहुल राज, बिट्टू चौधरी, अनूज कुमार, विकास राम व अजीत यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता सह कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, महामंत्री अनिकेत सिन्हा को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मंडली में कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार दास, आशीष टैगोर, बद्री प्रसाद, अविनाश कुमार, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद,नरेश प्रजापति को शामिल किया गया है। बैठक में रामनवमी पूजा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई।बैठक में समिति द्वारा कुल 59 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 59 में से 53 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज उपस्थित थे।

# जेएमएम महुआडांड़ प्रखंड समिति का गठन, नवीन प्रकाश तिर्की बने अध्यक्ष

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की महुआडांड़ प्रखंड समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष नवीन प्रकाश तिर्की, उपाध्यक्ष मोहम्मद सहजाद आलम और नवीन तिग्गा, सचिव यहिया अंसारी, संगठन सचिव सुमन तिग्गा और सुरजदेव राम, तथा कोषाध्यक्ष अमरदीप टोप्पो को नियुक्त किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को लातेहार जिला संयोजक प्रमुख लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा, मो. मुस्तकीम, इश्तियाक खान, अनिता मिंज, परवेज़ आलम,जीप सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा समेत कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी और संगठन को मजबूत करने की उम्मी

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने बजट सत्र में निजी विद्यालयों की मनमानी फीस वसूली पर उठाए सवाल

# निजी विद्यालयों की मनमानी फीस वसूली अभिभावकों पर भारी बोझ, सरकार करे ठोस कार्रवाई : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था और निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वसूली के मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका उद्देश्य छात्रों और उनके अभिभावकों को राहत दिलाना था।

**मुख्य बिंदु जो विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाए**

निजी विद्यालयों की मनमानी फीस वसूली विधायक ने सरकार से पूछा कि सीबीआई, आई सी एस ई और जैक बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में फीस संरचना इतनी भिन्न क्यों है?

उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों में स्थित स्कूलों की फीस में भारी अंतर देखने को मिलता है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है विधायक ने यह मुद्दा उठाया कि क्या राज्य सरकार सभी निजी स्कूलों में फीस निर्धारण के लिए कोई,नीति लागू करने पर विचार कर रही है? उन्होंने सरकार से जवाब मांगा कि फीस नियंत्रण के लिए कोई रेगुलेटरी मैकेनिज्म (नियामक तंत्र) स्थापित किया गया है या नहीं। विधायक ने सरकार को याद दिलाया कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड द्वारा 2017 में पारित आदेश के अनुसार, फीस निर्धारण के लिए एक समिति बनाई जानी चाहिए, जो यह तय करे कि निजी विद्यालय अनुचित तरीके से अधिक फीस न वसूलें। उन्होंने पूछा कि क्या राज्य सरकार ने इस आदेश का पालन किया है और यदि नहीं, तो अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से मांग की कि राज्य के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिए एक समान फीस संरचना लागू की जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते ठोस कदम नहीं उठाती, तो हजारों अभिभावकों को निजी विद्यालयों की मनमानी के आगे झुकना पड़ेगा।

**सरकार से की गई मांग :** निजी विद्यालयों की फीस को नियंत्रित करने के लिए एक नियामक समिति का गठन। सभी सीबीआई,आई सी एस ई और जैक बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए एक समान फीस नीति लागू करने पर विचार। अभिभावकों को आर्थिक रूप से राहत देने के लिए सरकारी हस्तक्षेप। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती है, तो वह जनता के साथ मिलकर इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

## हजारीबाग में पुलिस की बड़ी कार्रवाई : ट्रक से 1793 किलो डोडा और लोहे के बिलेट बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग में पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार पर एक बड़ा वार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस विशेष छापेमारी में 1793 किलो 400 ग्राम डोडा बरामद किया गया, जो तस्करी कर हरियाणा ले जाया जा रहा था। साथ ही ट्रक में लदे लोहे के 47 बिलेट भी जब्त किए गए। इस कार्रवाई में मुख्य तस्कर कर्मवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया, जो पंजाब के पटियाला का रहने वाला है। दिनांक 24 मार्च 2025, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ट्रक नंबर [illegible] 8159 में भारी मात्रा में अवैध माल लदा हुआ है, जिसे चोरी-छिपे ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अंचलाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में टीम ने [illegible]-34 के पास ट्रक को रोकने की योजना बनाई। जब ट्रक चेकिंग पॉइंट के करीब पहुंचा, तो चालक ने करीब 50 मीटर पहले ही ब्रेक लगाकर भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस पहले से ही सतर्क थी। मौके पर ही टीम ने पीछा कर ट्रक चालक कर्मवीर सिंह को धर दबोचा। जब उसकी तलाशी ली गई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया।ट्रक की गहन जांच के दौरान 102 प्लास्टिक की बोरियों में 1793 किलो 400 ग्राम डोडा बरामद हुआ, जिसे नशे के कारोबारियों तक पहुंचाया जाना था। इसके अलावा, ट्रक में लोहे के 47 बिलेट भी लदे हुए थे। यह माल डोटी (झारखंड) से इस्लालियाबाद (हरियाणा) तस्करी किया जा रहा था। गिरफ्तार तस्कर ने कबूली सच्चाई गिरफ्तार ट्रक चालक कर्मवीर सिंह (27 वर्ष, निवासी पटियाला, पंजाब) ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि वह नशे की खेप लेकर हरियाणा जा रहा था। उसने यह भी खुलासा किया कि इस रैकेट में कई अन्य सप्लायर और रिसीवर शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इस मामले में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या- 53/25 दिनांक 24.03.2025 के तहत NDPS एक्ट की धारा 317(5)/3(5) बीएनएस एवं 15/25/27(ए)/29 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

## डीएवी हजारीबाग की हैंडबॉल टीम ने राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर रचा इतिहास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीनियर विंग, कैनरी हिल, हजारीबाग की हैंडबॉल टीम ने 39वें सब-जूनियर स्टेट हैंडबॉल टूर्नामेंट 2025 में शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का गौरव हासिल किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता झारखंड राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, जसीडीह, देवघर में आयोजित की गई थी। इस टूर्नामेंट के लिए हजारीबाग जिले से डीएवी के कुल 24 खिलाड़ियों (12 लड़के और 12 लड़कियां) का चयन हुआ था। बालक वर्ग की टीम ने अपने पहले मुकाबले में रांची को 14-7 के अंतर से हराकर जबरदस्त आगाज किया। इसके बाद दूसरे मैच में देवघर को 14-10 से मात देकर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में बोकारो पर 15-11 की शानदार जीत दर्ज कर टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जहां उन्होंने सरायकेला को 11-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में डीएवी की टीम ने गोड्डा के खिलाफ दमदार खेल दिखाया, लेकिन कड़ी टक्कर के बाद उन्हें उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। उन्होंने टीम के संघर्ष और समर्पण की सराहना की और भविष्य में और भी बड़े मुकाम हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। डीएवी की इस शानदार सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है।

## संथाल आदिवासी सरना समिति ने पूरे धूम धाम से मनाया प्रकृति पर्व सरहुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के केंदुआ में संथाल आदिवासी सरना समिति ने पूरे धूम धाम से प्रकृति पर्व सरहुल मनाया। प्रकृति उपासक आदिवासी समाज ने सखुआ के पेड़ मरांग बुरु जोहर स्थान में जाकर पूरे विधिविधान से पूजा की। सरहुल के परंपरागत पूजा में विशेष रूप झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार किस्कू मौजूद रहे।इस मौके पर छोटू हांसदा एवं अन्य साथियों ने ढोल मांदर की थाप जमकर थिरके । कार्यक्रम के दौरान संथाल आदिवासी सरना समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित अथितियों झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, झामुमो प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति,भेलावारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी,प्रकाश पटेल, थानेश्वर महतो,गंगाधर महतो,किशोरी महतो,अंनतलाल महतो को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छोटू हांसदा, छत्रु हांसदा,प्रभु हांसदा,रमेश मरांडी, मोहन हांसदा, हरिलाल हांसदा, राजेश हांसदा, बिनोद हांसदा, शीतल मरांडी, कपूर मरांडी, दशरथ मरांडी, बालेश्वर हेम्ब्रम समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं में आक्रोश, सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप

- नगर भवन में आयोजित शिविर में दूसरे दिन भी काफी संख्या में पहुंची महिलाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र की सैकड़ो महिलाएं को मंईयां सम्मान योजन के तहत 3 माह की 7,500 रूपये की राशि ना मिलाने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर अपनी राशि की जानकारी लेने को मजबूर है, यातायात की समस्याओं के बावजूद कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों को लेकर भी कार्यालय का चक्कर काट रही है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला। आयोजित शिविर में महिलाओं की भीड़ सुबह 10:00 बजे से ही लाभुक अपने-अपने हाथों में फार्म सहित अन्य जरूरी कागजात लेकर शिविर पहुंची। यह शिविर 29 मार्च तक चलेगा।

## प्रज्ञा कोचिंग सेंटर में कराया जा रहा है नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय की तैयारी



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुरचू (हवाई अड्डा) नगवां और इचाक प्रखंड के बोंगा में निर्धारित शुल्क में प्रज्ञा मैथमेटिक्स कोचिंग सेंटर के संचालक बीरेंद्र कुमार पाण्डेय उर्फ बीपी सर द्वारा छात्र छात्राओं को नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय की कक्षा 6वीं से कक्षा 10 वीं तक जैक और सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पाठ्यक्रम द्वारा बेहतर शिक्षा देकर परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है। वही बता दे कि कोचिंग संचालक बीरेंद्र सर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा देना है। हमारे क्षेत्र की छात्र छात्राएं ही आने वाले समय में देश का भविष्य है। अब तक कितने छात्र छात्राओं ने हमारे कोचिंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार के कई विभाग में अपनी सेवा दे रहे है। अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदर्शन के लिए प्रज्ञा कोचिंग संचालक बीरेंद्र कुमार पाण्डेय उर्फ बीपी सर से संपर्क करे ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में सत्र 2024-2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार मैढ़ दिशा निर्देश पर सत्र 2024 2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से द्वितीय वर्ग और अष्टम, नवम एवं एकादश वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा फल का प्रकाशन बच्चों के वर्ष भर के क्रियाकलापों एवं पठन-पाठन का सामूहिक निष्कर्ष होता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार मैढ़ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा, विद्यार्थी मेहनत करें विद्यार्थी जीवन में मेहनत और संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है, इसलिए निरंतर मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करना है। प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई दी। तथा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर रहे, इसी तरह से वे आगे भी प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं सहित अभिभावक मौजूद थे।

## रामनवमी में अखाडों के बीच अस्त्र-शस्त्र वितरण को लेकर बैठक



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महारामनवमी त्योहार को लेकर हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा विभिन्न अखाडों के बीच अस्त्र-शस्त्र वितरण को लेकर हज़ारीबाग लोकसभा प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह के निर्देशन में बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू की अध्यक्षता में सांसद आवास बड़कागांव में बैठक की गई। बैठक में बड़कागांव, उरीमारी, केरेडारी व पिपरवार मण्डल के सांसद प्रतिनिधियों से विभिन्न अखाड़ों की सूची उपलब्ध कराकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिसमें प्रत्येक अखाड़ों को अस्त्र -शस्त्र का वितरण हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की उपस्थिति में की जाएगी। जिसको लेकर उरीमारी मण्डल के लिये हरली रामनवमी मेला, बड़कागांव मण्डल के लिए थाना के बगल में नई दैनिक बाजार, केरेडारी मण्डल व पिपरवार मण्डल के लिये केरेडारी बाजार टांड स्थल निश्चित की गई है। जिसमें लगभग 150 अखाड़ों को चिन्हित किया गया । मौके पर बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू , सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश कुमार दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कु मेहता, उरीमारी मण्डल प्रतिनिधि महेंद्र महतो, केरेडारी मण्डल प्रतिनिधि कर्मचारी साव आदि मौजूद थे।

## खाता 01, प्लॉट -101 सम्बंधित लोग 26 मार्च को अंचल कार्यालय पहुँचे : अंचलाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ चेडरा खाता-01,प्लॉट- 101 में सरकारी जमीन गैरमजरूआ खास जमीन की अवैध खरीद फरोख्त एवं अतिक्रमण के खिलाफ विष्णुगढ़ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर रखा। इस भूमि पर बने अवैध मकान मालिकों एवं जमीन मालिको के विरुद्ध लगातार तीन दिनों से चौकीदार के माध्यम से नोटिस दिया गया है,जिसमे कुछ ऐसे जमीन खरीदार भी है।जिसने जमीन कि ख़रीददगी तो कर ली है परन्तु अभी भी वो प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाको में निवास करते है। ऊनलोगों को अभी तक नोटिस नही मिल पाया है। ऐसे लोगो को अंचलाधिकारी ने कहा कि अखबार में छपे इश्तिहार को देखकर 26 मार्च 2025 समय 11ः00 बजे अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने पक्ष को रखें।

**सरकारी भूमि गैरमजरूआ खास जमीन,खाता-01 ,प्लॉट -101 में जारी नोटिस के नामो की सूची।**

(01) बबलू महतो पिता निर्मल महतो(2)अशोक भाई पटेल पिता जागो महतो,(3)जगरनाथ महतो पिता खिरो महतो,(4)भुनेश्वर महतो पिता नामालूम,(5)प्रकाश प्रसाद पिता बाबूचंद प्रसाद,(6)बबलू साव पिता नामालूम(7)प्रकाश साव पिता छोटन साव,(8)सीताराम मंडल पिता नामालूम,(9)रामा सिंह पिता स्व.भिखारी सिंह,(10)गुरु प्रसाद साव पिता सोहन साव,(11)सुधीर राम पिता जागेश्वर राम,(12)प्रकाश साव पिता स्व.छोटन साव,(13)नारायण साव पिता स्व.प्रसादी साव,(14) मंजीर अंसारी पिता इस्लाम अंसारी,(15)मौलाना मंसूर आलम पिता नामालूम(16)मुमताज आलम पिता कुर्बान मिंया,(17)समीमा खातून पति अब्बास खां,(18)रजाक अंसारी पिता स्व.बुधन मियाँ,(19) किसुन महतो पिता स्व.रितो महतो,(20)सोहदरी देवी पति स्व.विशेश्वर महतो,(21)राहुल मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर (22)पच्चू महतो पिता नामालूम(23)धीरन प्रसाद पिता स्व.बाबूलाल साव,(24)महावीर साव पिता फागु साव,(25)बिरेन लाल पिता स्व. बाबूलाल साव,(26)सुनीता देवी पति अशोक महतो,(27)जगदीश महतो पिता नामालूम(28)निजाम रहीम पिता मो.फ़क़ीर,(29)मनीषा देवी पति भागीरथ महतो(30)हिरामन महतो(31)सुरेंद्र मंडल पिता नामालूम(32)हिरामन महतो पिता नामालूम,(33)दिनेश मंडल पिता नामालूम,(34)अख्तर मियाँ पिता नामालूम,(35)धनेश्वर महतो पिता नामालूम,(36) मुन्ना सिंह पिता नामालूम,(37) रिजवान अंसारी पिता नामालूम,(38)राजेन्द्र प्रसाद साव पिता बाबूलाल साव,(39)लोटन खान पिता अख्तर खां,(40)गफ्फूर मियाँ पिता नामालूम,(41)अब्दुल सद्दाम पिता अब्दुल गफ्फूर,(42)राजा खान पिता पिता नामालूम,(43)समसुल हक पिता नामालूम,(44)बाबू खां,कमरुद्दीन खां पिता वली मो.खां (45) सेराज खां पिता नामालूम,(46)पुसन महतो पिता नामालूम,(47)तिलेश्वर महतो पिता नामालूम,(48)मगन महतो पिता स्व.भोला महतो (49) गीता देवी पति मनोज महतो ।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा विस्थापित परिवारों के बीच बर्तन का वितरण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने आज कटकमदाग प्रखंड के परियोजना प्रभावित विस्थापित गांव सुल्ताना में एक विशेष बर्तन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत नगडी से विस्थापित होकर सुल्ताना में बसे 78 परिवारों को कुल 10 प्रकार के किचन बर्तन प्रदान किए गए। इस वितरण में हॉटपॉट, वाटर फिल्टर, मिक्सर, प्रेशर कुकर, चकला, बेलन, मसाला बॉक्स, स्टील ग्लास, रोटी तवा और चिमटा जैसे बर्तन शामिल थे। विस्थापित ग्रामीणों ने इन बर्तनों को पाकर खुशी जाहिर की और एनटीपीसी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक और कार्यपालक रजनीश कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल को परियोजना प्रभावित समुदाय की बेहतर जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और इस तरह के सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। एनटीपीसी की यह पहल विस्थापित परिवारों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ब्रांडिंग, पेटेंट, पंजीकरण से संबंधित एक दिवस कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वाधान में, इंडिया एस. एम. ई. फोरम के माध्यम से चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्तर का आई. पी. आर. मिशन के तहत पेटेंट, डिजाइन, ट्रेड मार्क, लोगो रजिस्ट्रेशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक कटकमदाग, जिला हजारीबाग, झारखंड में मंगलवार को कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्रदीप खलखो (ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर), ज्योति देवी (इंटरनल प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन) सिकंदर कुमार दास (कम्युनिटी कॉर्डिनेटर), रेशमा खातून व संजू देवी उपस्थित रहे । कार्यशाला में 75 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह की बहनों ने वा उद्यमियों ने सहभागी की व कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुनील मिश्रा ने वीडियो और प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को ब्रांडिंग, पेटेंट, डिजाइन, ट्रेड मार्क, लोगो रजिस्ट्रेशन के महत्व को बताया साथ ही अपने व्यवसाय को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए उपरोक्त सभी चीज क्यों आवश्यक होती है यह भी जानकारी दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम में सभी उद्यमियों ने प्रशिक्षक सुनील मिश्रा के साथ वार्तालाप कर कई प्रश्न पूछ कर इस कार्यशाला में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन , ब्लॉक कटकमदाग, जिला हजारीबाग, झारखंड में किया गया कार्यक्रम का संचालन इंडिया एसएमई फोरम के सुनील मिश्रा ने किया।

## रामनवमी 2025 के मद्देनजर जुलूस मार्गों के सत्यापन एवं विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी 2025 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस क्रम में आज 25 मार्च को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में रामनवमी के जुलूस भ्रमण रूट के सत्यापन तथा विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, नगर आयुक्त,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ वैद्यनाथ कामती व जिला स्तरीय पदाधिकारी व थाना प्रभारी मौजुद रहे। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा रामनवमी त्योहार को सफल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने रामनवमी त्योहार को लेकर सभी लाइन डिपार्टमेंट यथा पेयजल विभाग,बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर सेफ्टी,नगर निगम को चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को दुरुस्त करने सहित रूट लाइन में पड़ने वाले खराब चापानलो का आकलन करते हुए मरम्मती कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग को पावर कट, शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली आपूर्ति, यत्र तत्र झूलते तारो को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग को सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया तथा जुलूस के दौरान मेडिकल कैंप को सक्रिय रखने को भी कहा।नगर निगम क्षेत्रो में की साफ सफाई, जुलूस मार्गो में पड़ने वाले शौचालय को क्रियाशील रखने सहित पेयजल वालो स्थानों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस मार्गों में लोहे की बैरिकेटिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रिस्पांस टाइम, कम्युनिकेशन प्लान,मेडिकल प्लान आदि को दुरुस्त करते हुए अपनी तैयारीयों को मुकम्मल रखने का निर्देश दिया। जुलूस मार्गो का सत्यापन करने सहित एक्साइज डिपार्टमेंट को अवैध शराब पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी, सीसीटीवी की निगरानी, क्या करें क्या न करें का बैनर लगाने आदि की बात कही। उन्होंने कहा जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा, साथ ही जुलूस के दौरान बजने वाले गानों का पूर्ण प्रमाणीकरण प्रशासन द्वारा कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने रूट मार्ग में किसी भी तरह के परिवर्तन की अनुमति नहीं देने की बात कही एवं ट्रैफिक प्लान,फायर ब्रिगेड लोकेशन, मेडिकल कैंप आदि के अधिष्ठापन पर कोई कोर कसर नहीं रखने का निर्देश दिया।

# उपायुक्त द्वारा किया गया मूवेबल सोलर पम्पसेट का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रामगढ :** मंगलवार किसान समृद्धि योजना के तहत उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा कृषकों को 2॥क्क ष्ट एवं 2॥क्क ष्ट मूवेबल सोलर पम्पसेट के वितरण के माध्यम से योजना का सांकेतिक शुभारम्भ किया गया। समाहरणालय परिसर में वितरण किये जाने वाले मूवेबल सोलर पम्पसेट का डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया। उपायुक्त के द्वारा सोलर पम्पसेट के परिचालन की जानकारी ली गयी। इसपर इनडीकोन एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि के द्वारा सोलर पम्पसेट के परिचालन की विधि बताई गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की कृषक इसका उपयोग अन्य विद्युत चलित कृषि यंत्रो के लिए भी कर सकते है, जिससे ग्रिड आधारित बिजली पर निर्भरता कम होगी। उपायुक्त ने इसे कृषको के लिए अत्यधिक उपयोगी बताते हुए कहा की अधिक से अधिक किसान इस योजना के लाभ प्राप्त करें। परियोजना निदेशक आत्मा, रामगढ द्वारा बताया गया की इस योजना के तहत प्राप्त कुल लक्ष्य 191 के विरुद्ध कुल 150 कार्यादेश निर्गत किया गया है। पीएम कुसुम योजना के तहत भी कृषको को सोलर पम्पसेट का वितरण किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में 1202 आवेदन को स्वीकृत किया गया है, जिसमे से लगभग 1100 सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही इस वित्तीय वर्ष कुल 465 ऑनलाइन आवेदनों को स्वीकृत किया गया है।इस मौके पर उप परियोजना निदेशक, आत्मा,रामगढ, लाभुक कृषक, रामगढ प्रखंड के दोहकातु पंचायत की मुखिया एवं समाहरणालय रामगढ के कर्मीगण उपस्थित हुए।

## तीन नबालिग बच्चों को चोरी के लैपटॉप के साथ पकड़ा गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मो अनवर अंसारी, उम्र-41 वर्ष, पिता-इसहाक अंसारी, सा0-गिद्दी ए. जिला हजारीबाग जिनका दुकान भुरकण्डा स्थित जनता टॉकिज के समीप राजा मोबाईल के नाम से एक मोबाईल रिपेयरिंग का दुकान है। इनके द्वारा दिनांक-23.03.2025 को भुरकुण्डा ओ0पी0 में आवेदन दिया गया है, जिसमें अपने मोबाईल दुकान का एलबेस्टर तोड़ कर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इनके दुकान से एक एच0पी0 कम्पनी का लैपटॉप एवं गल्ले में रखा हुआ 15000/- रूपया चोरी कर लेने का उल्लेख किया गया है, इस संबंध में पतरातू (भुरकुण्डा) थाना काण्ड सं0-72/25, दिनांक-23.03 2025, धारा-331 (4)/3 (5) बी0एन0एस0 दर्ज किया गया । अजय कुमार, (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की दो नबालिग बच्चें चोरी का लैपटॉप बेचने के लिए कोठार पुल के पास आये है, जिन्हें कुछ लोगो के द्वारा पकड़ कर रखा गया है। उक्त सूचना पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ एवं ओ0पी0 प्रभारी भुरकुण्डा को दिया गया। पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ एवं ओ0पी0 प्रभारी, भुरकुण्डा सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु कोठार पुल पहुँचे तथा दो नबालिग बच्चों को चोरी के लैपटॉप के साथ पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना-अपना नाम क्रमशः 1. समीर अंसरी, उम्र करीब 17 वर्ष, पिता-अमानुल अंसारी, पिता-बनवार, तोपा, थाना-माण्डू (कुज्जू ओ0पी0), जिला-रामगढ़ एवं 2. मुकेश कुमार, करीब 16 वर्ष, पिता-किशोर करमाली, पता-बनवार, तोपा, थाना-माण्डू (कुज्जू ओ0पी0), जिला-रामगढ़ बताया गया, इनके पास से एक काला रंग का एच0पी0 कम्पनी का लैपटॉप जप्त किया गया तथा इन्हें भुरकुण्डा ओ0पी0 लाया गया। इनके निशानदेही पर घटना में शामिल अन्य एक सहयोगी 3. प्रकाश कुमार चौहान, उम्र-15 वर्ष, पे0-इन्दु चौहान, पता ट्रांसपोर्ट नगर, कुज्जू, थाना-माण्डू (कुज्जू ओ0पी0), जिला-रामगढ़ को उनके घर से भुरकुण्डा ओ0पी0 लाया गया। उक्त तीनों बच्चों को विधि विरूद्ध होने के कारण बाल सम्प्रेक्षण गृह में भेजा जा रहा है।

## सीएसआर के तहत मशरूम खेती योजना के अंतर्गत हुआ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरमांडू स्थित समाहरणालय ब्लॉक



भी सभा कक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की उपस्थिति में सीएसआर के तहत मशरूम खेती योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रशिक्षु किसानों को मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भर बनाने एवं अपने आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए उत्पादन का सही तकनीक जानकर उत्पादन करने की बात कही साथ ही बाजार में बिक्री करने हेतु उचित दिशा निर्देश भी दी गई। प्रशिक्षक सुशील कुमार द्वारा मशरूम के उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया गया वही धरमजीत कुमार,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के द्वारा मशरूम के मार्केटिंग के बारे मे जानकारी दी गई।प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से बुमरी पंचायत के बुमरी,कंजगी एवं चपरी गांव के कुल 30 प्रशिक्षु महिला कृषक सहित,उप परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़, दीपिका रानी, दीपांशु प्रसाद, फील्ड सुपरवाइजर कम कॉर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## जेसीबी खरीद फरोख्त धोखाधड़ी के मामले मे चरही थाना पहुंचा जेएलकेएम का प्रतिनिधि मंडल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा




रामगढ़ व हजारीबाग का प्रतिनिधि मंडल आज चूरचू थाना पहुंचकर चंदनक्यारी के भंडारी बांध निवासी मानिक रजवार जो पार्टी के मंडल प्रभारी है ! से चरही निवासी अभिमन्यु कुमार उर्फ विनीत के द्वारा जेसीबी के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है ! मानिक रजवार ने कहा कि हमसे जेसीबी के नाम पर साढे ?5 लाख अभिमन्यु लिया है तथा मुझे ना जेसीबी दिया और ना ही पैसा दे रहा है ! दवाब बनाने पर एक बार चेक भी दिया लेकिन चेक बाउंस कर किया था ! चेक बोंस तथा धोखाधड़ी का मामला सिविल कोर्ट बोकारो में याचिका दायर की गई है ! आरोपी द्वारा लगातार कोर्ट में अनुपस्थित होने पर माननीय न्यायलय द्वारा नॉन बेलेबल वारंट इशु किया गया ! इसके बावजूद भी आरोपी पकड़ के बाहर है ! इन्ही सब बिंदुओं को लेकर आज झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल चरही थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात कर आग्रह किया गया कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए ! प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो केंद्रीय मंत्री सुभाष महतो ,केंद्रीय सचिव संजय महतो, केंद्रीय युवा मोर्चा महामंत्री राजाराम महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जुगल किशोर महतो प्रखण्ड अध्यक्ष चुरचु, खटीक महतो, सचिन महतो, गोपाल सिंह, प्रखंड कोषाध्यक्ष मुकेश महतो, सामोद महतो, कुलदीप कुमार, अजय कुमार, दशरथ महतो के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय जरजरा के 37 छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग द्वारा साइकिल वितरण किया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत के राजकीय मध्य



विद्यालय जरजरा में मंगलवार को झारखंड सरकार आदिवासी कल्याण विभाग उन्नति का पहिया योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय में कुल 37 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वहीं इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के जिला पार्षद समिति सदस्य बड़कागांव पूर्वी के गीता देवी,पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली रहे। वहीं मुख्य अतिथि गीता देवी ने कहा कि दुर दराज गांव से स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को अब आसानी से स्कूल आ जा सकेंगे। वहीं मुखिया चरका करमाली ने कहा कि झारखंड सरकार कि आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा साइकिल वितरण करना वाकई में सराहनीय कदम है। इस योजना से काफी हद तक गांव के बिरहोर बच्चों को आने जाने में काफी सहुलियत होगी। वहीं इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य किशोर बेदिया,समाजसेवी दीपक करमाली,विद्यालय प्रबंध समिति जरजरा के अध्यक्ष रमेश बेदिया, संयोजक सह प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार,संयोजिका बीणा देवी, सदस्य फूलचंद बेदिया,जसमती देवी,विजय गंझू,शिक्षिका इंदु कुमारी,सोहामनि टुडू,अनिमा टोप्पो,अशोक कुमार सिंह,सूरज बेदिया,सुनील गंझू,सुनील बेदिया, अनुष्का कुमारी,रुबी कुमारी, वंदना कुमारी,मुस्कान कुमारी, अभ्यास बेदिया,आर्यन बेदिया, गणेश बेदिया आदि छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## मनरेगा के तहत बेहतरीन कार्य कर दूसरे स्थान पर रहने के लिए रामगढ़ जिला को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनरेगा के तहत बेहतरीन कार्य करने व राज्य भर में मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर आज दिनांक 25 मार्च 2025 को रांची में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार बर्नवाल द्वारा रामगढ़ जिला को सम्मानित किया गया। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी मनरेगा रामगढ़ अनुजा राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो सीसीएलकर्मीयो को हथियार के बल पर बनाया बंधक,आठ से दस कि संख्या में चोर हुए थे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी कोलियरी के सयाल फिल्टर प्लांट में बिते सोमवार कि रात करीब एग्यारह बजे के आसपास आठ से दस कि संख्या में पहुंचे चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। मिली जानकारी के अनुसार आठ से दस कि संख्या में पहुंचे चोरों ने पहले रात्रि पाली में ड्यूटी कर रहे दो सीसीएलकर्मी रामजतन बैठा व बुदू घांसी को हथियार के बल पर बंधक बनाकर फिल्टर प्लांट से पहले से रखे किमती केबूल व सिलिगं पंखा और एक हाउस पाइप एवं सीसीएलकर्मी के जेब में पड़े कुछ पैसे को छीनकर फरार हो गए। चोरी के घटना के उपरांत चोरों ने दोनों सीसीएलकर्मीयो को सोर या हल्ला मचाने पर जान से मारने कि धमकी दी उसके बाद ही चोरों ने सीसीएल कि लाखों कि संपत्ति पर हाथ साफ कर आसानी से चलते बने। वहीं इस मामले कि जानकारी कर्मीयों ने अपने आला अधिकारी को दी। जिसपर आला सीनियर अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए मामले को मंगलवार को भुरकुंडा ओपी को लिखित सूचना दिलवाई गई। वहीं अब यहां सवाल उठता है कि घनी आबादी के बीच चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो सकते है। घनी आबादी के बीच चोरों का हौसला कौन बड़ा रहा है। सवाल तो यह भी उठता है कि चोरी के वक्त सीसीएल सुरक्षा विभाग कहा सोई हुई थी।वहीं इस चोरी मामले में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरी घटना के संबंध मामले में थाने को शिकायत प्राप्त हुई है। मामले कि जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

*दयाल स्टील लिमिटेड द्वारा मज़दूरों को कोई बुनियादी सुविधा नहीं दिया जाना मज़दूर क़ानूनों का घोर उल्लंघन*

## दयाल स्टील के मज़दूरों को जेएलकेएम दिलायेगा उनका वाजिब हक़ : संतोष महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला मुख्यालय के सबसे क़रीब में चल रहे दयाल स्टील लिमिटेड द्वारा मज़दूर क़ानूनों के घोर उल्लंघन किया जा रहा है।आज इस संबंध में मज़दूरों के प्रतिनिधिमंडल ने जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता संतोष महतो और नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो के संयुक्त अगुवाई में जिले के उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाक़ात किया।संतोष महतो ने उपायुक्त को बताया कि दयाल स्टील के मालिक और प्रबंधन के लोगों का मजूदरों के साथ व्यवहार बेहद ख़राब है और सबसे दुखद आश्चर्य ये है कि ये प्लांट जिला मुख्यालय के सबसे सामने संचालित है फिर भी यहाँ खुलेआम श्रम क़ानूनों और मानवाधिकार क़ानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है।इस सम्बन्ध में दयाल स्टील को जेएलकेएम द्वारा पूर्व में दिनांक 13/02/25 को पाँच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था परन्तु प्रबंधन के तरफ़ से मज़दूरों के बुनियादी मांगों के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया ।झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा उपायुक्त को अनुरोध पत्र देकर मजूदरों के साथ न्याय करने का पहल करने के लिए कठोर कदम उठाने के लिए कहा गया ।आवेदन पत्र में बताया गया है कि यहाँ काम कर रहे मज़दूरों को सिर्फ़ दो केटेगरी में काम कराया जा रहा है। आठ घंटे के सैलरी में 12 घण्टे काम कराया जाता है।प्रबंधन के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने वाले मज़दूरों को किसी न किसी बहाने काम से निकाल दिया जाता है।पाँच प्रमुख मांगों में-फ़ैक्ट्री के कर्मचारियों को गेट पास और पहचान पत्र निर्गत करने,सभी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी देने, नए मज़दूरों को रविवार अवकाश सहित अन्य अवकाश देने,मजदूरों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप उपकरण जैसे - हेलमेट, जूता,ग्लब्स,जैकट आदि देने के साथ ही रिटायरमेंट के लिए उम्र निर्धारण,पेंशन सहित अन्य रिटायरमेंट सुविधा देने को लेकर माँगपत्र सौंपा गया।मज़दूरों के साथ उपायुक्त से मुलाक़ात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जेएलकेएम नेता संतोष महतो,नगर अध्यक्ष पवन महतो,सिकंदर,मोहम्मद शमी,जतन महतो,सुरेंद्र कुमार और फ़ैक्ट्री मज़दूरों में इम्तियाज अंसारी, ईश्वर कुमार, दिलेश्वर ठाकुर, किशोर ठाकुर, साहिल अंसारी, वासुदेव महतो, भुनेश्वर साव, फारूक अंसारी, सिद्धू बेदिया, चुन्नीलाल महतो आदि शामिल थे।

## रामगढ़ विधायक ने पेयजल समस्याओ को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने आज झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो से मुलाकात कर क्षेत्र में उत्पन्न पेयजल संकट के समाधान हेतु चर्चा की। विधायक ममता देवी ने मंत्री को अवगत कराया कि रामगढ़ जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरी इलाकों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। गर्मी के मौसम में जलस्तर नीचे चला जाता है, जिससे कई क्षेत्रों में हैंडपंप और जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। आम जनता को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।मंत्री योगेंद्र महतो ने विधायक ममता देवी की चिंताओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विभाग जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीम भेजी जाएगी, साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए नई जल योजनाओं पर भी काम किया जाएगा।विधायक ममता देवी ने मंत्री महोदय से अनुरोध किया कि जल संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त टैंकर सेवा उपलब्ध कराई जाए, नए जल स्रोत विकसित किए जाएं और पाइपलाइन विस्तार की योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए।

## रामगढ़ चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स भवन में हुआ फूड लाइसेंस एंव पंजीयन कैंप का आयोजन, 50 व्यापारियों ने करवाया अपना लाइसेंस एवं पंजीयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ बिजुलिया स्थित रामगढ़ चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के भवन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण रामगढ़ झारखंड के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीप श्री मैडम एवं आए हुए सहयोगियों ने आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ के संदर्भ में जागरूक किया एवं लाइसेंस एवं पंजीयन कराने का अपील किया साथ ही साथ शिविर में आए हुए व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी दी ! वहीं रामगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के निवर्तमान अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल एवं सत्र 2025 - 27 के अध्यक्ष मंजीत सहानी में आए हुए अधिकारियों को पुष्पगुच्छा देकर अभिनंदन किया एवं व्यापारियों को फूड लाइसेंस एवं पंजीयन के लिए जागरूक करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आज के बाद इस तरह का कार्यक्रम एक बार और करनी चाहिए जिससे व्यापारियों के बीच आज का कार्यक्रम की जानकारी मिल सके और वो अगली बार अपना लाइसेंस एवं पंजीयन करा सके उन्होंने सभी खाने पीने की सामग्री बेचने वाले सभी होटल/ रेस्टोरेंट/ ढ़ाबा,डिस्ट्रीब्यूटर,हॉल सेलर, रिटेलर,आरओ वॉटर प्लांट,बेकरी दुकान, किराना दुकान,फ़ूड सप्लीमेंट बेचने वाले,दवा दुकान, फल सब्ज़ी विक्रेता एवं गन्ना जूस, फल जूस विक्रेता, अंडा/ चिकन/ मिट/ मछली बिक्रेता एवं सभी फ़ास्ट फ़ूड,ठेला खोमचा को लाइसेंस/पंजीयन प्राप्त करना अनिवार्य है आज के इस शिविर में मुख्य रूप से रामगढ़ चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सत्र 2025-27 के उपाध्यक्ष अमरेश गणक,मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी,सह सचिव इंदर पाल सिंह,फ़ूड सेफ़्टी सब कमेटी के अध्यक्ष संजीव चड्ढा,कमल शर्मा सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

## साहू भवन ट्रस्ट का चुनाव आज, सत्ता पक्ष का पलड़ा भारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** साहू भवन ट्रस्ट का चुनाव आज। सत्ता पक्ष का पलड़ा भारी। वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ छोटू के कार्यकालों का आम मतदाता कर रहे हैं सराहना। साहू भवन ट्रस्ट का चुनाव आज साहू भवन रामगढ़ में प्रातः 8ः 10 बजे से संध्या 4ः00 बजे तक संपन्न होगा। साहू भवन ट्रस्ट के चुनाव में 681 मतदाता 15 सदस्यों को चुनकर सत्र 2025-27 के लिए नामित करेंगे। सूत्रों की माने तो वर्तमान कमेटी के पदाधिकारीयों के कार्यकलापों से आम मतदाता संतुष्ट दिख रहे हैं। इसीलिए वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ छोटू जी का टीमों का पलड़ा भारी दिख रहा है। वर्तमान अध्यक्ष छोटू जी अपने किए गए दो साल के क्रियाकलापों को आम मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पूरे जोड़ शोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। एवं अपनी साफ एवं स्वच्छ छवि से आम मतदाताओं के बीच में गहरी पैठ भी बना रहे हैं। और कुल मिलाकर इस बार भी सुरेंद्र कुमार गुप्ता और छोटू जी के टीमों का हौसला बुलंद है और पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस बार भी छोटू जी के टीमों का दबदबा साहू भवन ट्रस्ट के ऊपर रहेगा। और इनके टीम के जीतने की पूरी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है।

## जिला प्रशासन के आदेश पर अवैध खनन मुहानों को किया गया डोजरिंग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** रामगढ़ जिला के सुखिया ,महुआ टार, सहित मांडू कुजू के इलाकों में अवैध खनन कर रहे कोयला माफियाओं के द्वारा अवैध मुहानों खनन करवाया जा रहा था जिसको जिला प्रशासन वा सीसीएल के संयुक्त अभियान चला कर डोजरिंग किया गया जिसमें मांडू थाना के पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार लिंडा कुजू ओपी प्रभारी नौशाद आलम, मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी रितिक कुमार सीसीएल के सिक्योरिटी इंचार्ज सहित असिस्टेंट सुपरवाइजर हेमंत कुमार सिंह मौजूद थे। वहीं सूत्रों की मानो तो जिला प्रशासन के द्वारा लगातार अवैध खनन मुहानों को बंद करने कार्य किया जा रहा हैं वहीं दूसरी ओर सूत्रों का यह भी का हना है कि अभी तक अवैध खनन के कोयले को जप्त नहीं किया गया है और नहीं किसी कोयला तस्करों पर मामला दर्ज किया गया है यह एक सवाल खड़ा कर रहा है।

## पीएम श्री विद्यालयो के विद्यार्थियों के लिए 21 सेंचुरी लर्निंग एंड इनफार्मेशन स्किल्स के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** मंगलवार को टाउन हॉल रामगढ़ में पीएम श्री विद्यालयो के विद्यार्थियों के लिए 21ह्यह्ल सेंचुरी लर्निंग एंड इनफार्मेशन ह्यद्मद्बद्यद्यह्य के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ नीलम कुमारी तथा डीएससी रामगढ़ श्री संजीत कुमार उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई । कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के द्वारा सभी अतिथियों को फूलों का पौधा देकर स्वागत किया और छात्राओं के द्वारा स्वागत गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में डीडीसी ने 21वीं शताब्दी के जीवन कौशल के तहत विनम्रता तथा बच्चों को आपस में सहयोग की भावना सीखने पर विशेष बल दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम कुमारी ने बच्चों को 21वीं शताब्दी के कौशल के तहत 4ष्ट रचनात्मक आलोचनात्मक सोच , सहयोग की भावना तथा संवाद कौशल के बारे में बताया उन्होंने बताया कि किस प्रकार बच्चे इन कौशल को सीख कर अपने आप को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार कर सकते हैं । जिला शिक्षा अधीक्षक ने कार्यक्रम के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में अब हर तरह की डिजिटल सुविधा दी गई है बच्चे उसका उपयोग करें और स्मार्ट बने पब्लिक हाई स्कूल कुज्जू की मनीषा धवन ने 2020 के ह्रश्वक्क शिक्षा नीति तथा 21वीं शताब्दी के कौशल की विस्तृत जानकारियां अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बच्चों के बीच प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में श्वष्ठरू टीम के राजदीप के द्वारा आज के साइबर सुरक्षा पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसी से संबंधित ष्ठढ्ढह्र टीम के मनीष कुमार के द्वारा बैंक द्बह्लड्डह्लस्र ष्ड्डद्य और द्घद्बह्यड्डद्गद्द की कई महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों को दी गई । इसके साथ ही रामगढ़ के ष्ठश्वह्र नलिनी रंजन के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बताया कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता अतः बच्चे हमेशा सीखने की और अग्रसर हो और जीवन में अच्छे मुकाम को प्राप्त कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

## अवैध बालू लदा टाटा 407 जब्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा एक टाटा 407 जब्त किया है।इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बैंक मोड़ थाना के सब इंस्पेक्टर बाबु राम हांसदा एवं अन्य पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध नया बाजार सुभाष चौक के पास औचक छापामारी की गई।इस क्रम में धनबाद की ओर से आ रहे एक बालू लदे टाटा 407, डब्ल्यू.बी. 37 बी 4736 को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। टीम ने वाहन को जब्त कर बैंक मोड़ थाना में वाहन मालिक, वाहन चालक, वाहन पर लदे बालू एवं इसमें संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## जोरापोखर थाना में ईद एवं रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोरापोखर थाना में मंगलवार को ईद एवं रामनवमी की त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने तथा संचालन किशोर कुमार ने किया। बैठक में समिति के लोगों ने ईद एवं रामनवमी की त्योहार को हर्षोल्लास और भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया है। श्री सिन्हा ने रामनवमी के अखाड़ा संचालकों से अपील किया है की पर्व के अवसर पर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखे। ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रशासन को सूचना तुरंत पुलिस को दे। साथ ही शांति के माहौल में त्योहार मनाने को सभी समुदाय के लोगों को एक दूसरे को सहयोग करें। श्री सिन्हा ने कहा है की सोशल मीडिया पर अफ़वाह फैलाने वाले के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। बैठक में शंकर साव, शमशेर आलम, दिनेश यादव, एम के ठाकुर, अशोक झा, गणेश साव, नौशाद खान, पपू विश्वकर्मा, बीरेंद्र गुप्ता, पिंटू तुरी, आरिफ सिद्दिकी, अलीम अंसारी, आफताब अंसारी आदि थे।

## एचडीएफसी बैंक के बलियापुर शाखा का नगर आयुक्त ने किया उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की अग्रिम बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक का मंगलवार को धनबाद ज़िले के बलियापुर में नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त (सीईओ) रवि राज शर्मा द्वारा किया गया। इस उदघाटन के मौके पर अपने संबोधन में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी, इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी और क्षेत्र की सारी बैंकिंग समस्या का हल होगा। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आसपास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जाएगी। इस मौके पर क्लस्टर हेड रोहित कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक दीपक एस कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## अशोक राम ने बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जन्मतिथि सुधारने की किया मांग

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अशोक राम अम्बेडकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य ने बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जन्मतिथि सुधारने की मांग की । पत्र में उन्होंने लिखा कि निताई चन्द्र हाड़ी जो लोदना क्षेत्र में नॉर्थ तीसरा कोलियरी के अंतर्गत वरीय लेखपाल के पद पर कार्यरत है, जिसका कर्मी संख्या 61203330 है । यह 02.08.1989 को नौकरी में बहाल हुए है , जिसका सर्विस बुक में जन्मतिथि 17.03.1965 है। इस जन्मतिथि के आधार पदोन्नति समय - समय पर मिलता आया है । परन्तु इनका सेवानिवृति 1965 के जन्मतिथि के आधार पर 31 मार्च को होना है, जबकि मीट्रिक प्रमाण पत्र के आधार पर तीन वर्ष नौकरी बची है ।उपरोक्त आधार पर एक महादलित परिवार को समय से पहले सेवानिवृति होना एक सामाजिक, आर्थिक शोषण का परिचायक है ।आवेदन के माध्यम से उन्होंने अनुरोध किया कि निताई चन्द्र हाड़ी के मैट्रिक प्रमाण को आधार मानते हुए उसके जन्मतिथि को सुधारा जाए ।



## तेतुलमारी में अवैध खनन स्थल की भराई

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तेतुलमारी मैगजीन के समीप अवैध तरीके से चल रहे मुहाना को तेतुलमारी कोलियरी प्रबंधन, सी आई एस एफ व पुलिस की मौजूदगी में अवैध खनन मुहाने को जे सी बी से भराई की गई। तेतुलमारी मैगजीन के समीप उक्त स्थल पर मुहाने को खोल कर कोयला अवैध तरीके से निकाली जा रही है। अवैध माइंस को भरने में बीसीसीएल, सीआईएसएफ व स्थानीय पुलिस मौके पर सयुक्त रूप से मौजूद थे।



# उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग के जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय से ई-केवाईसी कराने के लिए आपूर्ति विभाग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित सभी लाभुकों को ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। जागरुकता रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण करेगा और ई-केवाईसी के लिए छुटे हुए लाभुकों को जागरूक करेगा। साथ ही उन्हें झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी देगा।वहीं एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीला कार्ड धारी को निःशुल्क 35 किलोग्राम प्रति कार्ड, गुलाबी कार्ड धारी को निःशुल्क 5 किलोग्राम प्रति सदस्य, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हरा कार्ड धारी को निःशुल्क 5 किलोग्राम प्रति सदस्य, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना के तहत पीला, गुलाबी एवं हरा कार्ड धारी को निःशुल्क एक किलोग्राम प्रति कार्ड, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना के तहत पीला, गुलाबी एवं हरा कार्ड धारी को निःशुल्क एक किलोग्राम प्रति कार्ड खाद्यान्न दिया जाता है।जबकि सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत पीला, गुलाबी एवं हरा कार्ड धारी को प्रति वस्त्र 10 रुपए की दर से एक साड़ी एवं एक धोती या लूंगी हर 6 महीने में दिया जाता है। वहीं चीनी वितरण योजना के तहत पीला कार्ड धारी को एक किलोग्राम प्रति माह निर्धारित अनुदानित मूल्य पर चीनी दी जाती है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी लाभुक यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न प्राप्त करने के समय खाद्यान्न वेइंग मशीन पर रखा हुआ हो तथा ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाने के बाद बीप की आवाज आने के बाद पर्ची प्राप्त करने के उपरांत ही अपना खाद्यान्न प्राप्त करें। दुकानदार द्वारा उपरोक्त वस्तुओं का वितरण निर्धारित मात्रा एवं दर पर नहीं किए जाने पर लाभुक टोल फ्री नंबर 1800 212 5512 एवं 1967 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।इस मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, आपूर्ति शाखा के संदीप कुमार महतो, अमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टाटा डीएवी स्कूल ने पहली बार खेल प्रतियोगिता के आयोजन में बच्चे के साथ अभिभावक को बुलाया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल, जामाडोबा में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजित की गई। परीक्षा की तैयारियों में व्यस्त रहने के कारण छात्रों को खेल के लिए कम समय मिल पा रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन ने 25 मार्च से 27 मार्च 2025 तक क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया। लड़कों के लिए क्रिकेट और लड़कियों के लिए कबड्डी की प्रतियोगिता रखी गई है। क्रिकेट मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने किया। क्रिकेट मैच में कक्षा दसवीं ए और दसवीं बी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दसवीं वर्ग ए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 72 रन बनाए। जवाब में दसवीं वर्ग बी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में जीत हासिल कर लिया। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रुद्र प्रताप ने 6 विकेट लिए और 10 रन बनाए जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। कल कक्षा दसवीं वर्ग सी और दसवीं वर्ग डी के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 27 मार्च को होगा। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने कहा की पहली बार अभिवाक को अपने बच्चे को खेलते हुए देखने को मौका मिला है। बच्चे भी अपने अभिवाक को सामने देख काफी खुश थे। अपने बच्चे को अच्छा प्रदर्शन करते देख अभिभावको की तालियां पूरे स्कूल में गूंज रही थी। सभी ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की, जिससे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हिस्सा लेने का अवसर मिला।

# डालसा के सहयोग से अब पढेगी दिव्यांग अनाथ मन्नू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** मन्नू को पढ़ने की लालसा थी परंतु ईश्वर ने उसके दोनो आंख छीन लिए, इतना ही नहीं चार वर्ष की उम्र मे हीं मन्नू के सर से पिता का साया उठ गया। विधवा मां और शत प्रतिशत दिव्यांग मन्नू अपने सपनों को साकार कैसे करती? उसे डालसा का सहारा मिला उसके जीवन में डालसा एक नई रोशनी बनकर आई। मंगलवार को अधिकार मित्र राजू कुमार की नजर बाघमारा में उस बच्चे पर पड़ी तुरंत इसकी सूचना अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन को दी गई। बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए तुरंत टास्क फोर्स बनाया गया टीम जब बाघमारा बच्चों को रेस्क्यू करने पहुँची तो वहां देखा कि मन्नू ही नहीं उसके छोटे भाई भी शत प्रतिशत दिव्यांग हैं उसके भी आँखों में रौशनी नहीं है। इसी दौरान दो और अनाथ बच्चों पर टीम की नजर पड़ी जिनसे बातचीत पर यह पता चला कि वो भी पढ़ना चाहते हैं परंतु गरीबी के कारण और माता पिता का साया सर पर नहीं रहने के कारण वह पढ़ नहीं पा रहे हैं। अवर न्यायाधीश श्री रौशन ने पूरे मामले की जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी को दी। प्रधान जिला जज के आदेश पर त्वरित कार्रवाई हुई, बच्चों को झालसा के द्वारा चलायी जा रहीं योजना दिव्यांगों को मिले समानता का अधिकार परियोजना के तहत मिलने वाले समस्त अधिकारों को दिलाने का निर्देश दिया गया। निर्देश के आलोक में दोनों दिव्यांग बच्चों को गिरिडीह नेत्रहीन बाल विकास विद्यालय में दाखिला कराने की कार्यवाही शुरू कर दी गई। वहीं अन्य दो अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत मिलने वाले लाभ दिलाने की कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई।अवर न्याधीश श्री रोशन ने बताया कि जल्द ही दोनों दिव्यांग बच्चों का दाखिला हो जाएगा तथा दो अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। न्यायाधीश ने मौके पर ही बच्चों को पहनने के लिए कपड़े, खेलने के लिए खिलौने व खाने पीने की सामग्री दी।

# सहायक श्रमायुक्त ने 8 कामगारों को कराया 3.54 लाख बकाया भुगतान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार ने सोमवार को आठ कामगारों का बकाया 3 लाख 54 हजार 879 रुपए का भुगतान कराया। इसकी जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि एम.आइ.जी. हाउसिंग कॉलोनी के दादी पार्क स्थित यंग एक्शन फोर मास (वाय.ए.एम.) इंडिया के आठ कामगारों ने कंपनी के सचिव रवि प्रकाश के विरुद्ध बकाया मजदूरी को लेकर शिकायत की थी।सहायक श्रम आयुक्त ने सभी शिकायतकर्ता तथा नियोजक को सोमवार को कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। इस आलोक में आठों शिकायतकर्ता एवं कंपनी की ओर से प्रबंधक तीर्थराज ठाकुर उपस्थित हुए। वार्ता के दौरान नियोजक की ओर से बकाया मजदूरी का भुगतान करने में टालमटोल किया जाने लगा। इसके बाद सहायक श्रम आयुक्त ने उनसे कहा कि यदि नियोजक भुगतान नहीं करते हैं तो मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के तहत श्रम न्यायालय में नियोजक के विरुद्ध मुकदमा दायर किया जाएगा। जिसमें जुर्माना व जेल, दोनों सजा का प्रावधान है। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हुआ। जिसके बाद मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अनुसार नियोजक ने सलोनी प्रिया का 32018 रुपए, सक्षम चंद्रा का 44134, आशीष अभिषेक का 40961, गौरव का 85651, अजय कुमार का 59268, पूजा रानी महतो का 65575, प्रशांत रवानी का 19000 तथा टिकैत कुमार साव का 8308 रुपए का भुगतान चेक के माध्यम से कर दिया।

## झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब के सौंदर्यीकरण में परियोजना का पत्थर का हो रहा इस्तेमाल

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया का राजा तालाब अपने आप में कई इतिहास समेटे हुए है। झरिया की पहचान राजा तालाब से है। इसके साथ नाइंसाफी करने वाले को कतई झरिया की जनता बर्दाश्त नहीं करेगा। ये उक्त बातें धनबाद नगर निगम वार्ड पार्षद अनूप साव ने कहा। उन्होंने कहा कि झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब झरिया का धरोहर है। धनबाद नगर निगम फंड से करीब करोड़ों की लागत से झरिया राजा तालाब का सौंदर्यीकरण हो रहा है। तालाब में हो रहे कार्यों का प्राक्कलन की मांग संवेदक ओर नगर आयुक्त से किए थे। लेकिन नगर आयुक्त से प्राक्कलन नहीं मिलने से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांग किए है। तालाब के सौंदर्यीकरण में परियोजना का पत्थर लगाया जा रहा है। प्राक्कलन अनुसार पत्थर लगाया जा रहा है। या संवेदक अपना मनमानी कर रहा है। प्राक्कलन के अनुसार राजा तालाब का सौंदर्यीकरण शत प्रतिशत काम होना चाहिए। प्राक्कलन अनुसार काम नहीं होने पर जांच की मांग के साथ साथ संवेदक पर भी कार्यवाही करने की मांग करेंगे।

# जनता दरबार में बुजुर्ग महिला ने लगाई बेटी की प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधव मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें धनबाद चीरागोड़ा की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त से बेटी की प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनकी चार बेटियां है। जिसमें तीसरे नंबर की बेटी, जिसकी शादी हो चुकी है लेकिन ससुराल से वापस घर आ गई है, रोज उनको प्रताड़ित और उनके साथ मारपीट करती है। बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त से बेटी को घर से निकालने और प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने बुजुर्ग महिला को दो-तीन दिनों में समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।वहीं पश्चिम बंगाल के अंडाल से आई दो महिलाओं ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन गोमो कॉलेज के पास थी। परिवार में उनकी मां, दो भाई और तीन बहन है। उक्त जमीन रेलवे ने अधिग्रहित कर ली। भूमि अधीग्रहण के बाद दोनों भाइयों ने मुआवजा की राशि आपस में बांट ली और मां को घर से निकाल दिया। मां पिछले चार वर्ष से बेटी के साथ अंडाल में रहती है। महिलाओं ने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।जनता दरबार में पूर्वी टुंडी की महिला ने उपायुक्त को बताया कि वह विधवा है और उनका एक दिव्यांग बेटा है। वहीं इलाके के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर दबंगों द्वारा गाली गलौज और मारपीट की जाती है।इसके अलावा जनता दरबार में रेलवे द्वारा अर्जित की गई जमीन का मुआवजा दिलाने, ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने, एसएनएमएमसीएच में एचआइवी पीड़ितों के लिए डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने, महावीर नगर स्थित तालाब की सफाई कराने, माननीय उच्च न्यायालय, रांची, के आदेश के बावजूद सास - ससुर द्वारा विवाहिता को घर का ताला खोलने से रोकने, बेटी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।जनता दरबार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

T. Reference No. :- Hotwar - 29/2024-25 Date 25.03.2025

| Si.No. | Name of Work | Estimated Cost (in Lakhs.) | Bid Security (Lakhs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Repair & Maintenance, operation & handling of W/S scheme & S.T.P. of Birsa Munda Central Jail. Hotwar Ranchi for the year of 2025-26 under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi, | 7317336.00 | 1.47000 | 10000.00 | 1 Year |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 05.04.2025/02.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 05.04.2025/02.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 05.04.2025/02.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 12.04.2025/04.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 12.04.2025/04.00 PM. | | | |
| 7. | Date of Opening of Tender | 15.04.2025/11.00 AM. | | | |
| 8. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 9. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10. | Contact No. Of Procurement Office | 0651-3560890 | | | |
| 11. | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-3560890 | | | |

नोटः–1. निविदा की राशि घट बढ सकती है। विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR 349183 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला आपूर्ति शाखा)

निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 की अवधि के लिए राँची जिला के ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 (अट्ठारह) एवं अनुभाजन क्षेत्र अवस्थित 12 (बारह) कुल 30 (तीस) तथा 02 (दो) रात्री दाल–भात केन्द्रों के संचालकों को न्यूनतम दर पर आपूर्ति करने के इच्छुक एवं अहर्त्ता रखने वाले विक्रेताओं से दिनांक 04.04.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक कृषि उत्पादन बाजार समिति, पण्डरा, राँची के अद्यतन् दर चावल 3400.00 रुपये प्रति क्वींटल, चना 7100.00 रुपये प्रति क्वींटल एवं सोयाबीन बड़ी 7500.00 रुपये प्रति क्वींटल से न्यूनतम दर पर निविदा आमंत्रित किया जाता है।

तकनीकि बीड के लिए अहर्त्ताएँ
1. निविदादाता का व्यवसाय स्थल राँची जिला अंतर्गत होना चाहिए। व्यापार स्थल प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. स्थानीय अंचल अधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करें।
3. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. निविदादाता का वाणिज्य कर विभाग से GST निबंधन का प्रमाण पत्र।
5. अद्यतन् GST रिटर्न की प्रति।
6. उद्यम निबंधन MMSME प्रमाण पत्र।
7. निविदादाता का प्रतिवर्ष डेढ़ (1.5) करोड़ रुपये का टर्न ओवर होने संबंधी कागजात।
8. निविदादाता का विगत 03 (तीन) वर्ष का अद्यतन आयकर रिटर्न की विवरणी।
9. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सभी केन्द्रों तक एक माह के लिए माह प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व सभी केन्द्रों पर निर्धारित मात्रा में चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी पहुँचाना आवश्यक होगा, से संबंधित शपथ पत्र।
10. निविदादाता District Supply Officer, Ranchi के पदनाम से राँची में भुगतेय 2,00,000/– (दो लाख) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करायेंगे। निविदा में सफल व्यक्ति का बैंक ड्राफ्ट जमानत राशि के रूप में कार्यवधि तक रखा जायेगा। सामग्री की आपूर्ति प्रारंभ होने से कार्यवधि तक किसी प्रकार की अनियमितता का दोषी पाये जाने पर इसे जब्त किया जा सकेंगा। सफल निविदादाता को छोड़कर अन्य निविदादाताओं का बैंक ड्राफ्ट निविदा निष्पादन के उपरांत लौटा दिया जायेंगा।
11. चावल/चना/सोयाबीन बड़ी उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। गुणवत्ता के संबंध में निविदा समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं निम्न गुणवत्ता वाले निविदादाता को वित्तीय बीड में भाग लेने से बंचित किया जा सकेगा। सभी सामग्री का नमूना सील्ड पारदर्शी फलास्क/बोतल में लाना होगा जिसपर निविदादाता का नाम एवं पता चिपका होना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता के रूप में चयनित होने के उपरांत इससे भिन्न सामग्री की आपूर्ति केन्द्रों द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।
12. निविदादाता को जिले में कार्यरत दाल–भात केन्द्रों पर सामग्रियों को पहुँचाकर उपलब्ध कराना होगा।

वित्तीय बीड
1. निविदादता का नाम एवं पता –
2. निविदा दर प्रति क्वींटल
A. चावल –
B. चना –
C. सोयाबीन बड़ी –

फोटो
हस्ताक्षर

सामान्य निर्देश :–
1. तकनीकि बीड़ एवं वित्तीय बीड़ अलग–अलग लिफाफ में रखकर दोनो को एक बड़े लिफाफ में मुहरबंद कर उपायुक्त, राँची के पदनाम से दिनांक 04.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला आपूर्ति कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित समय के उपरांत कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
2. उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची को बगैर कारण बताये निविदा को रद्द करने/निविदा समय में परिवर्तन करने/सामग्री की आपूर्ति एक या एक से अधिक आपूर्तिकर्त्ताओं के बीच आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

PR 349166 District (24-25)_D

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची।
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, राँची।
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।

# कैरो महाबीर मंडल के अध्यक्ष बने कृष्णा, भव्य होगा भरत मिलाप शोभायात्रा, क्षेत्रीय बैठक आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय कैरो में 24 अप्रैल सोमवार की रात्रि दुर्गाबाड़ी भवन कैरो में रामनवमी सह भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम को लेकर विशेश्वर प्रसाद दीन की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। बैठक में सर्वप्रथम पुरानी समिति भंग एवं 2025 महाबीर मंडल नए समिति गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लाया। विदित है कि कैरो मुख्यालय में वर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुरुप श्री रामनवमी पुजा के अवसर पर आगामी 05 अप्रैल को रात्रि में भव्य जुलूस,06 अप्रैल श्री रामनवमी पुजा पर पूर्वाह्न 12 बजे तक पुजा अर्चना,एवं 02 बजे अपराह्न से प्रखंड क्षेत्र से आये विभिन जुलूस का मिलान करते हूए परिभ्रमण एवं 07 अप्रैल सोमवार दशमी तिथि को भव्य भरत-मिलाप की शोभायात्रा सह मेला कार्यक्रम के निमित समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष-कृष्णा साहू, उपाध्यक्ष-ललेश पांडे, रवि प्रजापति, बजरंग साहू, रिंकु प्रसाद, संजय प्रजापति, मनोज साहू, राजेश यादव एवं महेंद्र उराँव बनाये गये हैं वहीं महासचिव-गौतम कुमार, सह-सचिव अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष-अंकित सोनी, सह-कोषाध्यक्ष शैलेश साहू बनाये गये हैं।कार्यकरिणी सद्स्य- पंकज कुमार साहू, राधेश्याम, रिषभ, मलिन्द्र ठाकुर, जितबाहन महतो, उज्वल गुप्ता इत्यादि बनाये गये हैं।वही संरक्षक- विशेश्वर प्रसाद दीन, शरत कुमार विद्यार्थी, विवेक प्रजापति, सुरज मोहन साहू, राजेन्द्र सोनी, मुखिया वीरेंद्र महली, अनिल पांडेय, रामप्रसाद यादव, शंभू सोनी, बजरंग उराँव, शंकर राम, परमेश्वर भगत, बजरंग सोनी, विपिन सिंह, भोला प्रसाद,सुनील तिवारी समेत पहान पुजार, एवं सभी जनप्रतिनिधि को सरंक्षक बनाये गये हैं।कार्यक्रम सफलता पुर्वक सम्पन्न किये जाने को लेकर कैरो महाबीर मंडल ने आसपास आखाड़ा प्रमुखों, गणमान्य एवं केंद्रीय महाबीर मंडल पदाधिकारियों को आज 26 मार्च बुधवार क्षेत्रीय बैठक में भाग लेने के लिये विचार विमर्श हेतू आमंत्रित किया है।

# नशा मुक्त जिला बनाने को लेकर हुई बैठक, तैयार हुई नई रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक की गई। इस दौरान जिले में नशे के कारोबार को रोकने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी ने नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टर को पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने एवं वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है उसपर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन दवाओं की बिक्री स्टॉक आदि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि के नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार दवाई दुकानों सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। बैठक ड्रग्स इंस्पेक्टर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने धान अधिप्राप्ति योजना को लेकर की समीक्षा बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज दिनांक 25.03.2024 को आपूर्ति विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 की समीक्षा की गई जिसमें धान अधिप्राप्ति का 1.5 लाख का लक्ष्य है। जिसमे किसानों को प्रेरित करने की सलाह दी गयी है ताकि किसान दलालों के बीच न फंसकर सीधे अपना धान लैम्प्स में जमा कर के बाजार के भाव से ज्यादा मुनाफा कमा सके। उप विकास द्वारा कहा गया कि जहां जहाँ लैम्प्स/पैक्स ठीक से काम नही कर पा रहे उनपर कार्रवाई की जाएगी इसलिये वो लोग किसानों को मोटीवेट करें। जिला में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्न, चना दाल का वितरण, एनएफएसए अंतर्गत राज्य में लोहरदगा जिला में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्रखण्डों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्राप्त आवंटन की स्थिति, पीवीटीजी डाकिया योजना से संबंधित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की स्थिति, चीनी/नमक वितरण, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण की समीक्षा की गई। पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों के बीच 100 प्रतिशत वितरण का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# मुआवजा के लिये दिये गये आवेदनों का निष्पादित करें : अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी द्वारा प्रभारी कृषि पदाधिकारी, एटीएम व अंचल निरीक्षक तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में ओलावृष्टि से प्रभावित नुकसान फसल का मुवावजा के लिये अंचल क्षेत्र के किसानों से आवेदन प्राप्त किया गया है। जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने प्रभारी कृषि पदाधिकारी, एटीम, अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारियों को निर्देशा देते हुए कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों को आपदा विभाग के निर्देशानुसार सूचीबद्ध ढंग से निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जिसे किसानों को ससमय मुवावजा की राशि मिल सके साथ ही सभी प्राप्त आवेदनों को आपदा प्रबंधन विभाग को सीघ्र अग्रसारित करने का भी निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय सेन्हा व सभी पंचायत भवनों में जनसेवकों द्वारा शिविर आयोजन कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया की ओलावृष्टि से प्रभावित सभी किसानों को सरकार से लाभ मिल सके तथा फसल बीमा कराये हुए सभी किसान 14447 टॉल फ्री नम्बर में कॉल कर मुवावजा के लिये सीधा सम्पर्क करने के लिये अनुरोध किया गया है। मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत,सीआई मोदस्सर हुसैन, एटीएम सुमन कुमार, राजस्व कर्मचारी नितशिखा तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।

# पाकरटांड़ एवं केरसई प्रखंड में संचालित हो सभी विभाग : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल के माध्यम से पाकरटांड़ एवं केरसई प्रखंड में सभी विभागों का संचालन करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि केरसई और पाकरटांड़ के प्रखंड बने 17 वर्ष गुजर गए। लेकिन दोनों ही प्रखंड में अब तक सीएचसी अथवा पीएचसी नहीं बन पाया है। इससे लोगों को प्राथमिक उपचार कराने में भी भारी परेशानी हो रही है। मामूली बीमारी का इलाज कराने के लिए लोग इधर उधर उधर भटकटे रहते हैं। इसके अलावे इन दोनों ही प्रखंड में वन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं खाद्य आपूर्ति विभाग का संचालन नहीं हो पाया है। इस विभाग में किसी तरह का काम पड़ने पर केरसई प्रखंड के लोगों को केरसई एवं पाकरटांड़ प्रखंड के लोगों को सदर प्रखंड जाना पड़ता है। इससे लोगों को भारी परेशानी होती है। विधायक भूषण बाड़ा ने पाकरटांड़ एवं केरसई प्रखंड कार्यालय में ही वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं खाद्य आपूर्ति विभाग का संचालन कराने की मांग की है।

## मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से निश्चित मिलेगी सफलता : मोजम्मिल अहमद




**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखण्ड के सुन्दरु गाँव स्थित न्यु ब्राइट पब्लिक स्कूल सुंदरू में मंगलवार को परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं,इसलिए बच्चों को सभी मां-बाप रोजाना स्कूल भेजें और बच्चे का भविष्य संवारने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। विद्यालय का लक्ष्य होना चाहिए कि हर बच्चा अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन को कमजोर विषयों में सुधार के लिए विशेष मार्गदर्शन योजनाओं पर जोर देते हुए अभिभावकों से बच्चों की शैक्षणिक और व्यक्तिगत प्रगति में सहयोग करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पत्रकार नवाज खान ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी है। सभी बच्चे स्कूल रोजाना आएं यही शुभकामना है। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर शमशेर अंसारी ने कहा कि इसी वर्ष हाई स्कूल का शुभारंभ किया जाएगा।कार्यक्रम में वार्ड सदस्य असलम खान, रोशन ठाकुर, फिरोज अंसारी, फजल खान, झामुमो नेता सफरोज अंसारी, अमीत यादव, अनील उरांव, मोख्तार राय, जहूर राय, जयराम मुण्डा, हफीज खान, अरविंद यादव, ईमरान, वकील खान, शकील, गौवहर, नरेश महली, सलीम अंसारी, प्रिंसिपल नौशाद आलम, इंचार्ज सुरेश उरांव आदि शामिल थे। सभा का संचालन नौशाद अंसारी ने की। कार्यक्रम में सभी अभिभावक एवं सभी शिक्षक मौजूद थे।

## 30 मार्च को नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर सभी प्रखंडो में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नववर्ष विक्रम संवत् को ले कर कुडू प्रखण्ड के जिमा पंचायत व लावागाई पंचायत, भंडरा प्रखण्ड के ग्राम बेदाल, सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम बरही, किस्को प्रखंड के अरेया,सदर प्रखण्ड के अरकोसा व मन्हो में जय श्रीराम समिति की बैठक की गई। आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी मौजूद थे जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा सनातन समाज में परिवर्तन की लहर है पश्चिमी सभ्यता में जकडी हुई संस्कृति को छोड़ सनातन समाज के लोग अपनी संस्कृति को अपना रहे है जिसका असर पूरे भारत में देखने को मिल रहा है इसी का परिणाम है कि सनातन समाज की शक्ति महाकुंभ में देखने को मिला आगे कहा कि इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष विक्रम संवत् में ललित नारायण स्टेडियम से ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें धर्म संस्कृति की झलक नजर आएगी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सनातन की संस्कृति सभ्यता आदिकाल से चली आ रही है इस सभ्यता संस्कृति को जातीयता जैसे जटिल समस्याओं के बंधन में बंधने के बावजूद कोई हिला नहीं पाया। आज भी यह समस्या उत्पन्न होती रहती है परंतु सनातन की संस्कृति सभ्यता और परंपरा को जानने के बाद सनातन की शक्ति दिनों दिन बढ़ रही है और पश्चिमी सभ्यता छोड़ रहे है।

## चित्र व कहानी के माध्यम से छात्र छात्राओं को दिया गया शिक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाटा सिन्नी रिसकोर्स सेंटर में मंगलवार को छात्र छात्राओं को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया। विद्यालय में वार्षिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात टाटा सिन्नी ट्रस्ट द्वारा कन्या मध्य विद्यालय में अध्ययनरत षष्ठ व सप्तम कक्षा के छात्र छात्राओं का पढ़ाई जारी रखने और सामान्य ज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी कराया गया। वही चित्र व कहानी के माध्यम से चित्र देखकर कहानी बनाना तथा दूरदर्शी यंत्र के बारे में टाटा सिन्नी ट्रस्ट के सीमा टोप्पो द्वारा विभिन्न तरह की जानकारी दी गई। जिसे चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा प्राप्ति के लिये काफी उत्सुक नजर आये। मौके पर वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, आशीष राम, आलीशान अली, प्रिया कुमारी, संतोषी कुमारी, रोहित लहेरी, शीतल कुमारी, कुश बैठा, सौरभ राम, आयुष गोप समेत सैकडों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## शिशु विद्या मन्दिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में हुआ अभिभावक बैठक सह वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति,झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु विद्या मन्दिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में अभिभावक बैठक सह वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभिभावक बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भारत माता, सरस्वती माता और सृष्टि का गर्भ स्थल के समक्ष विद्यालय के प्रधानाचाय राजेंद्र साहू, आज के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, मुख्य अतिथि तस्वीर साहु, विशिष्ट अतिथि द्रोपदी देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित, पुष्पार्चन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस बैठक में प्रधानाचार्य के द्वारा अभिभावकों के समक्ष विद्यालय और बच्चों के विकास हेतु विशेष बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जैसे- बच्चों के संस्कार, उनके अनुनाशन, उनका सर्वांगीण विकास, विद्यालय का विकास आदि आदि बिंदुओं पर बिस्तार पूर्वक चर्चा की गई। और प्रधानाचार्य ने बताया कि नए सत्र में इंग्लिश स्पोकन और कंप्यूटर की पढ़ाई होगी।इस बैठक में अभिभावकों से भी कुछ सुझाव लिए गए, उसके पश्चात प्रगति पत्र वितरण किया गया।

## ओलावृष्टि से प्रभावित लोगों को जल्द उचित मुआवज़ा भुगतान किया जाएगा : डॉ. रामेश्वर उराँव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उराँव द्वारा लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत क्रमशः प्रखंड भण्डरा, प्रखंड लोहरदगा, प्रखंड किस्को, प्रखंड कुडु के प्रखंड मुख्यालय का मैराथन दौरा कर कृषकों एवं आमजनों से मुलाक़ात की और ओलावृष्टि से हुए नुक़सान एवं प्रभावित कृषकों से मुलाक़ात किया एवं विभागीय पदाधिकारियों से बैठक कर जल्द कारवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में तेज बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद फसल को हुए नुक़सान का आकलन शुरू किया जा चुका है। फसलों के नुक़सान पर मुआवज़ा राशि का भुगतान विभाग द्वारा जल्द किया जाएगा। साथ ही जिले में गेहूं, सरसों, चना, टमाटर,प्याज, आलू, गोभी, मटर, तरबूज, खीरा सहित अन्य फसल भी ओलावृष्टि के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गये हैं। यहां के किसानों के समक्ष अब आर्थिक संकट पैदा हो गया है। कई किसान ऋण लेकर खेती कर रहे थे लेकिन बारिश के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। भण्डरा प्रखंड में 1,480 लोहरदगा प्रखंड में 36 एवं किस्को प्रखंड में 369 कुरु में 20 आवेदन प्राप्त हुए है जिसपर संवेदनशील रूप से कारवाई की जा रही है। सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करता हूँ जल्द छतिपूर्ति की जाएगी। अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर फसल के नुकसान की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया हुआ है।

## विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार ने बाबूलाल मरांडी सहित प्रदेश नेता को नववर्ष व रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विगत रविवार को मांडर विधानसभा प्रभारी भाजपा के रिपुसूदन साहू, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सेन्हा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता नवल साहू जी के साथ चलकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा तथा भारतीय किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी से उनके आवास तथा कार्यालय में मिलकर 30 मार्च को श्रीराम समिति द्वारा आहुत नववर्ष शोभायात्रा तथा केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में 7 अप्रैल को निकलनेवाली नववर्ष तथा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। जिसमें उपरोक्त सभी भाजपा नेता ने कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आश्वाशन दिया तथा बातचीत के क्रम में उन्होंने हम सभी से यह आशा किया कि लोहरदगा ज़िला में सभी हिन्दू संगठन एक साथ मिलकर सनातन समाज को आगे बढ़ाने तथा मजबूती के लिये काम करेगी। साथ ही साथ बाबूलाल, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा एवं पवन साहू ने अलग अलग विजन के साथ सनातन संगठनों के होने का उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला तथा हम सभी सनातन समाज के लोगों को धर्म के प्रति निःस्वार्थ समर्पित रहने तथा कार्य करने का आह्वाहन किया। उपरोक्त दयित्ववान जनप्रतिनिधियों से मिलकर विहिप् अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि हमे जिस विश्वास के साथ दायित्व मिली है उसपर खरा उतरने का हर प्रयास करेंगे तथा आपने आशीर्वाद स्वरुप जो हमे प्रेरित वाक्य दिये हैं तथा जो आशा जतायी है उसे आत्मिक आलिंगन के साथ सदैव प्रेरणा बनाकर सनातन समाज को आगे बढ़ाने तथा सुरक्षित रखने का शत प्रतिशत कोशिश करूँगा।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने दीप प्रज्वलित कर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का किया उद्घाटन कहा,

## झारखंड सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास कर रही है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर आज मंगलवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पहले हमारे देश में बहुत से ऐसे गरीबों की संख्या काफी अधिक थी जिन्हें राशन नहीं मिलता था। कई परिवारों का नाम खाद्य सुरक्षा योजनाओं में नहीं था। केंद्र सरकार लाल और पीला राशन कार्ड से राशन दे रही थी लेकिन अब तक कई परिवार वंचित थे। वर्तमान सरकार के पिछले कार्यकाल में मैंने बतौर विभागीय मंत्री रहते हुए हरा राशन कार्ड की योजना लायी जिससे छूटे हुए परिवार अच्छादित हुए। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अनाज मिलता है। देश में अधिकतर राज्यों में सिर्फ अनाज दिया जाता है जबकि झारखण्ड में चावल, गेहूं, चना दाल भी दिया जाता है। मैंनें सरकार को प्रति परिवार को सोयाबीन दिये जाने का भी प्रस्ताव दिया है। अगर यह योजना लागू हो जाती है तो प्रत्येक परिवार को चावल/गेहूं,दाल और सोयाबीन के रूप में एक सब्जी मिल सकेगी।

**मात्र दस रूपये में धोती/लुंगी व साड़ी**

एक व्यक्ति को भोजन के साथ-साथ कपड़ों की भी आवश्यकता होती है। हमारी सरकार वर्ष में दो बार प्रति परिवार को धोती/लुंगी व साड़ी उपलब्ध करा रही है। इसके लिए मात्र दस रूपये कार्डधारक से लिया जा रहा है। इतनी कम कीमत पर राज्य सरकार लोगों के तन ढंकने का कार्य कर रही है।

**किसानों को धान अधिप्राप्ति के लिए करें प्रेरित**

अभी सरकार किसानों को 2300 रूपये प्रति क्विंटल और 100 रूपये बोनस के रूप में कुल 2400 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। आप छूटे हुए किसानों को अपना धान लैम्पस में जमा कर इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही वैसे किसानों की भी जांच करें जो असामान्य मात्रा में अपना धान लैम्पस को देते हैं।

**जरूरतमंद लोग राशन कार्ड से अभी भी वंचित : रीना कुमारी**

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि अभी भी कई जरूरतमंद लोगों का राशन कार्ड नहीं बन पाया है। सरकार की ओर से सुविधा दी जा रही है लेकिन लोग वंचित हैं। सभी राशन डीलर ऐसे लोगों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ें। उनकी समस्याओं का समाधान करें।

**रोटी, कपड़ा और मकान जिला प्रशासन की प्राथमिकता में : उप विकास आयुक्त**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। अनाज और धोती/लुंगी व साड़ी आपूर्ति विभाग द्वारा दिया जा रहा है।

चलते चलते एक नजर

## दलितों की तरह पिछड़े वर्ग को भी झेलना पड़ा अपमान : मायावती

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने को अभी काफी समय बचा है। लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने अभी से अपने वोटरों को साधने के लिए चाल चलनी शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी कार्यालय में बैठक की। इसमें बड़ी संख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता शामिल हुए। बैठक में पार्टी के जनाधार बढ़ाने व संगठन की मजबूती के साथ आने वाले चुनावों की रणनीति पर चर्चा की गई। मायावती ने कहा कि दलितों की तरह ही पिछड़े वर्ग के लोगों को भी अपमान झेलना पड़ा है। इस दौरान उन्होंने भाईचारा कमेटी का भी ऐलान किया।बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि दलितों की तरह ही अन्य पिछड़े वर्ग के प्रति केंद्र और राज्य सरकारों के जातिवादी द्वेषपूर्ण, हीन और संकीर्ण रवैये के कारण उनकी हर स्तर पर उपेक्षा, शोषण, तिरस्कार आदि का अपमान झेलना पड़ा है। इससे मुक्ति पाने के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के संघर्ष के अनुरूप बहुजन समाज के सभी अंग को आपसी भाईचारा के आधार पर संगठित होना होगा। बसपा से जुड़े लोग अभियान के तहत गांव-गांव में जाएं। वहां पर लोगों को खासकर भाजपा, कांग्रेस और सपा आदि इन पार्टियों के दलित व अन्य पिछड़े वर्ग विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे के साथ-साथ इनके द्वारा किए गये छलावा के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा।

## युवा कांग्रेस ने किया जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली** : भारतीय युवा कांग्रेस ने नौकरी दो, जंजीरें नहीं की मांग को लेकर मंगलवार को जंतर - मंतर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव नीरज कुंदन की उपस्थित में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं के विशेष सत्र बुलाने की मांग की। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि इस देश का नौजवान रोजी-रोटी के लिए तरस रहा है। पहले माता पिता पढ़ाते हैं फिर बच्चे को विदेश भेजते हैं। वहां पर मौत हो जाने पर लाखों रुपये खर्च कर उसका शव भारत लाना पड़ता है। उन्होंने पिछले दिनों अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों की चर्चा करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका से भारतीय नौजवानों को जंजीरों में जकड़ कर वापस भेजा गया, वह अत्यंत शर्मनाक है। आज 22 करोड़ बच्चे 7 लाख रिक्त पदों के लिए आवेदन करते हैं। देश में 20 लाख पद केंद्र सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों में रिक्त हैं लेकिन भरे नहीं जा रहे हैं। फ्नौकरी दो, जंजीरें नहींफ् की बात कहते हुए उन्होंने मांग की कि बेरोजगारी के मुद्दे पर देश की संसद और विधानसभाओं का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि अमेरिका से भारतीय नागरिकों को जिस अमानवीय तरीके से भारत भेजा गया है। उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीर थी। ये विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। उदय भानु चिब ने कहा कि केंद्र सरकार यह बताए कि वो देश के युवाओं की बेरोजगारी को खत्म करने के लिए क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा सड़कों पर जवाब मांगने के लिए उतरा है। सड़क से लेकर संसद तक युवा कांग्रेस देश के नागरिकों के हक और सम्मान के लिए लड़ती रहेगी। प्रदर्शनकारी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उदय भानु चिब के नेतृत्व में जंतर मंतर से संसद भवन जाने का प्रयास किया लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

# जायंट्स के मेगा मेडिकल कैम्प में एक हजार मरीजों की हुई जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गढ़वा** : जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा एवं सेंटेवीटा अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में आयोजित मेगा मेडिकल कैम्प का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेडिकल कैंप में मानसिक रोग, जनरल सर्जन, कान, नाक, गला, हृदय, हड्डी, स्त्री, शिशु, सामान्य एवं हृदय रोग, शुगर, किडनी, त्वचा आदि रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग एक हजार मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह एवं मुफ्त दवाइयां भी दी गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा की गतिविधियां वास्तव में सामाजिक क्षेत्र में अद्वितीय है। जायन्ट्स सेवा के हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर काम करता है। पिछले तीन चार वर्षो से अधिक हो गया मुझे गढ़वा में। मैं जायन्ट्स के कार्यो से बहुत प्रभावित हूं। सर्जन डॉ आर एस दास ने अपने सम्बोधन में खान-पान में तेल मशाला कम से कम उपयोग करने, बॉयल एवं रेशेदार भोजन में अधिक से अधिक शामिल करने तथा योग व्यायाम करने पर जोर दिया।

जायंट्स के वरिष्ठ सदस्य अलखनाथ पांडेय ने सेवा कार्यो को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद कमलापुरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ ने किया। मौके पर जायन्ट्स वरिष्ठ सदस्य अजयकांत पाठक, विजय केशरी, मदन प्रसाद केसरी, मनोज केशरी सहित सेंटीवीटा हॉस्पिटल के डॉक्टर आर.एस दास के नेतृत्व डॉ अनिल कुमार, डॉ विकाश केशरी, डॉ आशु मल्होत्रा, डॉ विजेता निर्मल, डॉ आमिताभ कुमार, डॉ मोहित नारायण, डॉ सुमन चटर्जी, डॉ अमन केशरी, डॉ प्रीतिश प्रणय एवं डॉ सौम्या विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ यासीन अंसारी, डॉ एनके रजक, डॉ एमपी गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, चंद्रभूषण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## जस्टिस वर्मा की इलाहाबाद में नियुक्ति के खिलाफ अधिवक्ता गए हड़ताल पर, किया प्रदर्शन



एजेंसी

**प्रयागराज** : जस्टिस यशवंत वर्मा की इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्ति के खिलाफ मंगलवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा उबाल पर आ गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता मंगलवार से हड़ताल पर चले गए, वहीं उन्होंने हाईकोर्ट के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया। अधिवक्ता दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद में स्थानांतरित किए जाने का विरोध कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास में आग बुझाते समय बीते दिनों कथित तौर पर तीन बोरियों में भरे नोट मिले थे। इसके बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को लेकर सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की तरफ से एक बैठक हुई थी। कोलेजियम ने जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की संस्तुति की है। उधर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सोमवार को जनरल बॉडी की मीटिंग की थी। इसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अपील की गई थी कि जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद न भेजा जाए। बार एसोसिएशन ने केंद्र सरकार और देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग भी की है।

# नगर निगम सफाई कर्मियों के बीच किया गया उपकरण का वितरण

एजेंसी



**बिहारशरीफ** : बिहारशरीफ नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को आवश्यक उपकरणों का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में महापौर अनीता देवी,उप महापौर आईशा शाहीन एवं सभी सशक्त स्थायी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान उपकरणों में मुख्यतः बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी सफाई कर्मियों, चालकों और वार्ड जमादारों को फुल शर्ट और फुल पेंट वाले रेनकोट दिए गए। सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए गलब्स का भी वितरण किया गया। प्रत्येक वार्ड में 4-4 सफाई कर्मियों तथा विशेष नाला गैंग कर्मियों को गमबूट दिए गए।नगर निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए महापौर अनीता देवी ने कहा कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। उप महापौर आईशा शाहीन ने भी इस पहल को सराहा और कहा कि इस तरह के उपकरणों का वितरण कर्मियों के कामकाज को सुरक्षित और प्रभावी बनाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों ने भी नगर निगम के इस कदम की प्रशंसा की और इसे सफाई कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मुख्यमंत्री ने कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया जन्मदिन


एजेंसी



**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को 60 साल के हो गए हैं। इस अवसर पर मंत्री, विधायक और भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल के गांधी नगर में स्थित कुष्ठ आश्रम में जाकर कुष्ठ रोगियों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। धोती-कुर्ता पहने हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया। उन्होंने अपने हाथों से भोजन परोसा। महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज का दिन कई अर्थो में हम अलग प्रकार से मना रहे हैं। वैसे तो हमारी हर सांस के साथ जन्म का समय है। लेकिन, दिन और साल के हिसाब से आज मेरा जन्मदिन है। मैंने अपने मित्रों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ में महात्मा गांधी कुष्ठ सेवा धाम में कुष्ठ बंधुओं के साथ जन्मदिन मनाया।उन्होंने कहा कि ये बीमारी परमात्मा की न जाने कौन सी लीला है। लेकिन, कष्ट से भागने के बजाय कष्ट से लड़ने के लिए ये कुष्ठ योद्धा के नाते से अपने रोजमर्रा के सारे काम निपटाते हुए अपने आप को भी बचाकर चल रहे हैं। हमारी सरकार का भी दायित्व है कि सरकार हर कष्ट में साथ खड़ी दिखाई दे। ऐसे बंधुओं के बीच आकर एक आत्मीय सुख मिलता है। ये ऐसी लाइलाज बीमारी है। लेकिन, ये जरूरी नहीं कि भविष्य की पीढ़ी भी ऐसी हो। ऐसे कई सारे भ्रम मिटाने की जरूरत है।

# भारत और सिंगापुर ने ग्रीन एंड डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर के लिए हाथ मिलाया

एजेंसी



**नई दिल्ली** : भारत और सिंगापुर ने मंगलवार को ग्रीन डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर के लिए हाथ मिलाया है। इसके लिए दोनों देश ने एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सिंगापुर और भारत ने समुद्री डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन पर सहयोग करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस एलओआई पर सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी तेओ इंग दीह और भारत के बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्लू) के संयुक्त सचिव आर. लक्ष्मणन ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर सिंगापुर के परिवहन मंत्रालय और पर्यावरण मंत्रालय के वरिष्ठ राज्यमंत्री डॉ. एमी खोर और भारत के बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी मौजूद रहे। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण और बंदरगाह, पोत परिवहन मंत्रालय के संयुक्त बयान के अनुसार सिंगापुर-भारत जीडीएससी से दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा तथा शून्य या लगभग शून्य जीएचजी उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों के विकास, इस्तेमाल तथा डिजिटल समाधानों को अपनाने में तेजी लाने में मदद मिलेगी। आशय पत्र के तहत दोनों पक्ष समुद्री डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। इसमें उन प्रासंगिक हितधारकों की पहचान करना शामिल है, जो इस प्रयास में योगदान दे सकते हैं। इसके साथ ही सिंगापुर-भारत जीडीएससी पर समझौता ज्ञापन के जरिए साझेदारी को औपचारिक रूप देने की दिशा में काम करेंगे।इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि समुद्री क्षेत्र के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी सिंगापुर यात्रा से दीर्घकालिक संबंध मजबूत होंगे। व्यापक रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा और व्यापक बनाएगी। सोनेवाल सिंगापुर में 24 से 28 मार्च, 2025 तक आयोजित समुद्री सप्ताह हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें दुनियाभर से 20 हजार प्रतिनिधियों और प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सर्बानंद सोनोवाल सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।

# रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन



एजेंसी

**कोलकाता** : रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के जोड़ासांको कैंपस में छात्रों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। मंगलवार को छात्रों ने अस्थायी कुलपति शुभ्रकमल मुखर्जी के कार्यालय के बाहर ताला जड़ दिया और उनके कक्ष के सामने ही धरना शुरू कर दिया।छात्रों का आरोप है कि कुलपति अपनी मर्जी से विश्वविद्यालय का संचालन कर रहे हैं और छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, विरोध जारी रहेगा।रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के छात्रों में पिछले कुछ दिनों से अस्थायी कुलपति को लेकर आक्रोश था। सोमवार को जोड़ासांको कैंपस में छात्रों ने कुलपति के खिलाफ नारेबाजी शुरू की थी। मंगलवार को विरोध और उग्र हो गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कुलपति के कार्यालय के बाहर ताला जड़ दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर भी छात्रों ने प्रदर्शन किया।छात्रों का आरोप है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने शुभ्रकमल मुखर्जी को अस्थायी कुलपति नियुक्त किया था, लेकिन पद संभालने के बाद से वह मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की किसी भी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, बल्कि सभी के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। सोमवार को जब छात्रों ने विरोध किया, तो कुलपति ने सुरक्षा कर्मियों को छात्रों को बाहर निकालने और गेट पर ताला लगाने का आदेश दिया था। इसके विरोध में मंगलवार को पूरे कैंपस में हंगामा मच गया।

## विपक्ष ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**पटना** : बिहार विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार को शुरू होने से पहले ही विपक्ष के विधायकों ने सरकार के खिलाफ सदन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्ष के विधायक का प्रदर्शन करने का तरीका अलग रहा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद और लेफ्ट के विधायक हरा टीशर्ट पहनकर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे।विपक्ष बिहार में 65 फीसदी आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लगातार मांग उठा रहा है।राजद विधायकों का कहना था कि बिहार में जब महागठबंधन की सरकार थी तब आरक्षण के दायरा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया गया था लेकिन उसे नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है।विपक्ष की मांग है कि सरकार 65 फीसदी आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में जल्द से जल्द शामिल करे। इसके साथ ही साथ अन्य मांगों को लेकर भी विपक्ष ने अपनी बात सरकार के समक्ष रखने की कोशिश की है।

